RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 34 ■ अंक 61 ■ मुंबई, शनिवार 27 सितंबर 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह

**शारदीय नवरात्रि छठवां दिन**

**मां कात्यायनी**



**पूजा मंत्र :**

*कात्यायनी महामाये, महायोगिन्यधीश्वरी।*
*नन्दगोपसुतं देवी, पति मे कुरु ते नम:।।*

पेज-8



**सोनिया गांधी फिलिस्तीन के लिए चिंतित क्यों ?**

पेज-4



**अब बिना किसी भेदभाव विद्यार्थियों को मिलता है छात्रवृत्ति का लाभ : सीएम**

पेज-6



**फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा नहीं है भारत का रिकॉर्ड**

पेज-9

**Short News एक नजर**

### रायपुर के गोदावरी प्लांट में बड़ा हादसा, 6 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सिलतरा चौकी क्षेत्र स्थित गोदावरी प्लांट में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में मेंटेनेंस कार्य के बाद जांच करने पहुंचे कर्मचारियों पर अचानक सिल्ली गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में करीब आधा दर्जन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, कुछ लोगों के मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है।

### तिरुपति लड्डू विवाद में सीबीआई को राहत

**नई दिल्ली।** तिरुमाला तिरुपति लड्डू विवाद में सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को सीबीआई को बड़ी राहत मिली। अदालत ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि देश की प्रमुख जांच एजेंसी के निदेशक ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ काम किया था, क्योंकि उन्होंने विशेष जांच दल (SIT) का औपचारिक हिस्सा न होने वाले अधिकारी को मामले की जांच करने की इजाजत दी थी। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने इस पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कहा, 'अगर एसआईटी किसी विशेष अधिकारी को नियुक्त करना चाहती है तो इसमें क्या गलत है?'

### मद्रास हाईकोर्ट ने विजय को भेजा नोटिस

**चेन्नई।** चेन्नई में मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अभिनेता और तमिलगा वेत्रि कझगम यानी टीवीके के प्रमुख विजय को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस चेन्नई की संस्था 'थोंडई मंडला सांड्रोर धर्म परिपालना सभई' की अपील पर जारी किया गया, जिसने टीवीके के झंडे के उपयोग को चुनौती दी है। संस्था का आरोप है कि विजय की पार्टी का झंडा उनके ट्रेडमार्क और कॉपीराइट का उल्लंघन करता है। थोंडई मंडला सांड्रोर धर्म परिपालना सभई ने यह दावा किया है कि विजय की पार्टी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा झंडा उनके संगठन से मिलता-जुलता है।

### गर्म दूध के बर्तन में बच्ची गिरी, मौत

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के बुक्कारायसमुद्रम गांव स्थित अंबेडकर गुरुकुल स्कूल में रसोई में रखे गर्म दूध में गिरने से 17 महीने की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान अक्षिता के रूप में हुई है। उसकी मां कृष्णवेणी स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करती है। वह अपनी बेटी को स्कूल लेकर आई थी। घटना 20 सितंबर की है। इसका वीडियो अब सामने आया है। CCTV फुटेज में देखा जा सकता है कि बच्ची बिल्ली का पीछा करते हुए रसोई में आती है और दूध के बर्तन से टकराकर उसमें गिर जाती है।

PM मोदी से मिले CM देवेंद्र फडणवीस

# बाढ़ प्रभावितों के लिए मांगी मदद

## गडचिरौली स्टील सिटी, डिफेंस कॉरिडोर पर चर्चा

**● दहिसर भूमि हस्तांतरण को लेकर भी हुई बातचीत**



**प्रधानमंत्री मोदी आएंगे मुंबई**

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि आगामी 8 और 9 अक्टूबर को फिनटेक सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम मोदी मुंबई आने वाले हैं। इस दौरान वे नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और मेट्रो-3 परियोजना का शुभारंभ करेंगे। नवी मुंबई एयरपोर्ट को दिबा पाटिल का नाम दिया गया है।

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनसे राज्य में हाल में हुई भारी बारिश से प्रभावित किसानों की मदद करने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार से ठोस मदद की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि महाराष्ट्र के किसानों के साथ केंद्र सरकार मजबूती से खड़ी रहेगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के साथ महाराष्ट्र में डिफेंस कॉरिडोर, गडचिरोली स्टील सिटी तथा दहिसर में एयरपोर्ट अथॉरिटी की जमीन हस्तांतरण के संबंध में भी चर्चा की।

**तीन डिफेंस कॉरिडोर**

मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के साथ हुई चर्चा में कहा कि रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में महाराष्ट्र मजबूत भागीदारी कर रहा है। राज्य में 10 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री हैं। भारत को लगने वाले कुल हथियारों और गोला-बारूद में से 30% का उत्पादन महाराष्ट्र में होता है। ऐसे में महाराष्ट्र डिफेंस कॉरिडोर के लिए उपयुक्त जगह है। फडणवीस ने पीएम के समक्ष तीन डिफेंस कॉरिडोर के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें पहला कॉरिडोर पुणे-अहिल्यानगर-छत्रपति संभाजी नगर, दूसरा कॉरिडोर अमरावती-वर्धा-नागपुर-सावनेर और तीसरा कॉरिडोर नाशिक-धुले क्षेत्र में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन तीनों कॉरिडोर के माध्यम से राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आएगा और रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। राज्य सरकार इस संदर्भ में पहले ही 60,000 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन कर चुकी है। उन्होंने पीएम से इन कॉरिडोर को मंजूर करने का अनुरोध किया।

दहिसर (पूर्व) में एयरपोर्ट अथारिटी की 58 एकड़ जमीन है। पहले इस जमीन को मेट्रो कार शेड के लिए एमएमआरडीए को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया था, शेष पेज 7 पर

# ट्रंप का एक और टैरिफ बम

## ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100% टैक्स

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा व्यापारिक कदम उठाते हुए ब्रांडेड और पेटेंट वाली फार्मास्यूटिकल दवाओं के आयात पर 1 अक्टूबर, 2025 से 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। यह फैसला भारतीय फार्मा उद्योग के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, क्योंकि यह सेक्टर अमेरिका के साथ व्यापार पर सबसे अधिक निर्भर घरेलू उद्योगों में से एक है। रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर यह ऐलान किया। उन्होंने स्पष्ट कहा, "1 अक्टूबर, 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंटेड फार्मास्यूटिकल उत्पाद पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे, जब तक कि कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा निर्माण संयंत्र स्थापित नहीं कर रही हो।"

ट्रंप ने 'संयंत्र स्थापित करने' की परिभाषा भी स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब 'भूमि पूजन' और/या 'निर्माणधीन' होगा। उन्होंने



आगे कहा, "इसलिए, यदि निर्माण शुरू हो गया है, तो इन फार्मास्यूटिकल उत्पादों पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। इस मामले पर आपके ध्यान देने के लिए धन्यवाद।" ट्रंप की यह घोषणा बताती है कि टैरिफ को लेकर उनका रुझान अगस्त में शुरू किए गए व्यापार ढांचों और आयात करों के साथ खत्म नहीं हुआ है। यह राष्ट्रपति के इस विश्वास को दर्शाता है कि शुल्क संघीय बजट घाटे को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

अपनी नवीनतम टैरिफ नीति में, ट्रंप ने केवल दवाओं तक ही खुद को सीमित नहीं रखा है। उन्होंने किचन कैबिनेटरी और बाथरूम वैनिटी के आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क, अपहोल्स्टर्ड फर्नीचर (गद्देदार फर्नीचर) पर 30 प्रतिशत और भारी ट्रकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का भी ऐलान किया है। हालांकि ट्रंप ने इन शुल्कों के लिए कोई कानूनी आधार प्रदान नहीं किया, लेकिन उन्होंने कमांडर-इन-चीफ के रूप में अपनी भूमिका का दायरा बढ़ाते हुए कहा कि यह शुल्क "राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य कारणों से" आवश्यक हैं।

**भारत पर क्या होगा असर?**

भारत के फार्मास्यूटिकल सामानों के लिए अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। फार्मास्यूटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में भारत के कुल $27.9 बिलियन (लगभग 2,33,353 करोड़) के फार्मा निर्यात में से 31 प्रतिशत, यानी $8.7 बिलियन (लगभग77,138 करोड़), अमेरिका को भेजे गए थे। इसके अलावा, 2025 की पहली छमाही में ही $3.7 बिलियन (लगभग 32,505 करोड़) मूल्य के फार्मा उत्पादों का निर्यात किया जा चुका है।

## 'झूठ बोल रहे हैं NATO प्रमुख'



पीएम मोदी को लेकर किये दावे को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ऐसे फैसले ले रहे जिसे लेकर हर कोई सवाल उठ रहा। पहले उन्होंने भारत पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाया फिर रूस से तेल खरीदने को लेकर 25 फीसदी का एक्स्ट्रा टैरिफ ऐड कर दिया। इसके बाद H-1B वीजा की सालाना फीस में इजाफा किया गया। मामला इतना भर नहीं अब ट्रंप ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए दवाइयों के आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। सवाल ये कि आखिर ट्रंप भारत से इतना नाराज क्यों हैं? ट्रंप ही नहीं रूस से तेल खरीदे जाने को लेकर अब नाटो चीफ ने भी भारत के संदर्भ में चौंकाने वाला दावा कर दिया। उन्होंने क्या कहा वो आगे बताते हैं लेकिन इससे सवाल ये उठ रहा कि क्या पश्चिमी देश भारत को धमकाने की कोशिश कर रहे। पूरा विवाद उस समय शुरू हुआ जब यूएस राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष को रोकने में उन्होंने अहम रोल निभाया। उनके कई बार ये दावा किए जाने बावजूद भारत लगातार इसे सिरे नकारता रहा है। इसी बात से नाराज ट्रंप ने पहले भारत पर 25 फीसदी का टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया।

# NSA के तहत सोनम वांगचुक गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**
**लेह**





लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम उन्हें लेकर उनके घर जा रही है।

स्थानीय संगठनों और वांगचुक समर्थकों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के तहत विशेष संरक्षण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। आंदोलन के तेज़ होने के साथ ही प्रशासन ने एहतियातन कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी है।

उमर अब्दुल्ला ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को दुर्भागपूर्ण बताया। केंद्र द्वारा किए गए वादों पर उठाए सवाल। सूत्रों के अनुसार, सोनम वांगचुक को शाम 2:30 बजे लद्दाख पुलिस प्रमुख एस.डी. सिंह जम्वाल के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन पर लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।

गृह मंत्रालय ने इस हिंसा के लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है। वांगचुक, जो लेह एपेक्स बॉडी के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं, कर्गिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग को लेकर पिछले पांच वर्षों से आंदोलन चला रहे हैं।

# चैतन्यानंद को नहीं मिली अग्रिम जमानत

**धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश का मामला**

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के एक मामले में स्वयंभू धर्मगुरु चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि मौजूदा मामले की जांच अभी शुरुआती चरण में है। जांच अधिकारी (आईओ) को धोखाधड़ी, ठगी, साजिश और धन के दुरुपयोग की पूरी श्रृंखला का पता लगाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ की जरूरत है। आईओ के अनुसार, आरोपी अपने दिए गए पते पर मौजूद नहीं है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। न्यायाधीश ने आगे कहा कि आरोपों की गंभीरता और अपराध की गंभीरता को देखते हुए यह न्यायालय आरोपी को अग्रिम जमानत देने के पक्ष में नहीं है। इसलिए, वर्तमान जमानत याचिका खारिज की जाती है।

# बरेली में जुमे की नमाज के बाद बवाल

## मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ के बाद पथराव, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**महानगर नेटवर्क**
**बरेली**



यूपी के बरेली में शुक्रवार को बवाल हो गया। जुमे की नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग आई लव मोहम्मद लिखी तख्तियां ओर पोस्टर लेकर सड़कों पर निकल पड़े और नारेबाजी करते हुए इस्लामिया ग्राउंड व खलील स्कूल चौक की ओर बढ़े। जैसे ही भीड़ इन इलाकों में पहुंची, माहौल गर्मा गया। पुलिस ने भीड़ को रोकने की कोशिश की लेकिन लोग बेकाबू हो गए। इसी बीच किसी ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद स्थिति और बिगड़ गई। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए भीड़ पर लाठीचार्ज कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शुक्रवार को नमाज खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करते हुए खलील तिराहा पहुंचे। जब इन लोगों ने इस्लामिया की ओर जाने का प्रयास किया, तो मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। पुलिस के रोकने पर भीड़ हिंसक हो गई और उन्होंने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान उपद्रवियों ने कम से कम दो मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ की और एक दुकान को भी निशाना बनाया।

**आई लव मोहम्मद को लेकर पूरे यूपी में अलर्ट**

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बढ़ते तनाव को देखते हुए पूरे प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। सभी जिलों में पुलिस टीम अपने क्षेत्र में गश्त कर रही हैं। कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए तमाम जरूरी कदम उठाए गए हैं। शुक्रवार सुबह से जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया, जिससे जिले में कानून व्यवस्था कायम रह सके। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस और मजिस्ट्रेट लगातार निगरानी कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी कर रही है।

# सूर्या पर ICC का कड़ा एक्शन, भारी जुर्माना

**फैसले को BCCI ने दी चुनौती**

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईसीसी के इस फैसले को हालांकि भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) ने चैलेंज किया है। एशिया कप 2025 में सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप मैच में मिली जीत पहलगाम हमले के पीड़ितों और भारतीय सेना को समर्पित की थी। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था, जिसने पाकिस्तान में मौजूद आंतकी ढाचे को बड़े पैमाने पर खत्म किया।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने सूर्यकुमार यादव के बयान को राजनीति से प्रेरित बताया और आईसीसी में शिकायत की थी। हालांकि भारतीय कप्तान ये बयान फैन्स की भावनाओं को ध्यान में रखकर दिया था। इसे लेकर पाकिस्तानी टीम ने जानबूझकर भ्रम फैलाया। उधर पीसीबी ने ये भी शिकायत दर्ज कराया कि सूर्यकुमार यादव ने हैंडशेक नहीं करके खेल भावना का उल्लंघन किया।

## वाराणसी कोर्ट में राहुल पर चलेगा केस


**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। अब उनके खिलाफ सिखों पर टिप्पणी मामले में वाराणसी कोर्ट में मुकदमा चलेगा। दरअसल, पिछले साल अमेरिका दौरे पर राहुल गांधी ने कहा था- लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी और कड़ा पहनने का अधिकार है। राहुल के इस बयान के खिलाफ नागेश्वर मिश्रा ने वाराणसी की मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद उन्होंने MP/MLA कोर्ट में दोबारा याचिका दायर की, जिसे 21 जुलाई, 2025 को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। MP/MLA कोर्ट के फैसले के खिलाफ राहुल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 3 सितंबर को बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# 38 भारतीय बैंकों का डेटा लीक होने की आशंका

## दावा-लेनदेन के लाखों रिकॉर्ड ऑनलाइन हो गए उजागर

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत से जुड़ा एक बड़ा डेटा इंटरनेट पर लीक होने की खबर है। जानकारों के अनुसार भारतीय बैंकों के लाखों बैंक ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड इंटरनेट पर उजागर हो गए। यह डेटा एक असुरक्षित अमेजन S3 क्लाउड सर्वर से लीक हुआ। लीक डेटा में खाताधारकों के नाम, बैंक अकाउंट नंबर, ट्रांजैक्शन राशि और संपर्क जानकारी जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल थीं। साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने यह दावा किया है। साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने अगस्त के अंत में इस डेटा लीक का पता लगाया।



उनके रिसर्चर्स को अमेजन-होस्टेड स्टोरेज सर्वर पर लगभग 2 लाख 73 हजार पीडीएफ फाइलें मिलीं। रिसर्चर्स के अनुसार लीक डेटा में भारतीय ग्राहकों के बैंक ट्रांसफर रिकॉर्ड शामिल थे। इन फाइलों में से ज्यादातर NACH (नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस) से जुड़ी थीं। एनएसीएच एक केंद्रीकृत सिस्टम है, जिसका इस्तेमाल बैंक बड़े पैमाने पर होने वाले सैलरी ट्रांसफर, लोन रीपेमेंट और बिजली-पानी के बिल जैसे नियमित भुगतानों के लिए करते हैं।

अपगॉर्ड के अनुसार यह डेटा कम से कम 38 बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुड़ा थे। सबसे ज्यादा दस्तावेजों में ए फाइनेंस (Aye Finance) का नाम आया। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) का नाम भी कई दस्तावेजों में मौजूद था। इस लीक की जानकारी ए फाइनेंस, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) और अन्य संबंधित संस्थानों को दी गई थी। लेकिन शुरुआती सितंबर तक यह डेटा इंटरनेट पर खुला रहा और रोजाना नई फाइलें भी जुड़ती रहीं। इसके बाद CERT-In को सूचित किया गया और सर्वर को सुरक्षित किया गया। हालांकि, अब तक किसी भी संस्था ने इस लापरवाही की जिम्मेदारी लेने से साफ इंकार किया है। एनपीसीआई ने कहा है कि उनका सिस्टम सुरक्षित है और कोई डेटा लीक नहीं हुआ। ए फाइनेंस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया।

# यमन की राजधानी में इजराइल का बड़ा हवाई हमला

## चार बच्चे समेत नौ की मौत, कई लोग घायल

**महानगर नेटवर्क**
**सना**

यमन की राजधानी सना में इजराइल के भयावह हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को इस बात की जानकारी यमन के हूथी विद्रोहियों ने दी। यह हमला गुरुवार को हुआ था, जो इजराइल और ईरान समर्थित हूथियों के बीच गाजा युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव का हिस्सा है। इससे पहले गुरुवार को हूथियों द्वारा दक्षिणी इजराइल



के ईलात शहर में ड्रोन हमला किया गया था, जिसमें 22 लोग घायल हुए थे, जिसके जवाब में इजराइल ने ये हमला किया। मामले में हूथी नियंत्रित क्षेत्र की स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 बुजुर्ग घायल हुए हैं। राहत कर्मी मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं, इसलिए मौतों की संख्या बढ़ सकती है। इजराइली सेना ने कहा कि उन्होंने सना में हूथी सैन्य कमांड सेंटर, कैंप और सुरक्षा केंद्रों को निशाना बनाया। वहीं हूथी प्रवक्ता ने दावा किया कि इजराइली हमले ने आवासीय इलाकों और बिजली सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन उनकी सुरक्षा प्रणालियों ने हमला रोकने में मदद की।

## आर्यन खान की वेब सीरीज के खिलाफ HC पहुंचे वानखेड़े को झटका

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय राजस्व सेवा (IRS) के अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा दायर मानहानि के एक मुकदमे पर विचार करने से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिका पर विचार करने के कारणों पर भी सवाल उठाया है और पूछा कि जब मामला मुंबई का है तो दिल्ली में उसकी सुनवाई क्यों हो? जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने याचिकाकर्ता समीर वानखेड़े से पूछा कि उनका मुकदमा दिल्ली में किस आधार पर विचारणीय है और क्या वाद का कारण राष्ट्रीय राजधानी में उत्पन्न हुआ है? दरअसल, IRS अधिकारी एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेड़े ने अभिनेता शाहरुख खान और गौरी खान के स्वामित्व वाली कंपनी 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' और 'नेटफ्लिक्स' के खिलाफ गुरुवार को एक मानहानि का मुकदमा दायर किया था।



## आपदा प्रभावित किसानों के लिए मदद की मांग, शाह को सौंपा ज्ञापन

**मुंबई।** राज्य में हुई अतिवृष्टि और बाढ़ से किसानों को हुए भारी नुकसान के संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उपस्थित थे। बता दें कि गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुंबई आए थे। ज्ञापन के माध्यम से महाराष्ट्र के प्राकृतिक आपदा प्रभावित किसानों को एनडीआरएफ से पर्याप्त सहायता देने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों को एनडीआरएफ से सहायता मिले, इसके लिए केंद्र सरकार को विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र ही भेजा जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि प्राकृतिक आपदा ने कृषि भूमि को अप्रत्याशित नुकसान पहुंचाया है और राज्य भर के लाखों किसानों की आजीविका को बुरी तरह से प्रभावित किया है। महाराष्ट्र के 31 से अधिक जिले भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। लगातार भारी बारिश के कारण बड़े इलाके में फसलों को नुकसान हुआ है। यह हमारे कृषक समुदाय के लिए बडी चिंता का विषय है। हमने फसल हानि से प्रभावित इन किसानों को तत्काल राहत प्रदान करने हेतु राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष एसडीआरएफ से 2215 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की है।

# एसटी डिपो को लीज पर देने का टेंडर अगले माह

- एसटी महामंडल के पास कुल 13 हजार एकड़ की लैंड बैंक उपलब्ध

## परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया "होमथान 2025" का उद्घाटन

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि एसटी के विभिन्न बस डिपो को दीर्घकालीन 98 वर्षों की लीज (49 वर्ष + अतिरिक्त 49 वर्ष का विस्तार) पर देने का टेंडर अगले माह जारी किया जाएगा। वे मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में नारेडको महाराष्ट्र की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय मेगा प्रॉपर्टी प्रदर्शनी 'होमथॉन 2025' के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। सरनाईक ने कहा कि एसटी महामंडल के पास मुंबई के कुर्ला, बोरीवली और राज्य के अन्य शहरों में मिलाकर 13,000 एकड़ से अधिक की कीमती जमीन है। इन जमीनों और बस डिपो को विकसित करने के लिए सरकार ने निर्णय लिया है कि अब ये बस डिपो 30 वर्षों की बजाय 98 वर्षों की दीर्घकालीन लीज पर दिए जाएंगे। एसटी बस डिपो को गुजरात की तर्ज पर बस पोर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने राज्य के रियल एस्टेट डेवलपर्स से इस विकास योजना में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पॉड टैक्सी जल्द




ही बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में शुरू होगी और उसका विस्तार मीरा-भायंदर और ठाणे सहित मुंबई महानगर क्षेत्र तक होगा।
प्रसिद्ध अभिनेता और रग्बी इंडिया अध्यक्ष राहुल बोस 'होमथॉन प्रॉपर्टी एक्सपो 2025' के विशेष अतिथि थे। उन्होंने डेवलपर्स से आव्हान किया कि वे जरूरतमंदों के लिए कम कीमत के मकान उपलब्ध कराएं और सभी आय वर्गों के लिए सुविधाजनक सामुदायिक स्थान विकसित करें, ताकि मुंबई जैसे चुनौतीपूर्ण शहरी वातावरण में सुखद जीवन संभव हो सके।

### अवैध ऐप-आधारित टैक्सी, रिक्शा और वाहनों पर कार्रवाई

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में 263 अवैध रूप से यात्री ढोने वाले वाहनों पर कुल 3.88 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके लिए परिवहन विभाग और मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण ने विशेष अभियान चलाया है। मंत्री ने कहा कि सरकार के निर्णयानुसार ऐप-बेस वाहन चलाने के लिए चालकों के पास वैध लाइसेंस होना चाहिए, साथ ही यात्रियों से वसूले गए किराए का 80 प्रतिशत हिस्सा चालक को देना अनिवार्य है। यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक या कम किराया लेना प्रतिबंधित है।

# चुनाव से पहले एक्शन

- ठाणे मनपा चुनाव से पहले 165 करोड़ की निधि मंजूर
- रुके कामों को मिलेगी रफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

कोरोना महामारी के बाद से आर्थिक संकट से जूझ रही ठाणे महानगरपालिका को राज्य सरकार ने बड़ा सहारा दिया है। आगामी मनपा चुनावों को देखते हुए सरकार ने रुके हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए 165 करोड़ रुपये की निधि स्वीकृत की है। इससे सत्तारूढ़ शिंदे सेना और भाजपा को भूमिपूजन और उद्घाटन के जरिए चुनावी बढ़त हासिल करने का मौका मिलेगा।
मनपा पर पहले किए गए विकास कार्यों के कारण 4,000 करोड़ रुपये की देनदारी खड़ी हो गई थी। इसी वजह से ठेकेदारों के बिल रोके गए थे। इस बीच, मुख्यमंत्री से उपमुख्यमंत्री बने एकनाथ शिंदे ने नगर विकास विभाग के माध्यम से मनपा को सहारा देते हुए अब तक 914 करोड़ रुपये का विकास अनुदान दिलाया। इससे सड़कों के कंक्रीटीकरण, रंग-रोगन, गडकरी रंगायतन और कलवा अस्पताल के जीर्णोद्धार, दिवा में अस्पताल हेतु भूमि



अधिग्रहण सहित कई कामों को गति मिली। खाली खजाने की भरपाई के लिए मनपा ने ऋण भी लिया। अब तक 213 करोड़ रुपये का कर्ज़ लेकर ठेकेदारों का बकाया चुकाया, जिससे देनदारी घटकर लगभग 500 करोड़ रुपये रह गई है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने नए प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए 165 करोड़ रुपये का कोष और स्वीकृत किया है। इस निधि से डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह का नवीनीकरण, 25 स्कूल भवनों का सुदृढ़ीकरण, 35 सार्वजनिक शौचालयों का जीर्णोद्धार, पशुपालन विभाग के भवन निर्माण, करोड़ी भूमिपुत्र मैदान में 50 खेल परिसरों का विकास और कलवा में 40 थियेटरों का निर्माण किया जाएगा।

## बच्चों को आईएएस-आईपीएस तैयारी की मिलेगी सुविधा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**मुंबई।** मुलुंड में बच्चों को आईएएस, आईपीएस और आईआरएस परीक्षा की तैयारी हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे बच्चे देश का भविष्य बन सके। बता दें कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और उनके करियर निर्माण के उद्देश्य से पूर्व सांसद मनोज कोटक के मार्गदर्शन में संचालित युवक प्रेरणा फाउंडेशन तथा प्रख्यात करियर काउंसलर ब्रज पटेल के मार्गदर्शन में कार्यरत महर्षि दयानंद फाउंडेशन आई.ए.एस. अकादमी" के संयुक्त उपक्रम से स्थापित 'विवेक प्रेरणा अभ्यासिका' शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। बी. एम.सी. मार्केट बिल्डिंग में बनी अभ्यासिका का उद्घाटन महाराष्ट्र भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण तथा चाणक्य मंडल परिवार के संस्थापक, सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी अविनाश धर्माधिकारी के शुभहस्तों से किया गया। इस अवसर पर विधायक मिहिर कोटेचा, टी-वार्ड की सहायक आयुक्त योगिता कोल्हे, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी, सामाजिक कार्यकर्ता, एवं अन्य गणमान्य अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस वाचनालय में विद्यार्थियों के लिए वर्तमान में दस हज़ार से अधिक पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध है। साथ ही विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आई.क्यू. व अभिक्षमता परीक्षण, करियर काउंसलिंग, तथा देश-विदेश की विभिन्न स्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन और कोचिंग सुविधाएँ भी प्रदान की गई हैं। यहाँ विशेष रूप से आई.ए.एस., आई.पी.एस., आई.एफ.एस., आई.आर.एस. डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एस.पी., तहसीलदार), बैंकिंग (आई.बी.पी.एस., आर.बी.आई., एस.बी.आई., सेबी), रेलवे व डिफेंस (एन.डी.ए., सी.डी.एस., टी.ए.), साथ ही नीट, आई.आई.टी.-जे.ई.ई., सी.ए., सी.एस., एम.बी.ए., एल.एल.बी., जीमैट आदि परीक्षाओं हेतु आवश्यक पुस्तकें और कोचिंग सुविधा विद्यार्थियों को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध होंगी।
इस संस्था का मुख्य उद्देश्य यह है कि मध्यमवर्गीय परिवारों के होनहार विद्यार्थियों को महंगी फीस भरने की बाध्यता न रहे और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन तथा आवश्यक अध्ययन सामग्री निः शुल्क उपलब्ध हो। इस संदर्भ में पूर्व सांसद मनोज कोटक ने कहा कि "आज के समय में शिक्षा के व्यापारीकरण के कारण अनेक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के सपने अधूरे छोड़ने पड़ते हैं।

## दक्षिण मुंबई में सुशोभीकरण कामों की होगी जांच

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में हुए सुशोभीकरण कामों की जांच करने का निर्णय मनपा प्रशासन ने लिया है। मनपा ने यह निर्णय सूचना अधिकार कार्यकर्ताओं की शिकायत के बाद उठाया गया है। बता दें कि मनपा के विजिलेंस विभाग ने इस मामले में ए विभाग को पत्र भेजकर पिछले दो वर्षों में किए गए विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित सभी दस्तावेज मंगाए हैं। चर्चगेट और कुलाबा क्षेत्रों में पिछले दो-तीन वर्षों में किए गए सुशोभीकरण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप सूचना अधिकार कार्यकर्ता संतोष दौंडकर ने लगाए हैं। उन्होंने मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, शहर विभाग के अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर इस भ्रष्टाचार की जांच की मांग की थी। दौंडकर का आरोप है कि कुछ स्थानों पर कार्य वास्तव में नहीं किए गए फिर भी उन्हें पूरा दिखाकर ठेकेदारों को भुगतान किया गया। इसके अलावा करोड़ों रुपये के निधि में मनपा अधिकारियों द्वारा मिलीभगत से भ्रष्टाचार किए जाने का भी आरोप है। मनपा विजिलेंस विभाग ने ए वार्ड से पिछले दो वर्षों के विकास कार्यों का वार्षिक विवरण और सभी संबंधित आदेशों सहित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। पहले अगस्त में ही दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन गणेशोत्सव के बाद ही दस्तावेज भेजे जाने की जानकारी ए विभाग ने दी थी। अब तक दस्तावेज प्रस्तुत न होने पर विजिलेंस विभाग ने दो दिन पहले ए विभाग को फिर से स्मरण पत्र भेजकर सभी दस्तावेज तुरंत जमा करने के आदेश दिए हैं।

## शिक्षा का मंदिर बना कचरा गाड़ियों का अड्डा, बच्चों के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा



**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**

भिवंडी शहर में आए दिन अजीबोगरीब कारनामें सामने आते रहते हैं। इसी कड़ी में अब नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही एक बार फिर चर्चा का विषय बनी हुई है। शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले स्कूलों का खेल मैदान इन दिनों कचरा ढुलाई करने वाले वाहनों की पार्किंग में तब्दील हो गया है।
गौरतलब हो कि नगर पालिका स्कूल क्रमांक 23, 59, 61 (तेलुगु माध्यम), 36 (हिन्दी माध्यम) और 55 (मराठी माध्यम) पद्मानगर स्कूल के प्ले ग्राउंड पर निजी ठेकेदार के कचरा ढुलाई वाहन खुलेआम खड़े किए जाते हैं। यही नहीं, इन गाड़ियों से उठने वाली दुर्गंध के बीच पहली से सातवीं कक्षा तक के मासूम बच्चे खेलते और पढ़ाई करते हैं, स्थानीय लोगों का कहना है कि इन गाड़ियों से फैलने वाली गंध न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि यहां पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए भी गंभीर समस्या बन चुकी है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन इस मामले को लेकर पूरी तरह मौन है। गौर करने वाली बात यह है कि इसी स्कूल के प्ले ग्राउंड पर प्रभाग समिति क्रमांक तीन का सहायक आयुक्त कार्यालय भी स्थित है। कार्यालय के नजदीक होने के बावजूद संबंधित ठेकेदार पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। शहरवासियों और अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा का माहौल दूषित करने वाली इस व्यवस्था पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

## ठाणे जिले में 39 पर्यटन स्थलों का होगा विकास

### रोजगार और डिजिटल सेवाओं पर जोर

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

जिले के समग्र विकास के लिए ठाणे जिला कलेक्टर श्रीकृष्ण पांचाल ने 39 पर्यटन स्थलों के विकास सहित सड़क सुरक्षा, खेल, कृषि प्रसंस्करण उद्योग, डिजिटल सेवाओं और ग्रामीण-शहरी विकास पर केंद्रित अभिनव योजनाओं की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि कल्याण के मलंगगढ़ फनिक्युलर रेलवे का 18 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और जल्द ही यात्री सेवा शुरू होगी। मालशेज घाट पर स्काई बैंक प्रकल्प, कडू कैटरफॉल पर ग्लास ब्रिज और अन्य सुविधाओं के साथ मौली किला, तानसा, पलासगढ़ और येउर में भी पर्यटन परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी।
कलवा में खेल परिसर के लिए जगह आवंटित कर दी गई है, जिसमें भारोत्तोलन, टेबल टेनिस, योग, जिम, मुक्केबाजी और जिम्नास्टिक की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कृषि क्षेत्र में एक एकड़ भूमि पर सूरन की खेती से किसानों को लगभग तीन लाख रुपये तक का उत्पादन मिलेगा और जिले में 100 एकड़ पर सूरन जगवाड़ी अभियान चलाने का लक्ष्य रखा गया है। डिजिटल सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए 'आपले सरकार' केंद्रों की दक्षता बढ़ाई जाएगी और शिक्षा क्षेत्र में 100 से अधिक स्कूल विकसित किए जाएंगे।
सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घोड़बंदर, भिवंडी और शहापुर मार्गों पर यातायात नियोजन, नई सर्विस लेन, मेट्रो अंडरपास का रखरखाव और सड़क सुरक्षा सलाहकार नियुक्त करने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही सड़कों का निरीक्षण ड्रोन और जियो टेक्नोलॉजी से किया जाएगा और कम लागत पर एम्बुलेंस सेवाएं बढ़ाने का भी प्रस्ताव रखा गया है।

## नालासोपारा में सफाईकर्मी पर एफआईआर

**महानगर संवाददाता**
**नालासोपारा**

वसई-विरार शहर महानगरपालिका के एक सफाई कर्मचारी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और एक सहायक आयुक्त पर हमला करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी गणेश पाटिल पर सहायक आयुक्त जितेंद्र नाइक को धमकाने, धक्का-मुक्की करने और गाली-गलौज करने का आरोप है, जब नाइक एक सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हटाने गए थे। यह घटना तब हुई जब वसई-विरार शहर महानगरपालिका के प्रभाग समिति 'डी' के प्रभारी सहायक आयुक्त जितेंद्र नाइक आचोले गांव में श्मशान भूमि के पास एक सरकारी जमीन का निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने पाया कि महानगरपालिका का ही एक सफाई कर्मचारी, गणेश पाटिल, उस सरकारी जमीन पर

**सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप**




अवैध रूप से एक शेड बना रहा था। सहायक आयुक्त नाइक ने पाटिल को समझाया कि सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना गैरकानूनी है। उन्होंने पाटिल को तुरंत शेड हटाने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि यदि वह ऐसा नहीं करता है, तो महापालिका की जेसीबी मशीन से इसे हटा दिया जाएगा। बताया गया है कि इस चेतावनी के जवाब में, गणेश पाटिल ने आक्रामक रुख अपना लिया। उसने सहायक आयुक्त नाइक पर झपटते हुए उनके साथ धक्का-मुक्की की और उन्हें अश्लील गालियां दीं। उसने खुले तौर पर नाइक को धमकी दी, "मैं देखता हूँ कि तेरी नौकरी कैसे जाती है!" यह कृत्य साफ तौर पर एक सरकारी अधिकारी को उनके कर्तव्य से जबरन रोकने और डराने के इरादे से किया गया था। इस मामले को देखते हुए, सहायक आयुक्त ने तुरंत घटना की रिपोर्ट आचोले पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई। आचोले पुलिस ने आरोपी गणेश पाटिल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (सरकारी कर्मचारी को उनके कर्तव्यों से बलपूर्वक रोकना) और 504 (जानबूझकर अपमान कर शांति भंग करने का प्रयास) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## जेल में बंद कैदियों को कोर्ट ले जाते समय पुलिस पर हमला

### आकाश वाल्मीकि और सहयोगी गिरफ्तार

**कल्याण।** महात्मा फुले चौक पुलिस ने कल्याण के जेल में बंद कैदियों को न्यायालय में ले जाते समय पुलिस पर हमला करने के आरोप में आकाश वाल्मीकि और उनके तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, कल्याण न्यायालय में ले जाते समय आरोपियों और पुलिस के बीच बैठने को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस नाइक किशोर नवनाथ पेटारे पर हमला करने लगे और उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की। जब अन्य पुलिसकर्मी उन्हें रोकने आए, तो आकाश वाल्मीकि के सहयोगी गणेश उर्फ शालू धरमवीर मरोठिया, योगिदर उर्फ भोलू धरमवीर मरोठिया और विवेक शंकर यादव ने भी पुलिस पर हमला कर दिया। महात्मा फुले चौक पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 132, 121, 115(2), 352 और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप से 28 लाख की ठगी




**महानगर संवाददाता**
**भायंदर**

भायंदर पश्चिम के उत्तन परिसर की एक महिला से फर्जी ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से लगभग 28,10,593/- की ठगी का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जालसाजों ने शिकायतकर्ता महिला को ऊंचे मुनाफे का झांसा देकर शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए उकसाया। शुरूआत में ऐप पर नकली लाभ और बैलेंस दिखाकर उसका विश्वास जीता गया और अलग-अलग चरणों में बड़ी रकम जमा कराई गई। देखते ही देखते महिला से कुल मिलाकर 28 लाख 10 हजार से अधिक की रकम हड़प ली गई। जब शिकायतकर्ता को रकम वापस नहीं मिली, तो उसने सायबर पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रभारी अधिकारी सायबर पुलिस ठाणे, पुलिस निरीक्षक सुजितकुमार गुंजकर और उनकी टीम ने तत्परता से कार्रवाई की। टीम ने विभिन्न बैंकों से पत्राचार कर ट्रांजेक्शन रुका दिए और न्यायालय के आदेश से शिकायतकर्ता महिला के बैंक खाते में पूरी रकम सफलतापूर्वक वापस दिलाई। सायबर पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात या संदिग्ध ऑनलाइन ऐप के जरिए निवेश करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच और पुष्टि अवश्य करें।

## शहाड पुल पर गड्ढे से बुजुर्ग महिला घायल, मनसे ने दी चेतावनी

**महानगर संवाददाता**
**कल्याण**

कल्याण के शहाड पुल की जर्जर हालत एक बार फिर हादसे का कारण बनी। बुधवार देर शाम एक महिला अपनी एक्टिवा पर बुजुर्ग महिला को लेकर पुल से गुजर रही थी। तभी अचानक वाहन का पहिया पुल पर बने बड़े गड्ढे में फंस गया। संतुलन बिगड़ने से पीछे बैठी बुजुर्ग महिला सड़क पर जा गिरी और घायल हो गई। बारिश कीचड़ से उनके कपड़े पूरी तरह भीग गए और ठंड के कारण वह कांपती रहीं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने उन्हें संभालकर सड़क किनारे बैठाया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले विधायक कुमार आयलानी ने पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक



विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर पुल की मरम्मत सोमवार से शुरू होने का आश्वासन दिलवाया था। लेकिन तय समय बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। इसी लापरवाही के चलते बुधवार को यह हादसा हुआ। इधर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## मीरा-भायंदर कांग्रेस कमेटी के नए प्रवक्ता की नियुक्ति

**महानगर संवाददाता**
**मीरारोड**

मीरा-भायंदर कांग्रेस कमेटी द्वारा दीपक बृजमोहन बागड़ी को मीरा-भायंदर कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुज़फ्फर हुसैन तथा जिला अध्यक्ष प्रमोद सामंत द्वारा, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मीरा-भायंदर प्रभारी अशोक गर्ग की उपस्थिति में दीपक बागड़ी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर दीपक बागड़ी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करेंगे तथा कांग्रेस पार्टी के मूल्यों को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 23.09.2025

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 08.10.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क./ सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 213/176437 | लोक निर्माण विभाग, मोहला-मानपुर-अं. चौकी संभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 46.00 |
| 214/176438 | उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 60.00 |
| 215/176441 | उपसंभाग बोड़ला के अंतर्गत चिल्फी, भोरमदेव सेक्शन कुल 16 मार्गों एवं बोड़ला दलदली पोंडी सेक्शन कुल 9 मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 141.00 |
| 216/176442 | लोक निर्माण विभाग, राजनांदगांव संभाग के अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों का लघु मूल गौण कार्य | 80.00 |
| 217/176443 | लोक निर्माण विभाग, राजनांदगांव संभाग के अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों का लघु मूल गौण कार्य | 80.00 |

**टीप**
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई. टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

हस्ता/-
अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष 0788-2210876

G-252603806/3


## चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच रविवार को जंबो ब्लॉक

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

ट्रैक, सिगनलिंग और ओवरहेड उपस्करों के रखरखाव हेतु चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल (लोकल) स्टेशनों के बीच रविवार, 28 सितम्बर, 2025 को अप एवं डाउन धीमी लाइनों पर 10:35 बजे से 15:35 बजे तक पाँच घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान अप एवं डाउन धीमी लाइन की सभी ट्रेनों को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल (लोकल) स्टेशनों के बीच फास्ट



लाइनों पर चलाया जाएगा। इस कारण से ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी तथा चर्चगेट की कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/रीवर्स किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त व्यवस्था को ध्यान में रखकर यात्रा करें।

## शिकलकर गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार 39.53 लाख का माल बरामद

**ठाणे।** ठाणे अपराध शाखा यूनिट-03 कल्याण ने घरों में सेंधमारी कर चोरी करने वाले कुख्यात शिकलकर गैंग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 39 लाख 53 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और टोयोटा इनोवा कार जब्त की है। जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह ठाणे और नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र के अंतर्गत दर्ज 40 चोरी के मामलों में शामिल रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में विजयसिंह अंधासिंह जुन्नी उर्फ शिकलकर (24), सोनूसिंह जितेंद्रसिंह जुन्नी (27), सनी करतारसिंह सरदार (27) और अतुल सुरेश खंडाले (24) शामिल हैं। सभी आरोपी पुणे और कल्याण के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में



आरोपियों ने विभिन्न थानों—डोंबिवली, नारपोली, कोलशेवाडी, मानपाड़ा, बदलापुर, खड़ेश्वर और शिवाजीनगर सहित कई क्षेत्रों में की गई चोरी की वारदातें कबूल की हैं। पुलिस जांच से पता चला कि गिरोह लंबे समय से नागरिकों के बंद घरों को निशाना बनाकर सेंधमारी करता था और लाखों रुपये के कीमती आभूषण व नकदी उड़ाता था। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले भी पुणे, पिंपरी-चिंचवड़, जलगांव और नवी मुंबई में चोरी, सेंधमारी और मकोका के तहत गंभीर मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई को पुलिस आयुक्त आशुतोष दुम्बारे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमरसिंह जाधव और पुलिस उपायुक्त शेखर बागड़े के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। इसमें वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजीत शिंदे और उनकी टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस की इस सटीक कार्रवाई से न सिर्फ चोरी के कई मामले उजागर हुए हैं बल्कि आम जनता ने भी राहत की सांस ली है।

# माथाडी कामगारों के मुद्दों पर 15 दिन में बैठक : मुख्यमंत्री

## वाशी में अण्णासाहेब पाटिल की 92वीं जयंती पर कार्यक्रम

**महानगर संवाददाता**
**नवी मुंबई**

सिडको मकानों की ऊँची कीमतें, टाटा मोटर्स व एशियन पेंट्स श्रमिकों की समस्याएं और माथाडी कामगारों से जुड़े मुद्दे-इन सभी पर 15 दिनों के भीतर बैठक लेकर समाधान निकाला जाएगा। यह आश्वासन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वाशी में आयोजित कार्यक्रम में दिया। अवसर था महाराष्ट्र राज्य माथाडी, ट्रांसपोर्ट एवं जनरल कामगार यूनियन के संस्थापक, दिवंगत विधायक अण्णासाहेब पाटिल की 92वीं जयंती। इस मौके पर निर्माण मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले, वन मंत्री गणेश नाईक, विपणन मंत्री जयकुमार रावल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।



### 5 साल में 5 लाख युवाओं को देंगे रोजगार : पाटिल

यूनियन नेता नरेंद्र पाटिल ने कहा कि दिवंगत अण्णासाहेब पाटिल की मांग आर्थिक आधार पर आरक्षण की थी। उस समय धर्मांतरण विरोधी रुख उन्होंने अपनाया, लेकिन तत्कालीन सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब फडणवीस सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जातिगत राजनीति कम करने के लिए आर्थिक आधार पर आरक्षण आवश्यक, भ्रष्टाचार की छवि से मुक्त होकर महामंडल ने डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार दिया। अगले 5 वर्षों में 5 लाख मराठा युवाओं को रोजगार देने का संकल्प, पुणे में श्रमिकों के खिलाफ जबरन वसूली प्रकरण में न्याय दिलाने की मांग की है।


### "मराठा आरक्षण को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखता"

मुख्यमंत्री ने कहा कि अण्णासाहेब पाटिल ने मराठा समाज को न्याय दिलाने के लिए पहला बलिदान दिया। इसलिए मराठा समाज को आरक्षण देने का मुद्दा राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। जाति प्रमाण पत्र समस्या का समाधान किया गया, आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए शिक्षा प्रतिपूर्ति योजना लागू, शहरों में छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण की योजना, तब तक 60,000 अनुदान, सारथी संस्था के माध्यम से 1,048 युवा अधिकारी बने, 8.68 लाख युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण और अण्णासाहेब पाटिल महामंडल के माध्यम से 13,500 करोड़ का ऋण वितरित, 1.5 लाख युवाओं को लाभ मिला है।

### लंबे समय से प्रतीक्षित सानपाड़ा पुलिस स्टेशन का उद्घाटन

लंबे समय से प्रतीक्षित सानपाड़ा पुलिस स्टेशन का नया भवन गुरुवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों लोकार्पित किया गया। अब तक तीन जर्जर कमरों से चलने वाला यह थाना अब आधुनिक और विशाल इमारत से कार्य करेगा। उद्घाटन समारोह में वन मंत्री गणेश नाईक, विधायक मंदा म्हात्रे, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, आयुक्त मिलिंद भारंबे समेत कई वरिष्ठ अधिकारी व राजनेता उपस्थित थे। नवी मुंबई पुलिस ने दावा किया है कि यह भवन केवल नवी मुंबई ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य का सबसे सुसज्जित पुलिस स्टेशन है। इस अवसर पर वाशी, पनवेल और सीबीडी पुलिस थानों को आईएसओ प्रमाणन भी दिया गया। साथ ही ई-संचार ऑनलाइन सेवा और साइबर/वित्तीय अपराध (Cy-Fi) जांच प्रकोष्ठ का उद्घाटन भी किया गया।

# सबके लिए जल नीति में लगे बाईस हजार नल कनेक्शन



### सबके लिए पानी नीति के तहत दिए गए कनेक्शन की जानकारी

**कुल आवेदन:** 27,384
**झोपड़पट्टियों से आए आवेदन:** 25,573
**मंजूर आवेदन:** 24,702
**दिए गए जल कनेक्शन:** 22,201

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

पानी चोरी कम करने के लिए तीन साल पहले मनपा प्रशासन द्वारा शुरू की गई "सभी के लिए जल" नीति के तहत अब तक 22 हजार लोगों को नल कनेक्शन दिया जा चुका है। बता दें कि मनपा के पास "सभी के लिए जल" नीति के तहत कुल 24 हजार आवेदन आए थे। जिसमें मनपा प्रशासन ने 22,000 से ज्यादा मामलों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इससे मुंबई की जलापूर्ति में अपव्यय को कम करने में मदद मिलेगी। इतना ही नहीं मनपा ने यह भी उम्मीद जताई है कि जलापूर्ति से होने वाली आय में भी बढ़ोतरी होगी। पानी चोरी की समस्या को कम करने और अवैध नल कनेक्शन को नियमित करने के लिए मनपा ने तीन साल पहले "सबके लिए पानी" नीति लागू की थी। इस नीति के तहत अब तक 27,384 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 24,702 मंजूर किए गए और 22,201 घरों को जल कनेक्शन दिया जा चुका है। इस नीति से न केवल पानी चोरी पर रोक लगेगी, बल्कि जल आपूर्ति से होने वाले राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। उच्च न्यायालय ने कुछ वर्ष पहले आदेश दिया था कि वर्ष 2000 के बाद बनी झोपड़पट्टियों को या तो हटाया जाए या उन्हें पानी उपलब्ध कराया जाए। इसके आधार पर वर्ष 2022 में "सबके लिए पानी" नीति लागू की गई।

### अवैध नल कनेक्शन से पानी चोरी और बीमारी फैलने का अंदेशा

बता दें कि पानी चोरी से मनपा को पानी का नुकसान तो होता ही था। पाइप लाइन तोड़कर की जाने वाली पानी चोरी से दूषित पानी की भी सप्लाई होने की समस्या बन जाती थी। दूषित पानी से बीमारी भी फैलने का अंदेशा बना रहता है। मनपा का मनाना है कि नियमित नल कनेक्शन से पानी की सप्लाई पर असर पड़ेगा ही साथ ही दूषित पानी से होने वाली बीमारियों पर भी लगाम लगेगी और कमाई भी बढ़ेगी। मुंबई में प्रतिदिन लगभग 4,000 दशलक्ष लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है और करीब 4.6 लाख अधिकृत जल कनेक्शन मौजूद हैं। लेकिन पुराने नियमों के कारण झोपड़पट्टियों और कई बस्तियों में रहने वाले नागरिकों को पानी का नल कनेक्शन नहीं मिलता था। नतीजतन लोग अवैध तरीके से नल कनेक्शन करते थे और कई जगह पानी चोरी कर ऊंचे दामों पर पानी बेचा जाता था।

# मनपा इंजीनियरों ने बाढ़ पीड़ितों को दिया एक दिन का वेतन

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मनपा में कार्यरत इंजीनियरों ने महाराष्ट्र में आई अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित किसानों की मदद के लिए सराहनीय पहल की है। इंजीनियरों ने निर्णय लिया है कि वे अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता निधि में देंगे। इसके लिए उन्होंने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर वेतन देने की बात कही है। बता दें कि राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में हुई भारी बारिश से बाढ़ जैसी अभूतपूर्व स्थिति बनी है। विदर्भ, नाशिक और सोलापुर समेत कई जिलों में नागरिकों के घर पानी में डूब गए हैं और कई गांवों का संपर्क टूट गया है। खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। जबकि घर पशुधन और किसानों का संपूर्ण जीवन प्रभावित हुआ है। इस आपदा की वजह से कई परिवारों के लिए दशहरा-दीवाली जैसे त्यौहार भी फीके पड़ने की आशंका है।

मनपा इंजीनियर असोसिएशन ने मनपा आयुक्त भूषण गगराणी को पत्र लिखकर बताया है कि इंजीनियर सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता निधि में देना चाहते हैं। असोसिएशन के कार्याध्यक्ष रमेश भुतेकर ने पत्र में आग्रह किया है कि इस माह के वेतन से एक दिन का वेतन काटकर पूरी राशि मुख्यमंत्री सहायता निधि में जमा कराई जाए। सोलापुर और मराठवाड़ा के बाढ़ग्रस्त किसानों की मदद के लिए राज्यभर से सहायता का सिलसिला शुरू हो गया है।

# बाढ़ग्रस्त किसानों को सरकार की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी : मंत्री लोढ़ा

**महानगर संवाददाता**
**जालना**

अतिवृष्टि के कारण मराठवाड़ा के किसानों की फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है और किसान कठिनाई में फंस गए हैं। स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार मंत्री श्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने शुक्रवार को जालना जिले के बदनापुर तहसील के शेलगांव में किसानों के खेत पर पहुंचकर उनकी समस्याएं जानीं। राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है और बाढ़ग्रस्त किसानों को हरसंभव मदद दी जाएगी, ऐसा मंत्री लोढ़ा ने कहा। किसानों को तत्काल राहत तथा फसलों के नुकसान की भरपाई हेतु मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सक्रिय हैं। उनके निर्देशानुसार मंत्रिमंडल के सदस्य राज्य के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का आकलन कर रहे हैं।



मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने भी शेलगांव पहुंचकर प्रभावित किसानों से संवाद किया, स्थिति का आकलन किया और किसानों को आश्वस्त किया। साथ ही उन्होंने जालना जिलाधिकारी को नियमों में शिथिलता बरतकर किसानों को तुरंत सहायता देने के निर्देश दिए। राजस्व और कृषि अधिकारियों से उन्होंने कहा कि शीघ्र पंचनामा कर शासन को नुकसान का अहवाल भेजें, जिससे किसानों को तुरंत मुआवजा मिल सके। प्रत्येक प्रभावित किसान का पंचनामा होना चाहिए। बहकर गई भूमि, नष्ट हुई फसलें, मृत पशु, कुओं में भरा गाद, इन सबका पंचनामा करें, ऐसे आदेश मंत्री लोढ़ा ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

अतिवृष्टि के कारण शेलगांव और अन्य क्षेत्रों की आधारभूत संरचनाओं को भी नुकसान पहुँचा है। वहाँ की सड़कें, पानी और बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों ने तत्परता दिखाकर किसानों को राहत देनी चाहिए, ऐसे निर्देश मंत्री लोढ़ा ने दिए। एक भी किसान सहायता से वंचित न रहे, इसके लिए मुख्यमंत्री श्री फडणवीस प्रयासरत हैं और दिवाली से पहले ही किसानों को मदद मिल जाएगी, यह भी उन्होंने स्पष्ट किया।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए नवरात्रोत्सव के माध्यम से इकट्ठा की जा रही धनराशि



**मुंबई।** मालाड में साई प्रबोधन ट्रस्ट ने नवरात्रोत्सव के माध्यम से मराठवाड़ा के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए मदद अभियान चलाया है। मराठवाड़ा में आई भारी बारिश और बाढ़ से कई गांव तबाह हो गए हैं, कई लोग मारे गए हैं और कई परिवारों के घर, पशुधन और फसलें पानी में बह गई हैं। धाराशिव, सोलापुर, बीड, परभणी, जालगांव और अहिल्यानगरी क्षेत्रों में किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। पूरग्रस्तों की मदद के लिए सामाजिक जिम्मेदारी के तहत भाजपा मालाड विधानसभा और साई प्रबोधन ट्रस्ट की ओर से नवरात्रोत्सव में एक दान पेटी रखी गई है। मुंबई भाजपा सचिव और महाराष्ट्र प्रवक्ता विनोद शेलार ने बताया कि लोग इस दान पेटी में अपनी इच्छा से मदद कर रहे हैं। उत्सव स्थल पर मराठवाड़ा में आई बाढ़ की क्लिप स्क्रीन पर दिखाई गई और लोगों से अधिक से अधिक मदद करने का आग्रह किया गया। गुरुवार से शुरू हुई इस पहल में जमा की गई राशि सीधे बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए भेजी जाएगी। इस दौरान दिव्यांग लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# डॉ. सोनिया सेठी बेस्ट की महाप्रबंधक

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

शुक्रवार को राज्य सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों के तबादले किए। आपदा प्रबंधन, सहायता और पुनर्वास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. सोनिया सेठी को बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन उपक्रम (बेस्ट) का महाप्रबंधक बनाया गया है। उनकी जगह पर विनीता वेद सिंघल को आपदा प्रबंधन, सहायता और पुनर्वास विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। चर्चा है कि प्राकृतिक आपदा के दौरान आवश्यक राहत कार्यों की अनदेखी के कारण डॉ. सेठी का अचानक तबादला कर दिया गया। पिछले कुछ दिनों में हुई मूसलाधार बारिश से मराठवाड़ा के अधिकांश जिले तथा सोलापुर, पुणे

### अचानक किया गया तबादला



और अहिल्यानगर जिलों को भारी नुकसान हुआ। इस आपदा के समय किसानों और आम जनता को सहारा देने की चुनौती सरकारी तंत्र के सामने थी, लेकिन डॉ. सेठी को विभाग से स्थानांतरित कर दिया गया। यह निर्णय उस समय लिया गया, जब वे बैठक के सिलसिले में दिल्ली में थीं। अभी तक बेस्ट महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार आशीष शर्मा के पास था। शर्मा के पहले अनिल डिग्गीकर, एसवीआर श्रीनिवास के पास बेस्ट महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार था। अब लंबे समय बाद डॉ. सोनिया सेठी के रूप में बेस्ट का पूर्णकालिक महाप्रबंधक मिला है।

### सेठी पर टिकी निगाहें

बता दें कि धारावी पुनर्विकास परियोजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. वी. आर. श्रीनिवास के सेवानिवृत्त होने के बाद अस्थायी व्यवस्था के तहत आशिष शर्मा को एक महीने पहले बेस्ट का कार्यभार सौंपा गया था। तब से यह सवाल उठ रहा था कि बेस्ट को कब स्थायी महाप्रबंधक मिलेगा। अब सेठी को जिम्मेदारी सौंप दी गई है और उनकी नियुक्ति पर बेस्ट संगठन और आम यात्रियों की निगाहें टिकी हुई हैं। वर्तमान में बेस्ट गहरे घाटे में है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दीपावली उपहार

### मिलेगी दो हजार की भाऊबीज गिफ्ट

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बताया कि इस दीपावली पर राज्य सरकार एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना के तहत काम करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दो हजार रुपए का उपहार देगी।

तटकरे ने बताया कि इस पहल के लिए 40.61 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं और इस संबंध में सरकारी आदेश जारी किया गया। मंत्री ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बच्चों की देखभाल, पोषण और उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनकी निष्ठा को मान्यता देने और त्योहार के इस मौसम में उनकी खुशी दोगुनी करने के लिए राज्य सरकार ने यह 'भाऊबीज' उपहार देने का फैसला किया है।

उन्होंने बताया कि राशि जल्द ही आईसीडीएस आयुक्त के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुंचाई जाएगी। मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से राज्यभर में हजारों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के चेहरों पर मुस्कान आएगी और उनकी दीपावली और भी आनंदमय होगी।


## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल, **रेमिथ राधाकृष्णन कूनकम्पल्ली,** जो बी/3-33, बचानी नगर, पुष्पा पार्क, चिल्ड्रन अकादमी के पास, मलाड पूर्व, मुंबई 400097 में रहते हैं (जिन्हें एतद्पश्चात "मालिक" के तौर पर संदर्भित किया जाएगा) मालिक हैं और नीचे उल्लिखित संपत्ति (अनुसूची में दिया गया विवरण) के वास्तविक भौतिक कब्जे में हैं और/या पूरी तरह से इसके हकदार हैं, जिसे उन्होंने मूल मालिक से दिनांक 10.06.2025 के समझौते के माध्यम से प्राप्त/खरीदा है. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि वे इसे ध्यान में लें. आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति इस संपत्ति का लेन-देन करने का इरादा रखता है, तो उसे हमारे मुवक्किल की लिखित पुष्टि के बिना किसी के साथ लेन-देन नहीं करना चाहिए या यदि कोई ऐसा करता है, तो वह अपने जोखिम पर लेन-देन करेगा और हमारा मुवक्किल भविष्य में उनके दावे पर विचार नहीं करेगा और कोई भी समझौता और या सहमति हमारे मुवक्किल पर बाध्यकारी नहीं होगी.

**अनुसूची**

मुंबई शहर और मुंबई उपनगर के जिला एवं उप-जिला पंजीयन में ग्राम पोईसर, कांदिवली पूर्व, मुंबई 400 101 स्थित कुल 6972.7 वर्ग मीटर्स धारक, सीटीएस क्र. 581 से संबंधित सर्वे क्र. 65, हिस्सा क्र. 3 धारक बृहद जमीन के भाग एवं हिस्से के तौर पर 210 वर्ग मीटर्स लगभग के स्ट्रक्चर के साथ जमीन.

**मेसर्स लीगल विजन**
अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, बॉम्बे
कार्यालय संख्या 5, 1ली मंजिल, श्री महावीर चेम्बर्स, 1/5, बानाजी स्ट्रीट, कावसजी पटेल स्ट्रीट के सामने, फोर्ट, मुंबई - 400 001
ईमेल: ms. legalvision@gmail.com,
संपर्क: +91 93722 72220
स्थान: मुंबई दिनांक: 27/09/2025



## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल
(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

टेली. नं. – 022-66405250, ई-मेल : eee.east1@gmail.com
संदर्भ क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/55/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 55**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405251 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदार की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में **03** कार्य के लिये खुली /नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि 01.10.2025, सुबह 10.30 बजे से है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 08.10.2025, सायं. 6.15 बजे तक है. शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि है, तो उसे केवल **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

Follow us:@mhadaofficial

हस्ता./–
कार्यकारी अभियंता (पूर्व)
एम.एस.आई.बी. बोर्ड, मुंबई

सीपीआरओ/ए/745

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था


# एमपीएससी की परीक्षा आगे बढ़ी



**मुंबई।** राज्य के मराठवाड़ा, पश्चिम महाराष्ट्र और विदर्भ में लगातार हुई अतिवृष्टि के कारण महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग ने 28 सितंबर को आयोजित महाराष्ट्र नागरी सेवा राजपत्रित संयुक्त पूर्व परीक्षा को आगे बढ़ा दिया है। अब यह परीक्षा 9 नवंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में सुधारित नोटिफिकेशन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर डाला गया है। इसके पहले राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर लिखा था कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश, बाढ़ की स्थिति और अगले 2-3 दिनों में और बारिश की मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए 28 सितंबर को होने वाली महाराष्ट्र नागरी सेवा राजपत्रित संयुक्त पूर्व परीक्षा को आगे स्थगित करने का अनुरोध एमपीएससी को पत्र के माध्यम से किया गया है। आयोग ने इसे सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों के परीक्षार्थियों ने भी इस प्रकार की मांग की थी। बता दें कि 28 सितंबर को राज्य के 37 जिलों के 524 उपकेंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी।

# उपनगरीय स्कूलों में सीसीटीवी का इंतजार

- अभी तक टेंडर प्रक्रिया शुरु नहीं, शिक्षा विभाग के पास सीमित धनराशि
- उपनगरों के 356 स्कूल भवनों की सुरक्षा जस की तस

**मुंबई।** मनपा उपनगर के स्कूलों की सुरक्षा अभी भी जस की तस बनी हुई है। स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया कछुए की गति से चल रहा है, जिससे बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है।

बता दें कि कुछ महीने पहले बदलापुर के एक स्कूल में दो छात्रों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना हुई थी और इस घटना के बाद मनपा स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा के लिए मुंबई के सभी स्कूल भवनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया था। मुंबई के शहरी भाग के स्कूल भवनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम



पूरा हो चुका है। उपनगरीय स्कूलों में सीसीटीवी लगाने का अभी भी इंतजार है। सीसीटीवी लगाने को लेकर निविदा प्रक्रिया भी अभी तक नहीं हुई है। मनपा शिक्षा विभाग के पास इस काम के लिए मामूली राशि मिली है। जिससे उपनगर के स्कूलों में सीसीटीवी लगाना मुमकिन नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप, उपनगरीय मनपा स्कूलों में सीसीटीवी कैमरों का अभी भी इंतजार है। मनपा स्कूलों में प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में कुल तीन से चार लाख छात्र पढ़ते हैं। साढ़े सात हजार से अधिक शिक्षक हैं। हालांकि, वर्तमान में उनकी सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। यदि सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं तो स्कूल या आस पास में होने वाली कोई अप्रिय घटना सीसीटीवी में कैद हो जाती जिससे कार्रवाई करना आसान होता ही साथ स्कूलों की सुरक्षा भी मजबूत हो जाती। मनपा के 479 स्कूल भवन हैं और 1,147 स्कूल हैं। सबसे पहले मुंबई शहर के ही स्कूलों में पायलट आधार पर सीसीटीवी लगाने का निर्णय लिया गया था।

छह साल पहले बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा छात्रों की सुरक्षा के मुद्दे पर कड़ी आलोचना के बाद मनपा प्रशासन ने स्कूल भवनों में सीसीटीवी लगाने का निर्णय लिया। शुरुआत में सीसीटीवी लगाने के लिए 24 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। तत्कालीन शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने भी घोषणा की थी कि जल्द ही सीसीटीवी लगाए जाएँगे। इसके बावजूद सीसीटीवी लगाने के काम में तेजी लाने की कोई पहल नहीं हुई है। अगस्त 2023 में विक्रोली के टैगोर नगर स्थित मनपा के एक स्कूल में एक शिक्षक द्वारा दूसरी कक्षा के एक छात्र का यौन उत्पीड़न करने की घटना हुई थी। इसके बावजूद मनपा उपनगर के स्कूलों में सीसीटीवी लगाने में कोताही बरत रही है।


## महावितरण — ई-निविदा सूचना

महावितरण तर्फे कार्यकारी अभियंता, ठाणे विभाग– २ अंतर्गत Preventive Maintenance HT/Overhead Lines, HT /Underground Cables साठी (२०२५–२०२६ या कालावधीसाठी) काम करण्यासाठी कंत्राटदाराकडून निविदा क्रमांक EE/THN-2/E-Tender/T-02/2025-26 साठी ऑनलाईन निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदर निविदा महावितरण कंपनीच्या संकेतस्थळावर etender.mahadiscom.in **दि. २४.०९.२०२५ ते दि. ३०.०९.२०२५** (रात्री २३:५५) पर्यंत उपलब्ध आहेत. तसेच निविदा दिनांक ०१.१०.२०२५ रोजी दुपारी १२:०० वाजेपर्यंत स्विकारण्यात येतील. सदर निविदा दिनांक ०१.१०.२०२५ रोजी दुपारी ०३:०० वा. शक्य असल्यास उघडण्यात येतील. निविदा संदर्भात अधिक माहितीसाठी अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता, ठाणे विभाग– २, भ्रमणध्वनी क्र. ९९३०२६९७०२ वर संपर्क साधावा. निम्नस्वाक्षरीकार यांनी कुठलेही कारण न देता सर्व निविदा स्विकारणे अथवा रद्द करण्याचा अधिकार राखून ठेवलेला आहे. तसेच कंत्राटदारांना विनंती करण्यात येते की, महावितरणच्या संकेतस्थळावर आपली नोंदणी करुन घ्यावी. तसेच निविदेबाबत काही मुदतवाढ किंवा शुध्दी पत्रकाबाबत फक्त संकेतस्थळावरील "Announcements" मध्येच कळविण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

**कार्यकारी अभियंता, ठाणे – २ विभाग**



## जाहीर नोटीस

सभी लोगों को सुचित किया चाता है कि नारपोली, तालुका भिवंडी, जिला ठाणे, मे नीचे दिए गए अनुबंध में उल्लिखित संपत्ति का स्वामित्व १) **इब्राहिम गुड्डू शेख,** रा. ५८९, माधव नगर, नारपोली, ताज जनरल स्टोर जवळ, धामनकर नाका, ता. भिवंडी, जि. ठाणे, महाराष्ट्र, ४२१३०५, २) **मोमिन साकीब यार मोहम्मद,** रा. ५८६, धामणकर नाका, अशरफ मस्जीद, माधव नगर, ता. भिवंडी, जि. ठाणे, ४२१३०५. ३) **फरहान अहमद अब्दुल मारूफ सिद्दिकी,** रा. घर नं. ७५२, फ्लॅट नं. ३०१, ३रा माला, अब्दुल्लाह मंदिल, शमा नगर जुमा मस्जीद समोर, नारपोली, ता. भिवंडी, जि. ठाणे, ४२१३०५. ने उक्त संपत्ति को पंजीकृत जमा विलेख/क्रय विलेख के तहत खरीदने का निर्णय लिया है हालांकि यदि किसी के पास उक्त संपत्ति में कोई अधिकार हित बंधक दान पट्टा ग्रहणाधिकार उपहार बिक्री गुजारा भत्ता संपत्ति का हिस्सा अनुबंध भार उत्तराधिकार आदि या कोई अन्य अधिकार या हित है तो ऐसे व्यक्तियों को अपने अधिकारें को दशनि वाले दस्तावेजो के साथ इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से १५ दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूपसे आपत्ति करनी चाहिए और ऐसा न करने पर हम इस धारणा के साथ खरीदनेका कार्य का लेन-देन पूरा कर लेंगे कि उक्त संपत्ति में किसी का कोई अधिकार या हित नहीं है. यदि कोई है. तो उन्हें छोड दिया गया है और यह समझा जाता है कि लेनदेन पूरा होने के बाद किसी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा.

-: परिशिष्ट-

| खाता धारक का नाम | गाव | सर्वे क्र. | क्षेत्रफल चौ.मी. |
|---|---|---|---|
| श्री. अशोक नानचंद शाह | नारपोली | पुराना सर्व्हे नं. ४३/३ पै., ७७/१ पै., ७७/३ पै., ४३/अ/२, नया सर्व्हे नं. २०३/पै., मधील दाखल (न.भु. क्र) सिटी सर्वे क्र ३०२८. | ४००.७ |

तारीख:- २६/०९/२०२५

Sd/-
Advocate
**MANAS M SHINGARE**
Office Add:- 102, 1st Floor, Suvidhinath Residency, Opp. Shivam Dabeli, Dhamankar Naka, Tal. Bhiwandi, Dist. Thane, 421302.



## वसई - विरार शहर महानगरपालिका

मुख्य कार्यालय विरार
यशवंत नगर, विरार (प)
ता. वसई, जि. पालघर-४०१३०३.

दुरध्वनी : ०२५०-२५२५१०१/०२/०३/०४/०५/०६
फॅक्स : ०२५० - २५२५१०७
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : वविशम/बांध/८५५/२०२५-२६
दिनांक : २६/०९/२०२५

### शहर अभियंता कार्यालय

**स्वारस्य दर्शविण्याबाबत सूचना (EOI)**
**अचोळे येथे 400 खाटांचे बहुविशेषज्ञ सार्वजनिक रुग्णालय उभारणीसाठी सल्लागार/शिल्पकार नियुक्ती संदर्भात**
**वसई विरार महानगरपालिका, शहर अभियंता** यांच्या मार्फत व **मा. आयुक्त तथा प्रशासक** यांच्या वतीने, सर्व क्र. 6, गाव अचोळे, प्रभाग समिती "ड" अचोळे येथे उभारण्यात येणाऱ्या **400 खाटांच्या बहुविशेषज्ञ महापालिकेच्या रुग्णालयासाठी वास्तु व अभियांत्रिकी सल्ला सेवा पुरविण्यासाठी पात्र व अनुभवी सल्लागार/शिल्पकार** यांचेकडून **स्वारस्य दर्शविण्याचे अर्ज (EOI)** मागविण्यात येत आहेत.

**पात्रता निकष :**

- Council of Architecture (COA) नोंदणीकृत शिल्पकार / परवानाधारक अभियांत्रिकी सल्लागार (संघ/Consortium मान्य),
- किमान 5 वर्षांचा अनुभव व मागील 5 वर्षात 200 खाटांचे किमान 1 रुग्णालय प्रकल्प पूर्ण केलेला असावा.
- मागील 3 वर्षात वार्षिक सरासरी उलाढाल ₹2-3 कोटी (सल्लागार मानधन).
- संघामध्ये वास्तुशिल्पकार, संरचनात्मक अभियंता, MEP अभियंता, रुग्णालय नियोजन तज्ञ, हरित इमारत तज्ञ असणे आवश्यक.
- कोणत्याही शासकीय संस्थेकडून काळ्या यादीत नसावा; कार्यालय मुंबई महानगर प्रदेशात असणे आवश्यक.

**अर्ज सादरीकरण:** स्वारस्य अर्ज (संकल्पना, आराखडे, उंची चित्रे, पात्रतेचे पुरावे व अनुभव कागदपत्रे) खालील पत्त्यावर सादर करावेत:
**शहर अभियंता, वसई विरार महानगरपालिका, मुख्य कार्यालय, विरार (पश्चिम)**
**अंतिम दिनांक :** 06/10/2025 दुपारी 15.00 वाजेपर्यंत
**पध्दत :** प्रत्यक्ष (बाध्यतामूलक) / ऑनलाइन https://mahatenders.gov.in
**निवड प्रक्रिया:** पात्र अर्जदारांना संकल्पनात्मक आराखडा सादर करण्यासाठी बोलावले जाईल. सर्वात उपयुक्त आराखडा निवडून, मानधन विद्यमान शासन निर्णयानुसार देण्यात येईल.
**सूचना :** अधिक तपशील www.vvcmc.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध राहतील. वसई विरार महानगरपालिका कोणताही किंवा सर्व अर्ज स्वीकारणे/नाकारणे याचा अधिकार राखून ठेवते. शंका निरसनासाठी संपर्क: **कार्यकारी अभियंता श्री. संजय कुलकर्णी 9834517721.**

स्वाक्षरी/-
शहर अभियंता
(मा. आयुक्त तथा प्रशासक,
वसई विरार महानगरपालिका
यांचे वतीने)

# इंजीनियरिंग को सहेजने में जुटी मोदी सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 सितंबर को गुजरात का दौरा पर थे। इस दौरान उन्होंने अहमदाबाद जिले के लोथल में बन रहे नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) का जायजा लिया। पीएम मोदी ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और परियोजना से जुड़ी बैठक भी की। गुजरात के लोथल में बन रहा नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) मोदी सरकार की एक पहल बताया जा रहा है। इसका उद्देश्य सिंधु-सरस्वती सभ्यता यानी इंडस वैली सिविलाइजेशन की समुद्री और इंजीनियरिंग उपलब्धियों को सम्मान देना है। करीब 2400 ईसा पूर्व लोथल इस सभ्यता का एक अहम बंदरगाह शहर था। गुजरात सरकार द्वारा आवंटित 400 एकड़ जमीन पर 4,500 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा यह प्रोजेक्ट लोथल की ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने, पर्यटन को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा का केंद्र बनाने की दिशा में काम करेगा। जानकारी के अनुसार अक्टूबर 2024 में केंद्र सरकार ने सागरमाला कार्यक्रम के तहत नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) को मंजूरी दी थी। इसका मकसद प्राचीन समुद्री इंजीनियरिंग की इस अनोखी धरोहर को दुनिया के सामने लाना है। यह परियोजना विकास और विरासत संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के साथ-साथ भारत के प्राचीन समुद्री व्यापार को नई पहचान देने पर भी जोर देती है। यह कॉम्प्लेक्स दो चरणों में विकसित किया जा रहा है और इसमें नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज म्यूज़ियम शामिल है जिसमें भारत के समुद्री इतिहास को इंडस वैली सिविलाइजेशन से आधुनिक समय तक दिखाने वाली 14 गैलरी होंगी। फेज 1ए का काम 60 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है और यह साल के अंत तक खुलने के लिए तैयार है। इसमें छह गैलरी शामिल हैं, जिनमें इंडियन नेवी और कोस्ट गार्ड की प्रदर्शनी भी है, जिसमें आइएनएस निशंक मिसाइल बोट, सी हैरियर विमान और यूएच-3 हेलिकॉप्टर जैसे ऐतिहासिक वस्त्र और मॉडल दिखाए जाएंगे। इसके अलावा इसमें लोथल का पुनर्निर्मित टाउनशिप और जेट्टी वॉकवे भी मौजूद हैं। फेज 1बी में आठ और गैलरी जोड़ी जाएँगी, साथ ही 77 मीटर ऊँचा लाइटहाउस म्यूजियम बनेगा, जो दुनिया का सबसे ऊँचा म्यूजियम होने की योजना में है। इसमें 5डी डोम थिएटर और बागीचा कॉम्प्लेक्स भी शामिल होगा, जिसमें 1500 वाहनों के लिए पार्किंग, फूड कोर्ट और मेडिकल सुविधाएँ होना बताया जा रहा है। फेज 2, जिसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से आर्थिक साहियोग किया जाएगा जिसमें तटीय राज्यों के पवेलियन, ईको-रिज़ॉर्ट्स, लोथल शहर का पूरा तरह से पुनर्निर्मित मॉडल, एक मैरीटाइम इंस्टिट्यूट और चार थीम पार्क शामिल होंगे। ये थीम पार्क समुद्री इतिहास, जलवायु परिवर्तन, स्मारक और एडवेंचर पर केंद्रित होंगे। जानकारी के अनुसार इस परियोजना को बंदरगाह, शिपिंग और वाटरवे मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है। इसके लिए फंडिंग मुख्य बंदरगाहों, रक्षा मंत्रालय, नेशनल कल्चर फंड और 3,000 करोड़ रुपए के निजी निवेश से की जा रही है। वहीं, लाइटहाउस म्यूजियम का वित्तपोषण डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ लाइटहाउस और लाइटशिप्स (डीजीएलएल) करेगा। आर्थिक दृष्टि से, नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) रोजाना 25,000 पर्यटकों को आकर्षित करने की उम्मीद बताई जा रही है। इससे सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से 22,000 नौकरियाँ पैदा होंगी और क्षेत्र की स्थानीय उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका उद्देश्य लोथल को भारत के प्रमुख हेरिटेज पर्यटन स्थलों के बराबर एक बड़ा पर्यटन केंद्र बनाना है। लोथल सिंधु-सरस्वती सभ्यता का एक प्रमुख स्थल रहा है। यह दिखाता है कि प्राचीन भारतीय सभ्यता कैसे सिंधु नदी से फैलकर सरस्वती के किनारे फली-फूली और उत्तर-पश्चिम भारत तक विकसित हुई। इस सभ्यता ने व्यापार, शिल्पकला, नगर योजना और संस्कृति में अपनी विरासत की निरंतरता को बनाए रखा। लोथल, गुजरात के भाल क्षेत्र में खंभात की खाड़ी के पास स्थित है और यहाँ दुनिया का सबसे पुराना मानव निर्मित डॉकयार्ड है। इसमें 214 मीटर लंबा और 36 मीटर चौड़ा ट्रैपेज़ॉइडल बेसिन है, जिसकी लंबवत ईंट की दीवारें हैं और यह साबरमती नदी से इनलेट और आउटलेट चैनलों के जरिए जुड़ा हुआ है। सिंधु-सरस्वती सभ्यता के लोग जल प्रबंधन और योजना बनाने में अत्यंत कुशल थे। लोथल का डॉकयार्ड क्षेत्र में उच्च ज्वार-भाटा को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया था और इसमें सिल्ट जमाव को रोकने के लिए स्पिल चैनल भी बनाया गया था। लोथल में प्रारंभिक उत्खनन 1955 से 1962 के बीच किए गए थे। इस उत्खनन परियोजना का नेतृत्व एस आर राव ने किया था जिन्हें अपने जीवन में 30 हड़प्पा स्थलों की खोज करने का श्रेय दिया जाता है। राव ने लोथल के महत्व को बताते हुए इसे पेन म्यूज़ीअम एक्स्पिडिशन मैगज़ीन में लिखा था। हड़प्पावासियों द्वारा निर्मित पकी हुई ईंटों की अब तक की सबसे बड़ी संरचना लोथल में रखी गई थी, जिसका उपयोग जहाजों को खड़ा करने और माल को संभालने के लिए बर्थ के रूप में किया जाता था.. मूल रूप से, गोदी को 18 मीटर से 20 मीटर लंबे और 4 से 6 मीटर चौड़े जहाजों को जलद्वार में डालने के लिए डिज़ाइन किया गया था.. कम से कम दो जहाज एक साथ प्रवेश द्वार से गुजर सकते थे। आईआईटी गाँधी नगर के अध्ययन, प्रोफेसर वी एन प्रभाकर, प्रोफेसर विक्रांत जैन और एकता गुप्ता द्वारा किया गया, राव की लिखी बातों की पुष्टि करता है। साबरमती की पुरानी नहरों का प्रवाह लोथल को भूगोलिक दृष्टि से सुविधाजनक स्थान प्रदान करता था जो सक्रिय व्यापार नेटवर्क के केंद्र में था। यह नेटवर्क अरब सागर के भारतीय बंदरगाहों, खासकर खंभात की खाड़ी, से शुरू होकर प्राचीन मेसोपोटामिया तक फैला हुआ था। इस थ्योरी को लोथल और आसपास के क्षेत्र से मिले प्राचीन मुहरों की संख्या भी समर्थन देती है। रिपोर्ट के अनुसार, यह संख्या सौराष्ट्र के किसी भी अन्य स्थल से अधिक है। इन मुहरों का इस्तेमाल माल ढोने के पैकेज, व्यापार दस्तावेज और पत्रों पर चिह्न लगाने के लिए किया जाता था।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

बहका-बहका ट्रंप है, मनबढ़ हुआ शरीफ
मौसम होवे रबी का, खेती करें खरीफ
खेती करें खरीफ,झूठ की जाल बिछाएं
फंसे चाल में स्वयं, निकम्मे अब चिंचियाएं
कह सुरेश कविराय मचाएं रोज तहलका
पीते बूटी कौन, लगे सब बहका-बहका

# सोनिया गांधी फिलिस्तीन के लिए चिंतित क्यों ?

पिछले कुछ महीनों में सोनिया गांधी ने अखबार में चार लेख लिखे हैं, जिनमें से तीन लेख फिलिस्तीन समस्या को लेकर है, जो बताता है कि वो इस मामले पर बहुत गंभीर हैं। सवाल यह है कि उनकी गंभीरता सिर्फ इस मामले पर ही क्यों है? देश में कई समस्याएं हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ फिलिस्तीन की चिंता क्यों है?



कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को एक लेख अखबार में लिखा है जो कि अंग्रेजी भाषा में है। उन्होंने अपने लेख के माध्यम से मोदी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सरकार की फिलिस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की घोर उपेक्षा करार दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत को इस मामले पर अपना नेतृत्व दिखाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वो इजराइल के नेता बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उनका कहना है कि इस मुद्दे पर सरकार की प्रतिक्रिया और गहरी चुप्पी मानवता एवं नैतिकता, दोनों का परित्याग है। उनका कहना है कि व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक नहीं हो सकती। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देकर इन नीति की विफलता की ओर इशारा किया है। उनका कहना है कि भारत इस मामले पर सबसे आगे रहा है जिसने पीएलओ को वर्षों के समर्थन के बाद 18 नवम्बर, 1988 को औपचारिक रूप से फिलिस्तीनी राष्ट्र की मान्यता दे दी थी। देखा जाए तो उनकी बात सही है क्योंकि भारत फिलिस्तीन को मान्यता देने वाला पहला गैर-इस्लामिक देश था। उन्होंने लिखा है कि 1971 में भारत ने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में नरसंहार को रोकने के लिए दृढ़ता से हस्तक्षेप किया था जिससे आधुनिक बांग्लादेश का निर्माण हुआ। फिलिस्तीन मुद्दे पर सोनिया गांधी का यह तीसरा लेख है जबकि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में सिर्फ चार लेख लिखे हैं। चार में से तीन लेख फिलिस्तीन समस्या को लेकर लिखना बताता है कि वो इस मामले पर बहुत गंभीर हैं। सवाल यह है कि उनकी गंभीरता सिर्फ इस मामले पर ही क्यों है। देश में कई समस्याएं हैं लेकिन उन्हें सिर्फ फिलिस्तीन की चिंता क्यों है। दूसरी बात उन्होंने यह लेख अंग्रेजी में लिखा है जबकि इस देश के दो प्रतिशत लोग भी अंग्रेजी अखबार के लेख नहीं पढ़ते हैं। अगर उन्हें अपनी बात देश को बतानी थी तो अंग्रेजी में लिखने की क्या जरूरत थी। अगर वो अपने मुस्लिम मतदाताओं को अपनी बात पहुंचाना चाहती थी तो एक प्रतिशत मुस्लिम भी अंग्रेजी लेख नहीं पढ़ते होंगे। इस बात को समझने की जरूरत है कि वो किसको संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा है कि भारत अक्टूबर, 2023 में इजराइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद पिछले दो सालों में अपनी भूमिका से तटस्थ हो गया है। वो आगे कहती है कि 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा इजराइली नागरिकों पर क्रूर और अमानवीय हमले के बाद इजराइल ने भी प्रतिक्रिया देते हुए भारी नरसंहार किया है। सोनिया जी ने जो कहा है, वो आज अधिकांश लोग कह रहे हैं। इसकी वजह यह है कि उनकी सोच है कि इजराइल के दो हजार लोग मारे गए थे। इसके जवाब में इजराइल ने 55000 लोग मार दिये हैं और अभी भी वो रुक नहीं रहा है। यह लोग भूल जाते हैं कि इतिहास गवाह है कि किसी क्रिया की प्रतिक्रिया की मात्रा क्या होगी, कभी तय नहीं किया जा सकता। चंगेज खान के दो दूतों की हत्या मुस्लिम शासक ने कर दी थी लेकिन इसके बदले में चंगेज खान ने पूरे मिडिल ईस्ट को तबाह कर दिया था। करोड़ो लोगों को मार दिया था। जानवर तक खत्म कर दिए गए थे। उस तबाही को ऐसे समझा जा सकता है कि उसने कई बड़े शहरों की पूरी आबादी खत्म कर दी थी। ऐसे ही भारत के 26 लोगों की हत्या के बदले में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में भयंकर तबाही मचाई है। अभी यह खुलासा नहीं हो पाया है कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कितने लोग मारे गए हैं। 2002 में गुजरात में 59 लोगों को रेल के दो डिब्बों में बंद करके जिंदा जला दिया गया था। इसकी प्रतिक्रिया में दंगे हुए और दंगों में 2000 लोग मारे गए। दिल्ली में नादिरशाह के कुछ सिपाहियों को दिल्ली की जनता ने मार दिया था, इसकी प्रतिक्रिया में नादिरशाह ने दिल्ली की लगभग पूरी आबादी को कत्ल कर दिया था। ये समस्या सिर्फ सोनिया जी की नहीं है बल्कि पूरे उदारवादी, वामपंथी और मुस्लिम बुद्धिजीवियों की है कि अगर हमास ने दो हजार इजराइलियों को मार दिया था तो इजराइल को भी इतने लोगों को मार कर रुक जाना चाहिए था। सवाल यह है कि इजराइल की इतनी बड़ी कार्यवाही के बाद भी हमास ने इजराइल के बंधकों को नहीं छोड़ा है। आज भी हमास के लोग इजराइल को खत्म करने का दावा कर रहे हैं। गाजा लगभग तबाह हो चुका है लेकिन हमास आज भी वहां जिंदा है। आज भी हमास के आतंकवादी अपने ठिकानों से निकल कर इजराइल की सेना पर हमला करते हैं। वैसे यह समझना मुश्किल है कि सोनिया जी ने यह लेख क्यों लिखा है। वो भारत सरकार की नीतियों पर सवाल तो खड़ा कर रही हैं लेकिन यह नहीं बता रही हैं कि भारत ने क्या गलती की है। वो स्पष्ट रूप से यह बताने में असफल रही हैं कि भारत सरकार को इजराइल के खिलाफ क्या कार्यवाही करनी चाहिए और क्यों करनी चाहिए । जब दुनिया में 50 से ज्यादा मुस्लिम देश गाजा के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो भारत क्या कर सकता है। क्या वो चाहती है कि भारत अपनी सेना भेजकर इजराइल पर हमला कर दे। मेरा मानना है कि सोनिया जी सिर्फ सरकार को इस मुद्दे पर घेरना चाहती हैं और अपने मुस्लिम मतदाताओं को खुश करना चाहती हैं। उन्होंने अंग्रेजी में लेख इसलिए लिखा है कि वो विदेशों में बैठे कांग्रेस के हितेषियों को बताना चाहती हैं कि इजराइल के खिलाफ वो अभियान चला रही हैं। यह भी समझना मुश्किल है कि मुस्लिम मतदाता तो पहले ही कांग्रेस के समर्थन में है तो उन्हें खुश करने की कोशिश क्यों कर रही हैं। मोदी सरकार को विपक्ष मुस्लिम विरोधी साबित कर चुका है, उनके पत्र की क्या जरूरत है। इजराइल भारत का मित्र देश है लेकिन भारत का झुकाव फिलिस्तीन की तरफ रहा है। कारगिल युद्ध में इजराइल की मदद से ही भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार भगाया था। अगर इजराइल मदद न करता तो भारतीय सेना को युद्ध जीतने के लिए और न जाने कितने वीर सैनिकों से हाथ धोना पड़ता। इजराइल की मदद के कारण भारत के सैकड़ों जवानों की जान बच गई। भारतीय सेना को मजबूत बनाने में इजराइल ने सक्रिय योगदान दिया है जबकि फिलिस्तीन ने कश्मीर के मुद्दे पर हमेशा पाकिस्तान का साथ दिया है। उन्होंने बांग्लादेश की बात की है. वो तो हमारा पड़ोसी देश है। जब पाकिस्तानी सेना वहां नरसंहार कर रही थी तो वहां से करोड़ो शरणार्थी भाग कर भारत आ गए थे। उन्हें वापिस भेजने के लिए भारत को कार्यवाही करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**- राजेश कुमार पासी**

# ओबीसी और ईबीसी वोटों की लामबंदी की कवायद



पिछले 20 सालों में जो नीतीश की खूंटा गाड़ राजनीति में पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग काफी अहम रहे हैं। राहुल गांधी ने भी अपनी यात्रा के दौरान इसी वर्ग को साधने की कोशिश की है पर नीतीश राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। बिहार में सत्ता की चाबी ओबीसी और ईबीसी के हाथों में ही मानी जाती है। बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए अपने अभियान की शुरुआत करते हुए कांग्रेस ने तथाकथित "वोट चोरी ", मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और बढ़ते "आर्थिक संकट" को लेकर भाजपा पर चौतरफा हमला बोला और कहा कि आगामी चुनाव सरकार के "भ्रष्ट शासन" के अंत की शुरुआत का प्रतीक होंगे। विपक्षी दल ने विदेश नीति को लेकर भी केंद्र की आलोचना की और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'आलिंगनात्मक नीति' उल्टी पड़ गई है जिससे भारत 'कूटनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ गया है और अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने में असमर्थ' हो गया है। पटना स्थित पार्टी के सदाकत आश्रम मुख्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में किया गया। यह स्वतंत्रता के बाद बिहार में पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था की पहली बैठक थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए - एक राजनीतिक और दूसरा बिहार के मतदाताओं से अपील। बैठक में पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, महासचिव केसी वेणुगोपाल, सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव,जयराम रमेश और सचिन पायलट तथा बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए। अपने उद्घाटन भाषण में खड़गे ने कहा कि भाजपा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को "मानसिक रूप से सेवानिवृत्त" कर दिया है और उन्हें "बोझ" समझती है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव केंद्र में मोदी सरकार के "भ्रष्ट शासन" के अंत की शुरुआत होगी। उन्होंने "वोट चोरी , आर्थिक मंदी, बेरोजगारी, सामाजिक ध्रुवीकरण और स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने और कमजोर करने" जैसे कई मुद्दों पर भाजपा पर सीधा हमला बोला।खड़गे ने कहा कि विभिन्न राज्यों से प्राप्त खुलासों पर सवालों के जवाब देने के बजाय, चुनाव आयोग हमसे हलफनामे की मांग कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार की तर्ज पर अब पूरे देश में लाखों लोगों के वोट हटाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मतलब दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों, अत्यंत पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, कमजोरों और गरीबों के राशन, पेंशन, दवा, बच्चों की छात्रवृत्ति और परीक्षा शुल्क की चोरी है। बिहार पर ध्यान केंद्रित करते हुए खड़गे ने कहा, "एनडीए गठबंधन के भीतर आंतरिक कलह अब खुले तौर पर दिखाई दे रही है। नीतीश कुमार को भाजपा ने मानसिक रूप से रिटायर कर दिया है। भाजपा अब उन्हें एक बोझ मानती है।" उन्होंने कहा, "2025 का विधानसभा चुनाव न केवल बिहार के लिए बल्कि पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह मोदी सरकार के भ्रष्ट शासन की उल्टी गिनती और अंत की शुरुआत होगी।" कांग्रेस ने बिहार में "वोट चोरी " और मतदाता सूची के एसआईआर मुद्दे को लेकर मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर अपना हमला तेज कर दिया। अपने राजनीतिक प्रस्ताव में, सीडब्ल्यूसी ने कहा कि "चुराए गए जनादेशों" और "धांधली वाली मतदाता सूचियों" पर बनी सरकार की कोई नैतिक या राजनीतिक वैधता नहीं है और दावा किया कि एसआईआर की "साजिश" भाजपा के टूल किट से एक और "गंदी चाल" थी ताकि सत्ता पर काबिज रहने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया जा सके। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि अगले एक महीने में गांधी 'वोट चोरी ' पर और खुलासे करेंगे जो 'हाइड्रोजन बम', 'मिनी हाइड्रोजन बम', 'यूरेनियम बम' और 'प्लूटोनियम बम' के समान होंगे। उन्होंने कहा, "यह तो बस शुरुआत है। कर्नाटक में महादेवपुरा और अलंद से संबंधित खुलासे तो बस शुरुआत हैं और इस प्रस्ताव में वोट चुराने के अभियान की एक लंबी कहानी है।" उन्होंने कहा कि "वोट चोरी" के खिलाफ 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने का अभियान 15 सितंबर से शुरू किया गया है और यह 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा तथा ये 5 करोड़ हस्ताक्षर चुनाव आयोग को सौंपे जाएंगे। राजनीतिक प्रस्ताव में कांग्रेस कार्यसमिति ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग, जो लंबे समय से हमारे जीवंत लोकतंत्र की आधारशिला रहा है, उसे "सरकार का गुलाम मुखपत्र" बना दिया गया है।प्रस्ताव में कहा गया, "वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं ने हमारे लोकतंत्र की बुनियाद में जनता के विश्वास को हिला दिया है। कांग्रेस कार्यसमिति ने बेशर्मी से वोट चोरी का पर्दाफाश करने और लोकतंत्र को तहस-नहस करने के इन बेशर्म प्रयासों का बहादुरी से मुकाबला करने के लिए राहुल गांधी को सलाम करने का संकल्प लिया।" प्रस्ताव में कहा गया है, "यह भाजपा के लिए निर्वाचित बहुमत बनाने के लिए इस्तेमाल की गई व्यवस्थित और जानबूझकर की गई साजिश को उजागर करता है।


**- कुमार कृष्णन**

## मुखौटों की दुकान

कबीर दास जी ने कहा था 'बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय। जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।' सीधा सा अर्थ है कि दुनिया में बुराई ढूंढने निकलोगे तो शायद ही मिले लेकिन अगर अपने अंदर झांकोगे तो पाओगे कि सबसे बड़ी बुराई तो हमारे भीतर ही विद्यमान है पर आज का मनुष्य इस सच को स्वीकार करने को तैयार नहीं। वह दुनिया को कोसता है, व्यवस्था को गाली देता है पर अपने अंदर झाँककर देखने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। श्रीमान सच्चिदानंद जी की आईने की दुकान सूनी पड़ी थी जबकि ठीक सामने, 'मॉडर्न मुखौटा एम्पोरियम' में भीड़ ही भीड़ है। एक दिन मैं सच्चिदानंद जी से मिलने पहुँचा। दुकान के अंदर अलग अलग आकार प्रकार के आईने लटके हुए थे जिन पर धूल की हल्की परत जम गई थी। सच्चिदानंद जी चश्मे के पीछे से किसी किताब का अध्ययन कर रहे थे, दुनिया की इस भीड़-भाड़ से कोसों दूर वे खुद से साक्षात्कार कर रहे थे। मेरे पूछने पर कि व्यवसाय कैसा चल रहा है, उन्होंने गहरी सांस ली और एक तीखी परन्तु शांत मुस्कान के साथ बोले, "आजकल लोगों को अपना चेहरा देखने से डर लगता है। वे आईने में नहीं, सेल्फी तक 'फिल्टर' में देखने के आदी हो गए हैं।" सामने वाली दुकान में तरह-तरह के मुखौटे सजे थे। 'सेल्फी-रेडी स्माइल' वाला मुखौटा सबसे ज्यादा बिक रहा था जो हमेशा एक जैसी, बिना दिल की चमकती हुई हंसी दिखाता। फिर था 'सोशल मीडिया संजीदगी' का मुखौटा, जिसे पहनकर लोग दुनिया को ज्ञान बाँटते नज़र आते, भले ही अंदर से खोखले हों। 'कार्यालयीन कर्मयोगी' का मुखौटा, 'शादी-पार्टी में रिश्तेदारी का भाव' वाला मुखौटा, और तो और छोटे-बड़े का भेद भाव हटाता मुस्कुराता मुखौटा भी खूब चलन में था। लोग बड़े चाव से अपने लिए वक्त जरूरत के हिसाब से उपयोग के लिए कई कई मुखौटे चुन रहे थे, उसे पहनते, देखते और संतुष्ट होकर ले जाते। सच्चिदानंद जी ने बताया, "पहले लोग आते थे। आईने के सामने खड़े होते, अपने चेहरे पर पड़ रही झुर्रियों, आँखों के नीचे के काले घेरों, या फिर मन के भावों को निहारते। कभी शर्मिंदा होते, कभी खुश। अपने आप से मिलते, अपनी कमियाँ सुधारने का संकल्प लेते। अब तो लोग अपनी सच्चाई से ही भाग रहे हैं। असली चेहरा तो शायद याद ही नहीं रहता।" यह विसंगति सिर्फ दुकानों तक सीमित नहीं है। यह तो हमारे सामाजिक जीवन का अटूट हिस्सा बन गई है। हम सुबह उठते ही मुखौटे पहनना शुरू कर देते हैं। ऑफिस जाते वक्त 'आदर्श कर्मचारी' का मुखौटा, सोशल मीडिया पर 'परफेक्ट लाइफ' वाला मुखौटा, दोस्तों के बीच 'हैप्पी-गो-लकी' का मुखौटा। हमने इतने मुखौटे ओढ़ लिए हैं कि असली चेहरा कौन सा था, यह भूल रहे हैं। आईना दिखाने वाले को हम दुश्मन समझने लगते हैं, क्योंकि वह हमें हमारा वह रूप दिखा देता है, जिसे हमने कब का दफन कर दिया है। खुद की सच्चाई से सामना सबसे डरावना काम है। मुखौटों की इस दुकान ने एक नया धंधा खोल दिया है , 'मुँह देखी बातों' का। यहाँ हर मुखौटे के लिए एक प्री रिकॉर्डेड बातें भी हैं। 'कैसे हो?' के जवाब में 'बढ़िया' की रिकॉर्डिंग, 'काम कैसा चल रहा है?' के उत्तर में'ऑल इज वेल' की आवाज। असलियत चाहे जो भी हो, मुखौटे और उसकी आवाज़ हमेशा लगभग एक जैसी रहती है। लोग इसी बनावटीपन में खुशी महसूस करते हैं।

आज का कार्टून

साभार




# नवरात्र का स्वरूप

नवरात्र की परम्परा भारतीय तन्त्र एवं पुराण साहित्य में अत्यन्त विस्तृत रूप से वर्णित है। देवी की उपासना कालानुसार, क्षेत्रानुसार एवं सम्प्रदायानुसार भिन्न भिन्न स्वरूप धारण करती है। शास्त्रों में यह स्पष्ट कहा गया है कि प्रत्येक कल्प में भगवती किसी विशेष रूप से अवतीर्ण होकर दैत्य का वध करती है और उसी कल्प की परम्परा के अनुसार नवरात्र का विधान प्रचलित हो जाता है। इस प्रकार कल्पभेद के कारण भगवती की नवदुर्गा-मालिका भी भिन्न भिन्न दिखाई देती है। श्वेतवाराहकल्प में भगवती ने कात्यायनी रूप धारण कर महिषासुर का संहार किया। इसी कारण इस कल्प में प्रतिपदा के दिन घटस्थापन कर नवरात्र का प्रारम्भ होता है और शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री—ये नवदुर्गा रूप पूजनीय माने जाते हैं। नीललोहितकल्प में देवी भद्रकाली रूपिणी, षोडशभुजासम्पन्ना, प्रकट होकर असुर का वध करती हैं। इस कल्प की विशेषता यह है कि नवरात्र का प्रारम्भ प्रतिपदा से न होकर आश्विन कृष्णपक्ष की एकादशी से होता है। एकादशी को उपवास, द्वादशी को एकभुक्त, त्रयोदशी को नक्तभोजन और चतुर्दशी को प्रबोधन, ततः अमावस्या को भगवतीपूजन कर पुनः प्रतिपदा में घटस्थापन की परम्परा है। रम्भकल्प में देवी अष्टादशभुजा उग्रचण्डा के रूप में प्रकट होती हैं और महिषासुर का उद्धार करती हैं। इस कल्प में भी प्रतिपदा में घटस्थापन होता है, किन्तु नवदुर्गा स्वरूप सर्वथा भिन्न—रुद्रचण्डा, प्रचण्डा, चण्डोग्रा, चण्डनायिका, चण्डा, चण्डवती, चण्डरूपा, अतिचण्डिका और उग्रचण्डा—इनकी पूजा विधान में प्रकट होती है। इस कल्प की विशेषता यह है कि नवमी के मध्याह्न में देवी का प्रबोधन सम्पन्न होता है। इन कल्पभेदों के अतिरिक्त नवरात्र का स्वरूप विभिन्न सम्प्रदायों में भी वैविध्यमय है। वैष्णव परम्परा, जिसे नारायणकल्प भी कहा जाता है, में देवी को श्रीलक्ष्मी का रूप मानकर पूजते हैं और नवरात्र का विधान लक्ष्मीनारायण की एकीकृत आराधना के रूप में सम्पन्न होता है। यहाँ पद्मा, श्रियः, धेनुः, चक्रिणी, वैष्णवी, माधवी, जनार्दनी, विष्णुप्रिया और महालक्ष्मी—ये नवदुर्गा मानी जाती हैं। गाणपत्य मार्ग, जिसे विनायककल्प कहा जाता है में भगवती को विनायकी अथवा गणपति पत्नी रूप से आराध्य माना गया है। यहाँ सिद्धिविनायकी, बुद्धिदायिनी, गजप्रिया, विघ्ननाशिनी, ऋद्धिप्रदा, सम्पत्तिदायिनी, सुखदा, मोक्षप्रदा और विनायकी दुर्गा की आराधना की जाती है। दक्षिण भारत की परम्पराओं में शाक्तमार्ग का एक विशेष रूप मिलता है, जिसे कभी कभी "सौर प्रक्रिया" भी कहा जाता है किन्तु यह "कल्प" नहीं है, केवल एक विधि है। इसमें भगवती के नवदुर्गा स्वरूप, वनदुर्गा, शूलिनी, जातवेदा, शान्ति, शबरी, ज्वालामालिनी, लवणा, आसुरी और दीपदुर्गा स्वीकृत हैं। ये रूप अरण्य, अग्नि, शान्ति, तपस्या, ज्योति, समुद्र, उग्रता और प्रकाश के प्रतीक माने जाते हैं। इसी प्रकार सौरसम्प्रदाय में भगवती को आदित्यतेजःस्वरूपिणी मानकर उपासना की जाती है और वहाँ सूर्यप्रभा, मिहिरा, भानुमती, आदित्या, रश्मिप्रिया, मार्तण्डेश्वरी, विवस्वती, प्रभामाया और ज्योत्स्ना, ये नवदुर्गा प्रतिष्ठित हैं। यह प्रक्रिया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, जो सूर्यनवसंवत्सर का आरम्भ है, उसी दिन से घटस्थापन द्वारा प्रारम्भ होती है और दशमी को तेजःसिद्धि तथा आरोग्यसंपत्ति का विधान है। इस प्रकार स्पष्ट है कि नवरात्र का स्वरूप द्विविध है—कल्पभेदात्मक और सम्प्रदायभेदात्मक। कल्पभेदात्मक स्वरूप श्वेतवाराह, नीललोहित और रम्भकल्प के रूप में प्रकट हुआ है जो कि शास्त्रनिरूपित काल-विशेष घटनाओं पर आधारित है। सम्प्रदायभेदात्मक स्वरूप वैष्णव, गाणपत्य, शाक्त एवं सौर परम्पराओं के रूप में विकसित हुआ है, जो सम्प्रदाय एवं आचार की पद्धतियों के अनुसार भिन्न भिन्न विधानों को ग्रहण करता है। अतः नवरात्र का धर्म रहस्यमय एवं बहुविध स्वरूपधारी है। कभी वह कात्यायनी रूप में, कभी भद्रकाली या उग्रचण्डा रूप में, तो कभी वनदुर्गा, विनायकी, महालक्ष्मी अथवा सूर्यप्रभा रूप में आराध्य होती है। यही इसकी वास्तविक विशेषता है कि समय और परम्परा के अनुकूल देवी सदा साधकों को उपास्यरूप से उपलब्ध होती हैं।

**-शिवानन्द मिश्रा**

# अब 6 सीटों पर नहीं, पूरे बिहार में लड़ेंगे चुनाव

## ओवैसी की हुंकार, लालू-तेजस्वी को भी लपेटा

महानगर नेटवर्क
डगरुआ/बायसी (पूर्णिया)



बिहार चुनाव को लेकर सीमांचल न्याय यात्रा पर निकले एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होने कहा कि अब 6 सीट नहीं बल्कि अपने हक के लिए ओवैसी पूरे बिहार में चुनाव लड़ सकता है। आरजेडी चीफ लालू यादव और तेजस्वी यादव को घेरते हुए ओवैसी ने कहा बिहार में बीजेपी को सत्ता से बेदखल करने को लेकर महागठबंधन में शामिल होने के लिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को दो बार खत लिखा। लेकिन लालू यादव और तेजस्वी यादव उसे नजरअंदाज करते रहे। ओवैसी ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद ने AIMIM के चार विधायकों को तोड़ कर अपनी पार्टी में शामिल कर हमें कमजोर करने की नाकाम साजिश रची। इसके बावजूद एआईएमआईएम महागठबंधन में शामिल होकर राजद के साथ चुनाव लड़ने को तैयार है। लेकिन लालू-तेजस्वी यादव ऐसा नहीं चाहते है। ओवैसी ने कहा कि लालू-तेजस्वी नहीं चाहते हैं कि सीमांचल के लोगों को उनका वाजिब हक मिले, और क्षेत्र का विकास हो। शुक्रवार को सीमांचल न्याय यात्रा के तहत डगरुआ के बरसौनी और डगरुआ में रोड शो से के बाद बेलगच्छी पुरब चौक मैदान में सभा को संबोधित करने के दौरान ये बातें कहीं। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जब तक जिंदा रहूंगा खुद को सीमांचल से अलग नहीं करूंगा। आज फिर दोहरा रहा हूं कि सीमांचल को हक दिलाना मेरी प्राथमिकता में शुमार है। उन्होंने कहा कि मजलिस की देन है कि आज संसद हो या बिहार विधानसभा दोनों ही जगह सीमांचल का नाम लिया जा रहा है। एआईएमआईएम से राजद में शामिल हुए चारों विधायक को गद्दार कहते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि एआईएमआईएम की वजह से विधायक बने और चारों ने पीठ में छुरा घोंप कर सीमांचल की आवाम के साथ धोखा किया। सभा को एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक अख्तरुल ईमान, आदिल हसन, गुलाम सरवर, जिला अध्यक्ष प्रवेज नाज, मुख्तार आलम,, मुखिया जिला संघ अध्यक्ष शमशाद आलम, जिला परिषद अध्यक्ष वाहिदा सरवर एवं नद्दीम अख्तर आदि ने भी संबोधित किया।

# एनडीए और महागठबंधन से आगे निकली BSP

## प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी

महानगर नेटवर्क
पटना


बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों की तैयारियां तेज हो गई है। एक तरह एनडीए और महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी बैठकें होनी है, लेकिन मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी है। बिहार में कैंडिडेट्स की सूची करने वाली पहली पार्टी भी बन गई है। पार्टी की तरफ से जारी पहली लिस्ट में भभुआ से लल्लू पटेल, मोहनियां (सु) से ओम प्रकाश दीवाना और रामगढ़ से सतीश यादव ऊर्फ पिन्टू यादव को उम्मीदवार घोषित किया है। बीएसपी ने जिन तीन विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है। उसमें तीनों चेहरे अपने-अपने क्षेत्र अलग पहचान रखते हैं। लल्लू पटेल भभुआ जिले से जिला परिषद सदस्य हैं। ओम प्रकाश दीवाना भोजपुरी जगत के प्रसिद्ध गायक हैं, जिन्हें मोहनिया से प्रत्याशी बनाया है। वहीं रामगढ़ सीट से सतीश यादव ऊर्फ पिन्टू यादव को उम्मीदवार बनाया है। जो पूर्व आरजेडी विधायक अंबिका यादव के बेटे हैं। बीते साल उपचुनाव में भी बसपा के प्रत्याशी थे। महज 1362 वोटों के अंतर से सतीश यादव बीजेपी प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह से हार गए थे। आपको बता दें मायावती की बीएसपी बिहार चुनाव अकेले दम पर लड़ रही है। बीएसपी चीफ पहले ही इस बात की घोषणा पहले ही कर चुकी हैं।



# तेज प्रताप की पार्टी में लालू का फोटो नहीं

## जन सुराज को स्कूल बैग के बाद जनशक्ति जनता दल को ब्लैकबोर्ड

महानगर नेटवर्क
पटना




बिहार में जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) बनाकर तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को महुआ के अलावा दूसरी विधानसभा सीटों पर भी चुनौती देने को तैयार लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को चुनाव आयोग ने ब्लैकबोर्ड चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया है। तेज प्रताप यादव समस्तीपुर जिले की हसनपुर सीट से विधायक हैं, लेकिन इस बार वैशाली जिले की महुआ सीट से लड़ने जा रहे हैं, जहां से 2015 के चुनाव में वो पहली बार जीते थे। तेज प्रताप इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। पार्टी सिंबल की जानकारी देने के लिए उन्होंने जो एक पोस्टर बनवाया, उसमें लालू का फोटो नहीं है। इससे पहले प्रशांत किशोर के नए दल जन सुराज पार्टी को स्कूल बैग चुनाव चिह्न मिला था। तेज प्रताप यादव ने पार्टी के पोस्टर में महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर कुल पांच नेताओं का फोटो इस्तेमाल किया है। पोस्टर में दूसरे दल के नेताओं की फोटो लगाने को लेकर 2020 के विधानसभा चुनाव में बिहार में बवाल हुआ था। तब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से टूटकर अकेले लड़े चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) अपने पोस्टर-बैनर में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो का इस्तेमाल कर रही थी। भाजपा ने इस पर आपत्ति जताई तब खुद को मोदी का हनुमान बताने वाले चिराग ने कहा था कि मोदी तो उनके दिल में हैं, फोटो की जरूरत नीतीश कुमार को होगी। इसके बाद लोजपा की प्रचार सामग्री में मोदी के फोटो का इस्तेमाल बंद हुआ था। चिराग की पार्टी ज्यादातर नीतीश के जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की सीट पर लड़ी और सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल कर सकी।

## मुझे पाला, पापा को किडनी दी

# रोहिणी आचार्या के लिए भावुक हुए तेजस्वी



महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार चुनाव से पहले लालू यादव के परिवार में घमासान मचा है। राजद से निकाले जाने के बाद तेजप्रताप यादव ने अपनी अपनी पार्टी बना ली तो रोहिणी आचार्या ने परिजनों समेत पार्टी के सदस्यों को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रोहिणी आचार्या को लेकर भावुक बयान दिया है। कहा है कि उनकी कुर्बानी की कोई तुलना नहीं है। बहन पर अंगुली उठाना बर्दाश्त नहीं करेंगे। तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर हमला बोला। रोहिणी आचार्या के ट्वीट पर विपक्ष की ओर से सवाल उठाए जाने पर तेजस्वी यादव ने कहा, " रोहिणी दी बड़ी बहन हैं, मुझे पाला है, पोसा है, बड़ा किया है। रोहिणी दी ने जो कुर्बानी दी है उसकी तुलना नहीं हो सकती क्योंकि शायद ही आज के जमाने में कोई अपने परिवार में किसी को किडनी दे। छपरा की जनता ही चाहती थी कि उन्हें छपरा से टिकट मिले और लालू जी ने सारण की जनता की बात सुनकर के रोहिणी जी को टिकट दिया। उनकी अपनी कोई लालसा कभी ना टिकट पाने में रही ना किसी को दिलाने में। उस समय भी सम्राट चौधरी ने क्या कहा था? ये लोग माई बहन की इज्जत करने वाले लोग नहीं हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर हमला बोलते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, "इतनी बड़ी कुर्बानी के बाद भी सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू जी ने किडनी लेकर बेटी को टिकट दिया। पिता और बेटी के रिश्ते पर इस तरह का लांछन लगाना भाजपा की संस्कृति है। रोहिणी दी शुरू से ही मुझे आगे बढ़ाने में और पार्टी को मजबूत करने में लगी रहीं। फेसबुक पर बीजेपी के लोग तरह-तरह के कमेंट करने लगते हैं। अब ट्रोलर मुझे भी गाली देता है, लालू जी को भी गाली देता है और सबको गाली देता है। लेकिन जो लोग इस तरह का काम कर रहे हैं, हमारी बहनों पर उंगली उठा रहे हैं, यह बर्दाश्त के बाहर है। किसी की मां और बहन पर इस तरह का लांछन लगाना ठीक नहीं है।

## चुनाव से पहले 10000 रुपए पकड़ा दिए, ये सम्मान नहीं...

# पटना में महिला संवाद में गरजीं प्रियंका गांधी

महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार दौरे पर आईं कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी ने पटना स्थित कांग्रेस कार्यालय (सदाकत आश्रम) में आयोजित 'महिला संवाद' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होने बीजेपी और नीतीश सरकार पर हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि आपको देखना पड़ेगा कि कौन सी पार्टी आपको सम्मान दे रही है। सम्मान का मतलब ये नहीं कि चुनाव से पहले कुछ पैसे दे दिए जाएं- ये तो खरीदने की कोशिश है। महिला सम्मान तब होगा, जब आपको हर महीने सही मानदेय मिलेगा, जब आपको अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार आपकी मदद करेगी, जब आपकी बेटियां पढ़ने जाएंगी और अपने आपको सुरक्षित समझेंगी।



कांग्रेस महासचिव ने कहा कि बीजेपी और नीतीश सरकार आपको कभी ऐसा सम्मान नहीं देगी। यहां जब आप अपने हक के लिए आवाज उठाती हैं तो आपको पीटा जाता है और जेल में बंद कर दिया जाता है। महिला संवाद कार्यक्रम में बिहार की आशा, आंगनवाड़ी, किसान, मजदूर एवं अन्य व्यवसायों से जुड़ी महिलाओं के साथ संवाद कर प्रियंका ने उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि इंडिया गठबंधन की सरकार उनकी समस्याओं का व्यापक समाधान पेश करेगी।

महिलाओं से अपील करते हुए प्रियंका ने कहा कि हम सब बहनें हैं, सबके अलग - अलग संघर्ष हैं। यह बहुत जरूरी है कि संघर्ष को शक्ति में बदलें। 20 साल से आपके जीवन में तरक्की नहीं हुई है। आप बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे हो। कांग्रेस महासचिव ने आगे कहा कि यहां रोजगार के साधन नहीं है। पलायन के कारण आपके पति बाहर मजदूरी करते हैं। आपको यहां अकेले रहना पड़ता है। आप घर की परिस्थितियां समझती हैं, चुनावी परिस्थिति भी समझिए। प्रियंका गांधी ने वादा करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार आई तो महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए, 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज और भूमिहीन परिवारों के लिए 3 से 5 डिसमिल जमीन, जिसका मालिकाना हक महिलाओं को मिलेगा।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 2 दिन मुजफ्फरपुर में

## 243 सीटों पर गौ-रक्षकों को चुनाव लड़ाएंगे



**मुजफ्फरपुर।** अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मुजफ्फरपुर आ रहे हैं। इन दिनों वे स्वामी जी बिहार के चुनावी दौरे पर हैं। उन्होंने बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों पर गौ-रक्षक उम्मीदवारों को चुनाव लड़ाने का एलान किया है। मुजफ्फपुर के सिकंदरपुर स्थित श्री राणी सती मंदिर में शुक्रवार को उनके आगमन को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें उनके दो दिवसीय मुजफ्फरपुर में कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। बताया गया कि स्वामी जी का आगामी पांच अक्टूबर को शहर में आगमन होने जा रहा है। वे संध्या में शिवहर से मुजफ्फपुर आएंगे। मेडिकल ओवर ब्रिज के पास आयोजन समिति द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

## विधवा भाभी के साथ देवर ने किया गंदा काम

**बेतिया।** बिहार के बेतिया में एक बदमाश देवर ने विधवा भाभी के साथ गंदा काम किया। घटना नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव की है। घर में अकेली सोई विधवा भाभी से देवर ने दुष्कर्म के प्रयास की घटना को अंजाम दिया। मना करने पर बदमाश ने जान से मार देने की धमकी दी। घटना 15 सितंबर की है। मामले को पंचायत में निपटाने की कोशिश की गई। इस वजह से महिला ने विलंब से नौतन थाना पहुँच एफआईआर दर्ज कराई है । सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि एक महिला की शिकायत पर नौतन थाना में जनक देव यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। नौतन थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मां के सामने बेटे ने ब्लेड से काट लिया गला

## गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर, युवक मांग रहा था पैसे

महानगर नेटवर्क
खगड़िया



बिहार के खगड़िया में पैसे देने से इनकार करने पर एक बेटे ने अपनी मां के सामने खूनी कांड कर दिया। परबत्ता थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव में शुक्रवार को लाचार मां नें पैसा देने से इंकार किया तो बेटे ने ब्लेड से आत्महत्या करने का प्रयास किया। घायल युवक मुरादपुर गांव निवासी चंद्रकिशोर मिश्रा का 24 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार बताया जा राजा है। परिजनों नें खून से लथफथ सूरज को इलाज के लिये सीएचसी पहुंचाया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार बाद उसे बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल खगड़िया भेज दिया गया जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सूरज किसी काम के लिये अपनी मां से रुपए की मांग कर रहा था।

# पापा झारखंड में मंत्री, चाचा बिहार में विधायक

## तीसरी सीट से MLA चुनाव लड़ने को बच्चा तैयार है

महानगर नेटवर्क
पटना



राजनीति में परिवारवाद के खिलाफ ज्ञान और बयान तो कई नेता देते रहते हैं लेकिन पार्टियों में यह बीमारी गहरी हो चली है। भागलपुर जिले के कहलगांव विधानसभा क्षेत्र में लगातार घूम रहे रजनीश यादव राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से टिकट की रेस में हैं। रजनीश यादव का परिचय यह है कि वो पड़ोसी राज्य झारखंड के गोड्डा जिले की गोड्डा सीट से राजद के विधायक हैं और हेमंत सोरेन की सरकार में उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री हैं। रजनीश यादव के चाचा यानी राजद मंत्री संजय यादव के भाई मनोज यादव बगल के बांका जिले की बेलहर सीट से जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के विधायक हैं। मनोज पहले भागलपुर बांका स्थानीय निकाय सीट से विधान पार्षद भी रह चुके हैं। झारखंड के गोड्डा और बिहार के बांका जिले की एक-एक सीट से दोनों भाई विधायक हैं। मंत्री भाई का बेटा तीसरे जिले भागलपुर की उस सीट से टिकट मांग रहा है, जो सीट कांग्रेस के बड़े नेता सदानंद सिंह की पारंपरिक सीट रही है। 2020 के विधानसभा चुनाव में कहलगांव सीट से कांग्रेस ने सदानंद के बेटे शुभानंद मुकेश को लड़ाया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के पवन कुमार यादव ने उनको हरा दिया। सदानंद सिंह 9 बार कहलगांव से विधायक रहे और कई बार राज्य सरकार में मंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष तक बने। कहलगांव सीट पर ज्यादातर कांग्रेस का कब्जा रहा है और इसे पार्टी की मजबूत सीट माना जा सकता है। बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन में सीट बंटवारे की बातचीत के दौरान कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने राजद से कहा कि सबको 'अच्छी सीट' मिले।

## व्यापार

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने की सेफ सेकंड अकाउंट की शुरुआत

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली




आज डिजिटल भुगतान दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। किराना स्टोर से लेकर शॉपिंग मॉल्स, OTT सब्सक्रिप्शन, ट्रैवल की बुकिंग, यूटिलिटी बिल और ऑनलाईन शॉपिंग आदि सभी का भुगतान UPI के माध्यम से किया जा रहा है। इससे जहाँ एक तरफ लोगों की सुविधा बढ़ी है, तो दूसरी तरफ ऑनलाईन धोखाधड़ी का जोखिम भी काफी ज्यादा हो गया है, जिसमें फिशिंग, जाली ऐप, सिम स्वैप और अनधिकृत लेन-देन आदि शामिल हैं। इसलिए ग्राहकों को भुगतान करने के साथ मन की शांति प्रदान करने के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने सेफ सेकंड अकाउंट की शुरुआत की है । यह भुगतान करने का ज्यादा स्मार्ट और सुरक्षित तरीका है। यह ग्राहकों को अपनी मुख्य बचत सुरक्षित रखने में समर्थ बनाता है। वो रोजमर्रा के भुगतान के लिए अपने सेकंड अकाउंट के रूप में एयरटेल पेमेंट्स बैंक का खुलकर उपयोग कर सकते हैं।

**सेफ सेकंड अकाउंट क्यों जरूरी है?**

प्रत्येक डिजिटल लेनदेन के साथ मूल बचत को जोखिम में डालने के बजाय, ग्राहक दैनिक खर्च के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के सेफ सेकंड अकाउंट का उपयोग कर सकते हैं। अनुब्रत बिस्वास, एमडी एवं सीईओ, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा, डिजिटल पेमेंट्स ने भारत में पैसे का प्रबंधन करने का तरीका बदल दिया है। लेकिन सहूलियत के साथ सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी आती है।

## भारी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार लगातार छठवें दिन लाल निशान पर बंद हुआ। शुक्रवार बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बड़े टैरिफ की घोषणा के बाद आई। उन्होंने कहा कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जाएगा। नए टैरिफ 1 अक्टूबर, 2025 से लागू होने वाले हैं। इस घोषणा के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में भारी गिरावट देखी गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 733.22 अंक या 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,426.46 पर बंद हुआ।

# 30 सितंबर को खुलेगा मुनीश फोर्ज लिमिटेड का IPO



मुंबई। मुनीश फोर्ज लिमिटेड का आईपीओ 30 सितंबर को खुलेगा और कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से 73.92 करोड़ जुटाएगी।इसके शेयर एनएससी इमर्ज प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।इस इश्यू का आकार 77,00,400 इक्विटी शेयरों का है,जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है और प्राइस बैंड रुपए 91 से 96 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर निवेशकों का हिस्सा 29 सितंबर को खुलेगा और आईपीओ 3 अक्टूबर को बंद होगा। इस अवसर पर मुनीश फोर्ज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दविंदर भसीन ने कहा कि पिछले चार दशकों में मुनीश फोर्ज लिमिटेड ने प्रिसिजन इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है और रक्षा,तेल एवं गैस,ऑटो मोबाइल और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों की सेवा प्रदान की है।कंपनी फोर्ज और कास्ट किए गए घटकों की आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करती है और अपने ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखती है।

**बी.ए.जी. कन्वर्जन्स लिमिटेड का आईपीओ 30 सितंबर को**

बी.ए.जी. कन्वर्जन्स लिमिटेड अपनी IPO30 सितंबर को खोलने जा रहीं है । कंपनी का लक्ष्य 48.72 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाने का है, और शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।इस इश्यू में 56,00,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं, प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 है, और प्राइस बैंड 82 – 87 प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग मौजूदा व्यवसाय के विस्तार, कंटेंट का अधिग्रहण/उत्पादन, ब्रांड निर्माण खर्च और सामान्य कॉर्पोरेट प्रयोजनों के लिए किया जाएगा। एंकर हिस्सा 29 सितंबर को खुलेगा और इश्यू 03 अक्टूबर को बंद होगा।

## पैंटालून्स के फेस्टिव एडिट कलेक्शन का अनावरण

**मुंबई।** भारत के सबसे लोकप्रिय फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल ब्रांड पैंटालून्स (आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड – ABFRL का हिस्सा) ने अपना नया फेस्टिव एडिट कलेक्शन लॉन्च किया। बॉलीवुड स्टाइल आइकन रिया कपूर द्वारा क्यूरेट यह कलेक्शन हर अवसर और त्योहार के लिए वर्सेटाइल और फैशन-फॉरवर्ड लुक्स पेश करता है। यह लॉन्च पैंटालून्स के नए री-डिज़ाइन किए गए स्टोर – आर सिटी मॉल, घाटकोपर, मुंबई में हुआ, जो ब्रांड की नई रिटेल पहचान को दर्शाता है। यह स्टोर एक फैशन-फर्स्ट और वाइब्रेंट डेस्टिनेशन है, जो ग्राहकों के लिए शॉपिंग अनुभव को और मजेदार बनाता है।

## 'मिलर्स फॉर न्यूट्रिशन'का पोषित आहार ब्रांड लांच

**मुंबई।** मिलर्स फॉर न्यूट्रिशन, एक वैश्विक उद्योग-आधारित पहल, ने आज एशिया में पोषण से जुड़ी कई बड़ी उपलब्धियों की घोषणा की। संगठन ने स्पष्ट किया कि छिपे हुए कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में भारत, बांग्लादेश और इंडोनेशिया तेजी से अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर यह कार्यक्रम आठ देशों—भारत, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया, केन्या, तंज़ानिया और इथियोपिया में चलाया जा रहा है। परंतु हाल के समय में भारत, बांग्लादेश और इंडोनेशिया से सबसे अहम ब्रांड लॉन्च और क्षमता-विकास के कदम सामने आए हैं।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 की धमाकेदार शुरुआत

**नई दिल्ली।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, जो 22 सितंबर को प्राइम मेंबर्स और 23 सितंबर को सभी ग्राहकों के लिए शुरू हुआ, ने Amazon.in पर सेलर्स और ब्रांड पार्टनर्स के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की है. इस फेस्टिवल ने 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहक विज़िट्स आकर्षित किए, जिनमें से 70% से अधिक टॉप 9 मेट्रो शहरों से बाहर से थे. ग्राहकों ने जीएसटी लाभ के साथ बचत का आनंद लिया, Amazon.in पर 1 लाख से ज्यादा प्रोडक्ट्स सबसे कम कीमत पर पाए और 30,000 से ज्यादा नए प्रोडक्ट्स का लॉन्च भी देखा. इन नई लॉन्चिंग में स्मार्टफोन, लैपटॉप, टीवी, फैशन और ब्यूटी, होम डेकोर, अप्लायंसेस, फर्नीचर और ग्रॉसरी जैसे कैटेगरीज शामिल हैं. इनमें टॉप ब्रांड्स जैसे एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, आईक्यूओओ, सोनी, एचपी, एलजी, बॉश, हायर, टिरटिर, लेनिएज और लेवीज शामिल रहे. अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, " अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 की शुरुआत रिकॉर्ड तोड़ रही है. शुरुआती 48 घंटे हमारे लिए अब तक के सबसे बड़े रहे, जिसमें 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहक विज़िट्स और प्राइम अर्ली एक्सेस के दौरान सबसे ज्यादा प्राइम मेंबर्स की शॉपिंग दर्ज हुई. #GSTBachatUtsav पहल को बेहद सराहना मिली है, जहां सिर्फ 48 घंटों में ही सेलर्स ने हमारे डेडिकेटेड स्टोरफ्रंट के जरिए होम अप्लायंसेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेली एसेंशियल्स, हेल्थकेयर, फैशन और अन्य प्रोडक्ट्स पर करोड़ों रुपये के जीएसटी लाभ ग्राहकों तक पहुंचाए. हमें गर्व है कि देशभर के लाखों सेलर्स, छोटे व्यवसायियों और स्थानीय कारीगरों से लेकर मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स तक, को मजबूत बिजनेस ग्रोथ मिल रही है.




## आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने पेश किया ऑप्टिगल® प्राइम




**मुम्बई।** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने जम्मू-कश्मीर में ऑप्टिगल® प्राइम लॉन्च किया है। यह कलर कोटेड, उच्च-गुणवत्ता वाला स्टील है, जो यूरोप के मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। क्षेत्र की अत्यधिक ठंड, लंबे मानसून और मौसम की बार-बार बदलती परिस्थितियों से स्टील पर जंग और क्षरण का खतरा बढ़ जाता है। ऑप्टिगल® प्राइम इन्हीं चुनौतियों का समाधान है और इसे पहाड़ी घरों से लेकर हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन, हाइवे तथा अन्य बड़े बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट्स के लिए आदर्श माना जा रहा है। आर्सेलर मित्तल द्वारा विकसित यह श्रृंखला टिकाऊपन का नया मानक है। ऑप्टिगल® रेन्ज की शुरुआत के साथ AM/NS India देश में उच्च गुणवत्ता वाले C4 ग्रेड स्पेशलिटी स्टील की एकमात्र घरेलू उत्पादक बन गई है।

# सिरिब्रोवास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया ने आयोजित किया NEUROVASCON 2025

महानगर नेटवर्क
मुंबई

भारत में स्ट्रोक के मामलों में हो रही चिंताजनक बढ़ोतरी को देखते हुए सिरिब्रोवास्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीवीएसआय) ने मुंबई में NEUROVASCON २०२५ कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में भारत के जानेमाने वैज्ञानिक और भारत के ब्रह्मोस मैन कहलाने वाले डॉ. ए.सिवथानु पिल्लई मुख्य अतिथी के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्ट्रोक के बारे में लोगों में जागरूकता निर्माण करना, स्ट्रोक के लक्षणं और समय पर इलाज के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी लोगों तक पहुचांना था। इसमें प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन और अन्य विशेषज्ञों ने स्ट्रोक के मामलों में तेज़ी से हो रही बढ़ोतरी पर चर्चा की। इस चर्चासत्र में सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संगीता रावत, प्रिवेंटिव हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. भावना दियोरा, कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन और न्यूरोसर्जन डॉ. दत्तात्रय मजूमदार सामिल हुए थे। एक जागरूकता कार्यक्रम में 35 से 55 साल की उम्र के करीब 100 लोग शामिल हुए। डॉक्टरों ने स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण पहचानने और इलाज की ज़रूरत पर जानकारी दी। स्ट्रोक से ठीक हुए मरीज़ों ने अपने अनुभव बताए। डॉक्टरों ने समझाया कि अगर मरीज़ समय पर अस्पताल पहुँचे तो उसकी जान बच सकती है। Neurovascon 2025 के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी और कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन डॉ. बतुक दिओरा ने कहाँ की, ब्रेन स्ट्रोक दो प्रकार का होता है। पहला, इस्केमिक स्ट्रोक – जब दिमाग की नस में क्लॉट बनने से खून और ऑक्सीजन की सप्लाई रुक जाती है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# अब बिना भेदभाव विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3.96 लाख से अधिक स्टूडेंट्स को दिया तोहफा

महानगर संवाददाता
लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के चार लाख छात्र-छात्राओं को दिवाली गिफ्ट देते हुए छात्रवृत्ति वितरित की। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितंबर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। राज्य सरकार ने 26 शुक्रवार को 3. 96 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति का तोहफा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टूडेंट्स से अपील की है कि वह इस छात्रवृत्ति का उपयोग अपनी पढ़ाई लिखाई के लिए करें।



पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी अब सितंबर में मिला करेगी। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016-17 और 17-18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। बता दें कि फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितंबर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। राजधानी लखनऊ में आयोजित वितरण कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था को भी 11 करोड़ से बढ़ाकर 35 करोड़ किया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कई बार विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए डाटा फीड करने में त्रुटि हो जाती है। ऐसे में छात्र अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। इसके लिए हम एआई के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं जिससे कि प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम हो और जैसे ही छात्र का पंजीकरण हो जाए उसके फोन पर पूरी डिटेल उपलब्ध हो और समय पर छात्रवृत्ति पहुंच जाए। इसकी व्यवस्था की जा रही है।

सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी शिक्षा से, अपनी योग्यता से हमारे देश को और समाज को दिशा दी थी। सरकार का प्रयास है कि हर छात्र को सहायता मिले जिससे कि वो अपनी शिक्षा से समाज के विकास में योगदान दे सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूपी सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा है कि योगी सरकार ने पिछले वर्ष 60 लाख बच्चों को छात्रवृत्ति दी है। इस बार एक नई बात ये होगी कि जो बच्चे किसी भी कारणवश भले ही वो तकनीकी कारण रहे हों छात्रवृत्ति लेने से वंचित रहे हैं। उन्हें भी इस वर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी साथ ही एक ऐसी एप का भी विकास किया जाएगा, जिसमें बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की पूरी जानकारी होगी। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि कोई भी बच्चा छात्रवृत्ति से वंचित न रह जाए।

# विश्वविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्तियों वाली कमेटी में होगा शासन का प्रतिनिधि

महानगर संवाददाता
लखनऊ

### प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश

उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर नियुक्तियों की कमेटी में अब शासन का भी प्रतिनिधि नामित किया जाएगा ताकि नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो। इतना ही नहीं विश्वविद्यालयों से संबद्ध महाविद्यालयों, नए पाठ्यक्रमों की मान्यता व नए महाविद्यालयों की स्थापना के लिए एनओसी जारी करने की प्रक्रिया में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को भी शामिल किया जाए।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बृहस्पतिवार को विधान भवन स्थित कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए जल्द ही एक समिति गठित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक कैलेंडर का पालन न करने पर संबंधित कुलपति की जिम्मेदारी शासन स्तर पर तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री ने अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों की भांति विश्वविद्यालय के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान दिए जाने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल, सचिव अमृत त्रिपाठी, विशेष सचिव गिरजेश त्यागी व निधि श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### शिक्षक पुरस्कार जल्द शुरू करने की तैयारी

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिए जाने वाले शिक्षक पुरस्कार को जल्द शुरू करने पर सहमति बनी। मंत्री ने इसके लिए अधिकारियों को कार्य योजना प्रस्तुत करने को कहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मूल्यांकन समिति का गठन किया जाएगा। बता दें कि अमर उजाला ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद उच्च शिक्षा विभाग ने यह तैयारी शुरू की है।

# पिटाई मामले में शिक्षक के पक्ष में उतरे मंत्री पटेल, कार्रवाई को बताया गलत

### कहा- सच सामने आए

**सीतापुर।** जिले में बेसिक शिक्षा अधिकारी की पिटाई का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। इस पूरे मामले पर यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने इस प्रकरण पर दुख जताते हुए प्रधानाचार्य बृजेंद्र वर्मा का समर्थन किया और उनके खिलाफ हुई एकतरफा कार्रवाई को गलत बताया कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने शिक्षक बृजेंद्र वर्मा का इस तक प्रताड़ित कर दिया गया था कि वो अपना आपा खो गए। लेकिन, इस मामले में एक तरफा कार्रवाई की गई जो सही नहीं है। उन्होंने इस संबंध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से भी बात की और घटना की निष्पक्ष जांच करने को कहा है।

आशीष ने सीतापुर पिटाई कांड पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर प्रतिक्रिया दी और लिखा कि- 'सीतापुर का शिक्षक प्रकरण बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षक बृजेंद्र वर्मा जो कि कर्मठ,ईमानदार और नियमित विद्यालय जाने वाले शिक्षक थे। उनको इस हद तक प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने अपना आपा खो दिया। मात्र 20 सेकंड की वीडियो क्लिप के आधार पर शिक्षक को एकतरफा दोषी ठहरा देना न्याय उचित नहीं है. बीएसए ऑफिस में प्रवेश करने से लेकर के अंत तक की सारी सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन के आधार पर जो भी दोषी हो उस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। आखिर वो कौन सी परिस्थितियों उत्पन्न हुई जिससे एक शिक्षक यह कृत्य करने पर मजबूर हुआ जिसकी सच्चाई सामने आना चाहिए. इस संबंध में मेरी वार्ता बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जी से हुई है उन्होंने आश्वस्त किया है कि घटना की निष्पक्ष जांच होगी और प्रकरण में जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सीतापुर का शिक्षक प्रकरण बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षक बृजेंद्र वर्मा जो कि कर्मठ, ईमानदार और नियमित विद्यालय जाने वाले शिक्षक थे।

### बीएसए की पिटाई का मामला

बता दें कि बीते मंगलवार को सीतापुर बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह के बुलाने पर प्रधानाचार्य बृजेंद्र वर्मा उनके ऑफ़िस पहुंचे थे। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें थोड़ी देर बातचीत के बाद बृजेंद्र वर्मा अपनी बेल्ट उतारकर बीएसए की पिटाई करते दिख रहे हैं। इसके बाद दफ्तर का स्टाफ़ आता है और बृजेंद्र वर्मा को पकड़ लेता हैं। हालांकि सीसीटीवी में इससे आगे का वीडियो नहीं हैं। दावा किया जा रहा है कि इसके बाद बृजेंद्र वर्मा की स्टाफ़ के दस बारह लोगों ने मिलकर पिटाई की हैं। मामले में बीएसए की शिकायत पर बृजेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है

# सुनीता सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की निर्विरोध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुनी गईं

महानगर संवाददाता
वाराणसी

अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारिणी की त्रैवार्षिक असाधारण बैठक सह चुनाव में बांद्रा वेस्ट, मुंबई की निवासी सुनीता सिंह (पति विजय कुमार सिंह) को सर्वसम्मति से संगठन का निर्विरोध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया है।



उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित होटल सर्वेश्वरी में आयोजित संगठन की अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना कार्यकारिणी समिति की त्रैवार्षिक असाधारण बैठक में निर्वाचन की प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से पूरी की गई। तीन देशों और भारत के 22 राज्यों की वरीय प्रतिनिधियों के द्वारा सुनीता सिंह को मिले एकमुश्त समर्थन के उपरांत निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नेपाल से पधारी राष्ट्रीय मधेशी आयोग, नेपाल की पदाधिकारी आभा सेतु सिंह और निर्वाचन पर्यवेक्षक के रूप में चंबल से पधारी बिगबॉस फेम सीमा परिहार ने संयुक्त रूप से सुनीता सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश वीरांगना महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने उन्हें अपने हाथों से सम्मानित कर बधाइयां दी। सुनीता सिंह प्रतिष्ठित, सामाजिक और राजनीतिक परिवार से संबंध रखती हैं और महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री कृपाशंकर सिंह की बड़ी बेटी हैं। उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान रखने वाली सुनीता सिंह जनहित सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में अनाथ बच्चों के भरण पोषण, उत्थान, शिक्षा और साथ-साथ पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण, वृक्षारोपण, प्रदूषण आदि पर लंबे समय से कार्यशील हैं। सुनीता सिंह पूर्व में भारत सरकार के द्वारा

### महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री कृपाशंकर सिंह की पुत्री हैं सुनीता

गठित चाइल्ड लेबर एडवाइजरी बोर्ड की भी सदस्य रह चुकी हैं और इस दौरान उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन पर कई उल्लेखनीय कार्य किए। उत्तर क्षेत्रीय महिला संघ से जुड़कर भी समाज में महिलाओं की अग्रणी भूमिका और उनके उत्थान के प्रति कार्य करती रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डॉ एम एस सिंह मानस, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रंभा सिंह और महामंत्री प्रो रश्मि सिंह बैस सहित पूरी टीम ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा का निर्विरोध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाइयां दी है। साथ ही यह विश्वास प्रकट किया है कि उनके अनुभवों और मार्गदर्शन का लाभ हर स्तर पर संगठन को प्राप्त होगा और संगठन महाराष्ट्र और आस-पास के राज्यों में नई बुलंदियों को हासिल करेगा।

# प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य देवव्रत के बेटे की सड़क हादसे में मौत



**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के मलाका के पास देर रात हुए सड़क हादसे में प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज के दो वर्षीय मासूम बेटे की मौत हो गई, जबकि उनके भाई शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बेटे की तबीयत खराब होने के बाद परिवार के लोग उसे उपचार के लिए प्रतापगढ़ प्रयागराज आ रहे थे। मलाका के पास कार डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस मामले छानबीन में जुट गई है। आचार्य देवव्रत जी महाराज की कथा होलागढ़ इलाके में चल रही है। बृहस्पतिवार की देर रात कथावाचक के दो वर्षीय बेटे की तबीयत खराब हो गई। परिवार के लोग उसका उपचार कराने के लिए प्रयागराज आ रहे थे। मलाका के पास कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आचार्य के भाई शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आचार्य देवव्रत प्रतापगढ़ में हथिगवां थाना क्षेत्र के परसीपुर बटौआ के रहने वाले हैं।

# उत्तर प्रदेश कैबिनेट मीटिंग में 22 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। इसमें 22 प्रस्ताव पेश किए गए। सभी पर मुहर भी लग गई।

यूपी सेमी कंडक्टर नीति के तहत फॉक्सकॉन को स्थान परिवर्तन की मंजूरी दी गई। उच्च शिक्षा और गुणवत्ता के लिए ठाकुर युवराज सिंह महाविद्यालय, फतेहपुर और गांधी विवि, झांसी को आशय पत्र दिया गया है। साथ ही चंदौसी में राधा गोविंद विवि को मंजूरी दी गई है। जिला खनिज न्यास नियमावली को भी मंजूरी मिल गई है। 70 प्रतिशत निधि पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य आदि में खर्च होगी। जबकि 30 फीसदी बुनियादी विकास, शिक्षा आदि में खर्च होगा। इसके अलावा भूतत्व और खनिकर्म के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

# राम मंदिर परिसर में बनेगा विशाल गार्डन

महानगर संवाददाता
अयोध्या

### लगातार गूंजती रहेंगी भजन-कीर्तन की ध्वनियां

राम मंदिर परिसर अब और भी भव्य और भक्तिमय रूप लेने जा रहा है। मंदिर प्रांगण में एक विशाल गार्डन का निर्माण किया जाएगा, जहां भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनियां गूंजेंगी। श्रद्धालु यहां सादगी भरे भजनों के बीच आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर सकेंगे।



खास बात यह है कि इस गार्डन में कोई प्रतिमा स्थापित नहीं की जाएगी। इसे पूरी तरह भक्ति और आस्था का स्थल बनाया जाएगा। इस बीच राम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक में अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय को लेकर भी चर्चा हुई। यह संग्रहालय पूरी तरह हाईटेक और आधुनिक तकनीक से लैस होगा। संग्रहालय में ऐसी गैलरियां बनाई जाएंगी, जहां रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंग जीवंत नजर आएंगे। इस प्रोजेक्ट की तकनीकी जिम्मेदारी आईआईटी, चेन्नई को दी गई है, जिससे श्रद्धालुओं को रामकथा का आधुनिक अनुभव मिलेगा।

# बस्ती : आयुष्मान भारत का आरोग्य मंदिर बंद

महानगर संवाददाता
बस्ती

उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल जगजाहिर है। लाख दावों के बाद भी स्थिति आदर्श नहीं हो पा रही है। जी हां कुछ यही हाल बस्ती जनपद के परशुरामपुर क्षेत्र में बने आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित मजगवा माफी गांव का आरोग्य मंदिर का है, जो पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है। ग्रामीणों की कई शिकायतों के बाद भी अस्पताल का ताला सिर्फ कागजों में खुला। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में आरोग्य मंदिर के स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर हमेशा ताला लटका रहता है और यहां कोई भी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं होता।




अस्पताल की बदतर स्थिति का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बंद पड़े आरोग्य मंदिर के परिसर के चारों ओर जंगली झाड़ियां उग आई हैं. इतना ही नहीं, आरोग्य मंदिर के अंदर रखा समस्त सामान धूल फांक रहा है। परिसर में फैली यह अव्यवस्था और गंदगी, सीधे तौर पर स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता की गवाही दे रही है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस स्थिति में उन्हें केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके लिए यह सेंटर स्थापित किया गया था। सीएमओ राजीव निगम के संज्ञान में जैसे ही मामला आया फिर वही रटा रटाया जवाब आ गया। सीएमओ ने कहा जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने कागजों में हरकत में आते हुए कार्रवाई शुरू भी कर दिया है। डीसीपीएम दुर्गेश मल ने पुष्टि की है कि बंद पड़े सेंटर के लिए जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को तुरंत लेटर जारी करते हुए उनका वेतन रोकने का आदेश भी दिया है।

# सीएचसी के एक्सरे मशीन में उतरा करंट, टेक्नीशियन झुलसा

महानगर संवाददाता
अमेठी

यूपी के अमेठी में शुक्रवार सुबह सीएचसी में लगी एक्सरे मशीन में करंट आ गया। अचानक मशीन में उतरे करंट की चपेट में आकर टेक्नीशियन राजेश कुमार झुलस गए। स्टाफ ने उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। राजेश कुमार ने बताया कि वह दो मरीजों का एक्सरे कर चुके थे। जैसे ही तीसरे मरीज की जांच शुरू की, तभी मशीन में उतरे करंट से हादसा हो गया। करीब 30 साल पुरानी मशीन से ही मजबूरी में जांच की जा रही है। डिजिटल एक्सरे सुविधा न होने से मरीज लंबे समय से परेशान हैं। पहले जहां रोजाना 50 से अधिक लोग जांच कराने आते थे, वहीं अब संख्या घटकर 10–15 रह गई है। संग्रामपुर और भेटुआ नौगिरवा सीएचसी पर डिजिटल मशीनें लगने के कारण मरीज वहां जाने को विवश हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि मशीन काफी पुरानी हो चुकी है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही नई डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर जांच सुविधा मिल सके।

# यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष पद से कीर्ति पांडेय ने दिया इस्तीफा

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष कीर्ति पांडेय ने एक साल में ही अपनी कुर्सी छोड़ दी। उन्होंने अध्यक्ष पद से अचानक इस्तीफा दे दिया। यूपी सरकार ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। कीर्ति पांडेय के इस्तीफे के बाद खाली पद की जिम्मेदारी आयोग ने अब वरिष्ठ सदस्य को कार्यभार सौंपा है। प्रो. कीर्ति पांडेय ने इस्तीफा क्यों दिया? इसकी अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल कीर्ति पांडेय ने इस्तीफे का कारण निजी कारण बताया है।



कीर्ति पांडेय के इस्तीफे को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। फिलहाल आयोग के अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद होने वाली परीक्षाओं की तैयारियों पर असर देखने को मिल सकती है।

कीर्ति पांडेय का इस्तीफे के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विशेष सचिव उच्च शिक्षा, गिरिजेश त्यागी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक आयोग के ज्येष्ठ सदस्य (सबसे वरिष्ठ सदस्य) को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा जाएगा। यह निर्णय शिक्षा सेवा चयन आयोग के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए लिया गया है, ताकि अध्यक्ष पद खाली होने के कारण भर्ती प्रक्रियाओं पर कोई असर न पड़े। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी ने बताया कि एक साल पहले यानी एक सिततंबर 2024 को प्रो. कीर्ति पांडेय को अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई थी।

# बटालियन के स्विमिंग पूल में डूबने से इंस्पेक्टर की मौत

महानगर संवाददाता
लखनऊ

यूपी की राजधानी लखनऊ से एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। जहां महानगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को 35वीं बटालियन के स्विमिंग पूल में नहाते समय इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी की संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से मौत हो गई। उधर, सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक पिछले साल कस्टोडियल डेथ के मामले में निलंबित हुए थे। क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी पहले चिनहट थाने में भी तैनात थे, जहां से उन्हें एक कस्टोडियल डेथ के मामले के



बाद हटाया गया था। मामले की जानकारी मिलते ही संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध समेत कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्विमिंग पूल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी का शव पूल से बरामद कर लिया। पुलिस और पीएसी की टीम ने उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# प्रतापगढ़ में कुख्यात असलहा तस्कर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले की पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने असलहा के कुख्यात तस्कर पकड़ा गया है। उसके पास मुंगेर की बनी पांच अवैध पिस्टल,10 मैगजीन बरामद की गई। असलहा तस्कर राजाराम सराय मुरार मानधाता का रहने वाला है। उस पर प्रयागराज, कानपुर व प्रतापगढ़ में 21 केस दर्ज हैं। अवैध असलहों की बिक्री वह प्रतापगढ़, प्रयागराज समेत जिलों में करता था। पुलिस को कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि मानधाता व आसपास अवैध असलहे बेचे जा रहे हैं। इससे अपराध को बढ़ावा मिल रहा है। इस क्लू पर पुलिस ने जांच-पड़ताल करनी शुरू की। स्वाट को भी इसमें लगाया गया।

# बेटी को बॉयफ्रेंड के साथ देखा तो पिता ने मारी गोली

महानगर संवाददाता
आजमगढ़

जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां देवगांव थाना क्षेत्र के लालगंज बाईपास मार्ग पर शुक्रवार दोपहर में स्थित न्यू वेलकम फेमिली रेस्टोरेंट के काउंटर के पास एक पिता ने अपनी बेटी और उसके प्रेमी को गोली मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल ले गई। जहां गंभीर हालत देख वाराणसी रेफर कर दिया गया है। हालांकि इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि मसीरपुर गांव का रहने वाला 20 साल के आदित्य सिंह और पकड़ी खुर्द गांव के रहनेवाले नीरज सिंह की 15 साल की बेटी अक्षरा सिंह के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार को




दोनों एक रेस्टोरेंट में बैठकर बातें कर रहे थे। इस बीच नीरज सिंह वहां पहुंचा गया। जहां बेटी और उसके प्रेमी को गोली मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों को तत्काल सौ शय्या संयुक्त चिकित्सालय, लालगंज ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया। वहीं, इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से लालगंज क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस अभी तक हमले के पीछे के मकसद का पता नहीं लगा सकी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, के पिता ने अपनी बेटी और उसके प्रेमी को क्यों गोली मार दिया।

# झालर उतारकर पताका लगाने पर बढ़ी रार, तीन हिरासत में

महानगर संवाददाता
बस्ती

रजवापुर में दूसरे संप्रदाय का झंडा नोचने की गलतफहमी में इतना बड़ा विवाद खड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि एक संप्रदाय की ओर से कुछ दिन पहले त्योहार पर सजावट की गई थी। बृहस्पतिवार को दुर्गापूजा आयोजक उसी रास्ते पर अपने झंडे-पताके लगाने लगे। एक पक्ष का आरोप है कि उनकी झालर नोचकर फेंकी गई। इससे गुस्साए उसके संप्रदाय के कुछ युवक बाइक में धारदार हथियार लेकर पंडाल के पास पहुंच गए।

प्रधान भरतलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पहले रजवापुर निवासी आफताब उर्फ गुलाम, जिशान, अब्दुल सैयद तीन बाइक पर सवार होकर आए तथा कासिम और कल्लू पहुंचे और प्रेमकुमार तथा प्रधान भरतलाल पर हमला बोल दिया। कॉलर पकड़ घसीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

ग्रामीणों ने बताया कि जिस बाइक से आरोपित गांव में आए थे उसमें से एक पर नंबर भी नहीं अंकित था और डिकी में चाकू तथा अन्य धारदार हथियार भी मिला है। सीओ हर्रैया संजय सिंह ने बताया कि तहरीर के मुताबिक केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। हर्रैया थाना क्षेत्र के चेफवा बाज़ार में धार्मिक झंडे को उखाड़ने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है विशेष समुदाय के कुछ लोग आए मनोरमा पुल पर लगे उनके धार्मिक झंडे को उखाड़ने पर विवाद करने लगे।

# बिहार की 75 लाख महिलाओं को मिले 10-10 हजार

## PM ने की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत




**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

बिहार चुनाव में महिला वोटर की बड़ी भूमिका होती है। यही वजह है कि शुरू से ही महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर नीतीश कुमार का खास जोर रहा है और मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना इस कड़ी में बिहार के महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की तरफ से नई चुनावी सौगात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना लॉन्च करते हुए कहा, जब यह प्रक्रिया चल रही थी, तब मैं सोच रहा था कि नीतीश जी की सरकार ने बिहार की बहनों-बेटियों के लिए कितना बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जब कोई बहन या बेटी रोजगार या स्वरोजगार करती है, तो उसके सपनों को नए पंख लग जाते हैं और समाज में उसका सम्मान और भी बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में ही मुझे 'जीविका निधि साख सहकारी संघ' शुरू करने का अवसर मिला था... अब इस व्यवस्था की ताकत 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार' योजना के साथ जुड़ जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि नई योजना से अब तक 75 लाख बहनें जुड़ चुकी हैं और एक साथ सभी बहनों के बैंक अकाउंट में 10–10 हजार रुपये भेजे गए हैं। बिहार में करीब 3.39 करोड़ महिला वोटरों में ये 75 लाख लाभार्थी महिलाएं 22 फीसदी हैं। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में महिलाओं के लिए कैश ट्रांसफर वाली योजनाएं बीजेपी के लिए बेहद फायदेमंद रही हैं। बिहार में तो नीतीश कुमार पहले से ही महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं चला रहे हैं, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना उनसे थोड़ी अलग है। लेकिन, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव का कहना है, ये जो योजना है उसमें मोदी जी ने तो एक भी पैसा दिया नहीं है।

# मालवीय नगर में कांग्रेस नेता की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर में कांग्रेस नेता और प्रॉपर्टी डीलर लखपत सिंह कटारिया (55) को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। कटारिया को तीन गोलियां लगी। बताया जा रहा है कि कटारिया को हमलावरों ने रोककर गोली मारी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डीसीपी साउथ दिल्ली अंकित चौहान ने मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की सुबह 9.53 बजे मालवीय नगर पुलिस थाने में विजय मंडल पार्क, बेगमपुर के पास गोलीबारी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉलर ने बताया कि बाइक सवार दो हमलावरों ने लखपत सिंह कटारिया को पहले रोका और फिर उनको गोली मार दी है। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल लखपत सिंह कटारिया निवासी बेगमपुर को गोली लगने की सूचना के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# लद्दाख पर अब ऐक्शन मोड में आई मोदी सरकार

## दिल्ली से भेजा दूत, LG ने बुलाई मीटिंग

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

लद्दाख में भारी उपद्रव के बाद अब तनावपूर्ण शांति की स्थिति है। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के तहत स्वायत्तता मांग को लेकर खूब बवाल मचा था। फिलहाल शांति है, लेकिन केंद्र सरकार अब कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। इसी के तहत दिल्ली से मोदी सरकार ने एक दूत को भेजा है, जो संबंधित पक्षों से वार्ता करेगा और मामले का हल निकालने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता के नेतृत्व में एक समीक्षा बैठक भी हो रही है। इस मीटिंग में चर्चा की जाएगी कि आखिर सुरक्षा एजेंसियों के स्तर पर क्या कमी रह गई, जिससे इतनी हिंसा भड़की।

इसके अलावा भविष्य में ऐसी कोई घटना ना हो, इसके लिए भी सुरक्षा एजेंसियों को मुस्तैद किया जाएगा। इस मीटिंग में चीफ सेक्रेचरी पवन कोतवाल, डीजीपी एसडी सिंह जम्वाल मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सेना और भारत तिब्बत सीमा पुलिस के सीनियर अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। फिलहाल हालात संभालने के लिए पुलिस ने 50




लोगों को हिरासत में लिया है। लेह में सख्त कर्फ्यू लागू है। हालांकि जानकारी मिल रही है कि हालात सामान्य रहे, तो आज शाम तक कर्फ्यू में कुछ ढील दी जा सकती है। इस हिंसा के बाद ऐक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने अपनी 15 दिनों की भूख हड़ताल को समाप्त कर दिया था। उनका कहना था कि हिंसा के चलते उनके उद्देश्य पर विपरीत असर पड़ा है। अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गृह मंत्रालय के अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान लेह समेत प्रमुख इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा हुई। फिलहाल लद्दाख में शांति है और लोगों को जरूरी सामान की खरीद के लिए छूट दी जा रही है। संवेदनशील इलाकों में अर्धसैनिक बलों और पुलिस की ओर से लगातार मार्च किया जा रहा है। कई इलाकों में लोगों ने शिकायत की है कि कर्फ्यू के चलते उनके पास राशन, दूध और सब्जी जैसी जरूरी चीजों तक की किल्लत हो गई है। बता दें कि शुक्रवार और शनिवार को लेह के सभी स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखे का आदेश दिया गया है।

इस बीच लद्दाख के निर्दलीय सांसद मोहम्मद हनीफा ने पुलिस फायरिंग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों पर फायरिंग से बचा जा सकता था। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ ऐक्शन होना चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की मांग का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यदि लोग चाहते हैं कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले और स्वायत्तता प्रदान की जाए तो इसमें गलत क्या है।

# पश्चिम बंगाल में एक ऐसी नयी सरकार बने जो राज्य के 'सोनार बांग्ला' गौरव को बहाल करे : शाह



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर के दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और कहा कि उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद, एक नयी सरकार बने जो राज्य के खोए हुए 'सोनार बांग्ला' गौरव को बहाल करे। शाह ने कहा कि बंगाल को एक बार फिर सुरक्षित, शांतिपूर्ण और समृद्ध बनना चाहिए और नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर का सपना पूरा करना चाहिए।

### बारिश में जान गंवाने वालों को शाह ने दी श्रद्धांजलि

शाह ने कहा, ''मैं बंगाल में बारिश से संबंधित घटनाओं में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देता हूं।'' गत 23 सितंबर को कोलकाता और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश के बाद कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी। भाजपा की राज्य इकाई के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

## रूसी तेल खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं

# केंद्रीय मंत्री बोले- दुनिया को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि रूस से कच्चे तेल की खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं है और आपूर्ति बाधित होने पर दुनिया को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ईरान और वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में हमेशा पाबंदियों का अनुपालन किया है। अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस से कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने के संदर्भ में मंत्री ने यह बात कही। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार नीतियों पर जारी महत्वपूर्ण



वार्ता के बीच संवाददाताओं से बातचीत में पुरी ने कहा कि रूस हर दिन करीब एक करोड़ बैरल के साथ विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि यदि आपूर्ति बाधित होती है तो विश्व को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुरी ने कहा, ''ऊर्जा एक ऐसी चीज है जिसके बिना आप नहीं रह सकते...। अगर आप दूसरे सबसे बड़े उत्पादक को हटा देंगे तो आपको खपत में कटौती करनी होगी। इसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे।'' राजनयिक से राजनेता बने पुरी ने कहा कि यही कारण है कि दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है। पुरी ने कहा कि रूस से तेल खरीद की मूल्य सीमाएं तय की गई हैं और जब भी ऐसी कोई बात होती है तो वह भारतीय कंपनियों से कम कीमतों पर तेल खरीदने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि तुर्किये, जापान और यूरोपीय संघ सहित कई देश रूस से तेल खरीदते हैं। पुरी ने इसके साथ ही तुरंत कहा कि इस समय रूस द्वारा दी जा रही छूट बहुत अधिक नहीं है। मंत्री ने कहा कि तेल की मांग एवं आपूर्ति के बीच 'व्यापक संतुलन' आवश्यक है। उन्हें उम्मीद है कि आगे भी कच्चे तेल का मूल्य 65-68 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के बीच बना रहेगा। पुरी ने कहा कि यह शेल गैस पर जोर देने वाले प्रमुख तेल उत्पादक देश अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) की कीमतों में बहुत अधिक गिरावट न आए। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति को बढ़ावा देने के प्रति संवेदनशील अस्थिर घरेलू राजनीतिक माहौल तथा शेल गैस पर निर्भरता के कारण अमेरिका के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है कि कीमतें कम न हों। पुरी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां स्वतंत्र रूप से यह निर्णय लेती हैं कि वे रिफाइनिंग के लिए किस स्रोत से कच्चा तेल खरीदेंगी।

## • उत्तर भारत की महिलाएं...

# DMK मंत्री के बयान पर बवाल

### BJP ने की कड़ी निंदा



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

तमिलनाडु सरकार में मंत्री टीआरबी राजा के महिलाओं को लेकर दिए गए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने DMK यानी द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम पर बिहार और उत्तर भारत के अपमान के आरोप लगाए हैं। एक दिन पहले ही राजा ने कहा था कि अन्य राज्यों और तमिलनाडु की महिलाओं में फर्क है। उन्होंने कहा था कि उत्तर भारत में 100 साल बाद भी हालात नहीं बदले हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'एक बार फिर डीएमके ने सीमा लांघी है। यूपी बिहार और उत्तर भारत का अपमान किया है।' उन्होंने राजा के बयान का जिक्र किया। पूनावाला ने कहा, 'कांग्रेस ने कहा कि बिहार बीड़ी है। रेवंत रेड्डी ने बिहार के डीएनए को गाली दी। इसके बाद डीएमके ने कहा कि बिहार के लोग शौचालय साफ करते हैं और अब बिहारी और यूपी की महिलाओं का ऐसा अपमान।

# मनमोहन सिंह को कांग्रेस ने खास तरीके से किया याद

### उनके नाम पर शुरू किया रिसर्च सेंटर

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को कांग्रेस ने खास तरीके से याद किया है। शुक्रवार को उनकी जयंती थी और इस मौके पर दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में उनके नाम पर रिसर्च सेंटर एवं लाइब्रेरी की शुरुआत की गई। इस संबंध में राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि मनमोहन सिंह की जिंदगी को सादगी, ईमानदारी



और समर्पण के लिए जाना जाएगा। यह रिसर्च सेंटर उनकी विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इसके अलावा भविष्य की पीढ़ियों को भी इससे पता चलेगा कि वास्तव में देश की सेवा करना क्या होता है। मनमोहन सिंह रिसर्च सेंटर और लाइब्रेरी के उद्घाटन के मौके पर राहुल गांधी के अलावा पार्टी चीफ मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और जयराम रमेश जैसे सीनियर नेता मौजूद थे। इसके अलावा मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर भी इस दौरान दिखाई दी। सोनिया गांधी ने उनसे ही दीप प्रज्ज्वलन कराया और फिर पूरा सेंटर उन्हें दिखाया। सोनिया गांधी और वह अक्सर साथ ही नजर आईं।

# सलमान रुश्दी की 'द सैटनिक वर्सेज' पर नहीं लगेगी रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सलमान रुश्दी के विवादास्पद उपन्यास 'द सैटेनिक वर्सेज' पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया। यह याचिका जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के सामने सुनवाई के लिए आई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट के पिछले साल नवंबर के आदेश का हवाला दिया। हाई कोर्ट ने 1988 में राजीव गांधी सरकार द्वारा 'द सैटेनिक वर्सेज' के आयात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई बंद कर दी थी और कहा था कि चूंकि अधिकारी संबंधित अधिसूचना पेश करने में विफल रहे हैं, इसलिए यह मान लेना चाहिए कि वह मौजूद ही नहीं है।

बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा, 'आप वास्तव में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दे रहे हैं।' यह याचिका अधिवक्ता चांद कुरैशी के माध्यम से हाईकोर्ट में दायर की गई थी।

# मिग-21 फाइटर की आखिरी उड़ान, एयरफोर्स चीफ ने की सवारी

## • 62 साल बाद रिटायर हुआ

**चंडीगढ़।** भारतीय वायुसेना की 'रीढ़' कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। आज से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं। विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है।

# टीडीपी विधायक बालकृष्ण ने जगन मोहन रेड्डी को बताया साइको

## • विधानसभा में मचा भारी हंगामा



**नई दिल्ली।** टीडीपी विधायक और एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण ने पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को साइको करार दिया, जिसे लेकर आंध्र प्रदेश विधानसभा में भारी हंगामा हुआ। दरअसल, बीजेपी विधायक कामिनेनी श्रीनिवास ने बहस के दौरान पूर्व वाईएसआरसीपी सरकार पर तेलुगु फिल्म उद्योग की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि फिल्म हस्तियों ने जगन के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनसे मिलने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि मेगास्टार चिरंजीवी के हस्तक्षेप के बाद ही जगन ने उद्योग के प्रतिनिधियों से बात करने के लिए सहमति जताई। बालकृष्ण ने श्रीनिवास के भाषण में हस्तक्षेप किया और जगन को साइको करार दिया।

बालकृष्ण की टिप्पणी से वाईएसआरसीपी खेमे में तुरंत आक्रोश फैल गया। पार्टी नेताओं ने इसकी कड़ी निंदा की और इसे शर्मनाक बताया। YSRCP के सीनियर नेताओं ने बालकृष्ण के शिष्टाचार और मानसिक स्थिरता पर सवाल उठाते हुए तीखा पलटवार किया। एक नेता ने जवाब दिया, 'विधानसभा कोई फिल्म सेट नहीं है, जहां फिल्मी डायलॉग बोले जाएं।' पूर्व मंत्री परनी वेंकटरमैया उर्फ नानी ने उन उदाहरणों को याद किया, जब जगन ने बालकृष्ण को व्यक्तिगत समर्थन दिया था।

## कमला राइजिंग स्टार्स 2.0 पुरस्कार

# पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर 42 समाज परिवर्तनकर्ताओं का सम्मान

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में 'कमला राइजिंग स्टार्स 2.0 अवॉर्ड्स' नामक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में समाज परिवर्तन के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले 42 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष की थीम 'ध्रुवतारा' रखी गई थी। अडिग मार्गदर्शन, नैतिक स्पष्टता और उद्देश्यपूर्ण दिशा का प्रतीक यह विषय पुरस्कार विजेताओं के कार्यों से पूरी तरह मेल खाता था। शिक्षा,



पत्रकारिता, सामाजिक सेवा, खेल, उद्यमिता, कला, पर्यावरण और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत इन विजेताओं ने न केवल अपने क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है, बल्कि समाज परिवर्तन के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की है। देश के प्रमुख नेता, विचारक और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इस समारोह की शोभा और भी बढ़ाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री (कॉर्पोरेट कार्य) हर्ष मल्होत्रा उपस्थित थे। उन्होंने इन पहलों को 'समाज को प्रगति की दिशा दिखाने वाले दीपस्तंभ' बताया। केंद्रीय राज्य मंत्री (महिला एवं बाल विकास विभाग) सावित्री ठाकुर ने विकसित भारत के निर्माण हेतु ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि ये प्रधानमंत्री की परिवर्तनकारी दृष्टि के अनुरूप हैं।

यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ऐसे व्यक्तित्वों को गढ़ने के लिए ट्रस्ट द्वारा लंबे समय से निभाए जा रहे अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### घनकचरा प्रबंधन

### निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | घन कचरा प्रबंधन |
| उप विभाग | उप मु. अभि. (एस. डब्ल्यू.एम.) परि. /कार्य. अभि. परि. (शहर) |
| विषय | बृहन्मुंबई महानगरपालिका आम चुनाव - 2025 के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों के लिए सीएनजी/पेट्रोल वाहनों की आपूर्ति – 38 नग. |
| बोली क्र. | 2025_एमसीजीएम_1222922 |
| बोली आरंभिक तिथि एवं समय | 27.09.2025 को सुबह 11.00 बजे के पश्चात |
| बोली समाप्ति तिथि एवं समय | 03.10.2025 को सायं. 04.00 बजे तक |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| ईमेल पता | eetrcity@gmail.com |

हस्ता./-
कार्य. अभि. परिवहन (शहर) प्रभारी

पीआरओ/1754/विज्ञा./2025-26

खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से हाथ धोयें


## पेज 1 का शेष

### PM मोदी से मिले CM फडणवीस

लेकिन बाद में डिजाइन में हुए बदलाव की वजह से एमएमआरडीए इससे पीछे हट गया। अब इस जमीन की मांग मुंबई महानगरपालिका ने की है। मुख्यमंत्री ने पीएम से कहा कि क्षेत्र में एचएफ रिसीविंग स्टेशन होने के कारण वहां का संपूर्ण विकास बाधित हो गया है। यदि यह भूमि हस्तांतरित हो जाती है तो इसका उपयोग सार्वजनिक हित और विकास कार्यों के लिए किया जा सकेगा। इससे ऊंचाई संबंधी समस्याएं भी हल होंगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी से यह भूमि मुंबई महानगरपालिका को दिए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने गडचिरोली स्टील सिटी के बारे में पीएम से मांग की कि महाराष्ट्र राज्य माइनिंग कॉर्पोरेशन को क्षेत्रीय सीमा में छूट की जाए।

# सर्विसनाउ यूनिवर्सिटी का भारत में शुभारंभ

## 1 मिलियन से अधिक लर्नर्स को भविष्य के लिए तैयार एआई स्किल्स सिखाएगी

**नई दिल्ली।** सर्विसनाउ ने सर्विसनाउ यूनिवर्सिटी को लॉन्च किया है। यह एक अभिनव लर्निंग अनुभव है, जिसे एआई से चलने वाली दुनिया में मौजूद स्किल गैप को कम करने के लिए तैयार किया गया है। सर्विसनाउ ने भारत में 2027 तक 10 लाख लर्नर्स को कौशल प्रदान करने के अपने दृष्टिकोण के बारे बताया, जो वैश्विक स्तर पर 30 लाख लर्नर्स तक पहुंचने की इसकी महत्वाकांक्षा में योगदान देगा। वर्तमान में, इस प्लेटफॉर्म पर 3,18,000 सक्रिय लर्नर्स, 1,16,000 प्रमाणित पेशेवर हैं, और यह विश्वविद्यालय के छात्रों को नौकरी के लिए तैयार करने और भागीदारों व ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए प्रारंभिक कॅरियर भर्ती के माध्यम से नियुक्ति में मदद करता है। सर्विसनाउ भारत में कुशल प्रतिभा विकसित करने में निवेश कर रहा है। सुमीत माथुर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर, सर्विसनाउ इंडिया टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर ने कहा, "कंपनियां बहुत तेजी से एआई को अपना रही हैं, लेकिन हमारे पास इस बदलाव के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए पर्याप्त कुशल प्रोफेशनल नहीं हैं। हमारे शोध से पता चला है कि भारत के 26% संगठन भविष्य में अपने कर्मचारियों के लिए आवश्यक कौशलों के बारे में अभी भी अनिश्चित हैं, भले ही एआई व्यापक स्तर पर काम में बदलाव ला रहा हो।


## महाराष्ट्र शासन

## सार्वजनिक बांधकाम विभाग मालेगाव जि. नाशिक

### निविदा सुचना क्रमांक 27 सन 2025-2026 (प्रथम प्रसिध्दी)

### (रु. 10.00 लक्ष किमतीपर्यंतची कामे)

कार्यकारी अभियंता सा. बां. विभाग मालेगाव रावळगांव रोड, मालेगावं कॅम्प जि. नाशिक (दूरध्वनी क्रमांक 02554 -251912) हे निविदा सुचनेत **एकुण 06 (सहा) कामे रुपये 10.00 लक्ष** च्या आतील समाविष्ट असुन सविस्तर निविदा सुचनेत समाविष्ट कामांच्या **ब-1** नमुन्यातील निविदा महाराष्ट्र शासन सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडील योग्य त्या वर्गातील **[वर्ग 8 (व त्यावरील) रु. 5 पाच लक्ष किंमी चे कामांकरिता व वर्ग 7 (सात व त्यावरील) रु. 10 दहा लक्ष किंमी चे कामांकरिता]** नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून मागवित आहेत. **दिनांक 30/09/2025 ते 07/10/2025** या कालावधील **www.mahapwd.com** वरील **"https://paytopwd.emahapwd.com/"** या पोर्टल वर रु. 590/- Online भरावे व कोरे निविदा संच डाऊनलोड करावे. कार्यकारी अभियंता, सा. बां. विभाग मालेगाव हे सिलबंद निविदा दिनांक **10/10/2025** रोजी दुपारी 16.00 वाजे पर्यंत स्विकारतील व शक्य झाल्यास त्याच दिवशी उघडतील. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

संपूर्ण तपशीलाकरीता www.mahapwd.com वरील "**https://paytopwd.emahapwd.com/**" पहावे. तसेच कार्यकारी अभियंता, यांच्या विभागीय कार्यालयास नोटीस बोर्ड, मालेगांव येथे सविस्तर निविदा सुचना पहावयास मिळतील.

### टिप

1 निविदेची किंमत (ना परतावा) फक्त ऑनलाईन पध्दतीनेच स्विकारली जाईल.
2 इसारा / बयाणा रक्कम या कार्यालयास एफडीआर / धनाकर्ष (डी.डी.) निविदा सादरीकरण्याचे वळेस लिफाफा क्र. 1 मध्ये सादर करणे बंधनकारक आहे.
3 तसेच निविदा स्विकारणे अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता सा. बां. विभाग मालेगाव यांनी राखुन ठेवलेला आहे.
4 अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही. तसेच अपुर्ण कागद पत्र आढळून आल्यास निविदेचा लिफाफा क्र. 2 उघण्यांत येणार नाही याची नोंद घ्यावी.
सर्व पात्र / इच्छुक निविदा करांनी निविदा पत्र डाऊनलोड करण्यासाठी व निविदा प्रक्रीयेत भाग घेण्यासाठी निविदा
5 प्रणालीच्या वेबसाईट www.mahapwd.com वरील "**https://paytopwd.emahapwd.com/**" या पोर्टलवर एनरोल्ड करणे आवश्यक आहे.

या निविदा सुचनेत **एकुण 06 (सहा) रुपय 10.00 लक्षच्या आतील कामे** समाविष्ट असुन या निविदा सुचनेची संपूर्ण माहिती (तपशील) खालील प्रमाणे संकेत स्थळावर उपलब्ध करुन देण्यात आलेला आहे.

**https://paytopwd.emahapwd.com/**

सर्व नोंदणीकृत ठेकेदारांनी नोंद घ्यावी.

**जा.क्र. जिमाका-नाशिक १९४/२०२५-२६**
**जिल्हा माहिती कार्यालय, वकीलवाडी, नाशिक,**
**दिनांक :- २२/०९/२०२५**

**सही/-**
**(वाय. एस. कोरके)**
**कार्यकारी अभियंता,**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग मालेगाव**

# शारदीय नवरात्रि के छठें दिन मां कात्यायनी की पूजा

**शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व इन दिनों पूरे देशभर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। हर दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। आज नवरात्रि का छठा दिन है। इस दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि मां कात्यायनी की आराधना करने से भक्तों के जीवन से रोग, शोक और भय का नाश होता है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है। ऐसे में आइए जानते हैं नवरात्रि के छठे दिन कैसे करें मां कात्यायनी की पूजा कैसे करें? साथ ही, जानिए भोग, मंत्र, आरती और कथा के बारे में...**



**मां कात्यायनी का स्वरूप**

मां कात्यायनी को सुनहरे रंग की देवी माना जाता है। उनके चार भुजाएं हैं। दाहिने हाथ में वे अभय और वर मुद्रा धारण करती हैं, जबकि बाएं हाथों में तलवार और कमल का फूल होता है। मां सिंह पर सवार रहती हैं और उन्हें महिषासुर मर्दिनी भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने महिषासुर का वध कर देवताओं को उसके आतंक से मुक्त कराया था।

**मां कात्यायनी की पूजा विधि**

नवरात्रि के छठे दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र पहनें।
पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें।
मां कात्यायनी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें।
घी का दीपक जलाएं और मां को रोली, अक्षत, धूप और पीले फूल अर्पित करें।
इसके बाद मां को भोग लगाकर मंत्रों का जाप करें। अंत में आरती उतारकर परिवार के बीच प्रसाद बांटें।

**मां कात्यायनी का मंत्र**

***कात्यायनी महामाये, महायोगिन्यधीश्वरी।***
***नन्दगोपसुतं देवी, पति मे कुरु ते नमः।।***

**आरती:** कपूर जलाकर मां की आरती करें और क्षमा प्रार्थना करें।

**पूजा का महत्व**

मां कात्यायनी की पूजा से अविवाहित लोगों को मनचाहा जीवनसाथी प्राप्त होता है और वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है। यह पूजा स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को दूर करती है और व्यक्ति को निर्भय बनाती है।
मां कात्यायनी को शहद प्रिय है, इसलिए उन्हें भोग में शहद अवश्य अर्पित करना चाहिए।
इस दिन लाल या पीले वस्त्र धारण करना शुभ माना जाता है, क्योंकि मां को लाल रंग प्रिय है।

# ज्यादा एयर कंडीशनिंग में रहने से हो सकती हैं समस्याएं

एयर कंडीशनर का उपयोग आम बात हो गई है। घरों और ऑफिसों में एसी लगाना आवश्यकता बन गया है। लेकिन कुछ लोग पूरे दिन एसी में रहने के आदी हो जाते हैं। यदि उन्हें थोड़ी देर भी गर्मी झेलनी पड़े तो वे परेशान हो जाते हैं। एसी गर्मी से तो राहत देता है लेकिन पूरे दिन एसी में रहने से कई स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। एसी की हवा और कम आर्द्रता वाले वातावरण में रहने से हमारी त्वचा सूखने लगती है, सिरदर्द की समस्या हो सकती है और सांस की बीमारियां भी हो सकती हैं। आइए जानते हैं ज्यादा एयर कंडीशनिंग में रहने से आपको कौन-कौन सी समस्याएं हो सकती हैं?

**ड्राई स्किन**

AC के उपयोग से आपकी त्वचा सूख सकती है, जिससे खुशकी, खुजली, और त्वचा की खराबी हो सकती है। इस समस्या से बचाव के लिए, आपको आधिक पानी पीना और मॉइस्चराइजर का उपयोग करना चाहिए।

**थकान महसूस होना**

यदि आप अधिक समय तक एसी में रहते हैं तो आपको अधिक सुस्ती महसूस हो सकती है। एसी में आर्द्रता काफी कम होती है जिससे शरीर से पानी की कमी हो जाती है। इससे थकान महसूस होती है। एसी की ठंडी हवा में खून के थक्के जमने की प्रवृति बढ़ जाती है जिससे धमनियों में रुकावट आ सकती है।एसी में ताजी हवा की कमी से ऑक्सीजन की कमी हो जाती है जिससे कमजोरी महसूस होती है और इंसान ज्यादा थका हुआ महसूस करता है।




**सिरदर्द**

जो लोग अधिक समय तक एयर कंडीशनिंग के माहौल में रहते हैं, उनमें सिरदर्द की समस्या हो सकती है। क्योंकि एसी में ज्यादा नमी होती है इसलिए सिर में दर्द होने लगता है। कभी-कभी तो सर्दी-जुकाम भी हो जाता है। इसलिए एसी का उपयोग करें लेकिन अधिक समय तक नहीं।

**रेस्पिरेटरी प्रॉबलम्स**

लंबे समय तक एयर कंडीशनर (एसी) में रहने से श्वसन संबंधी समस्याएं जैसे - नाक बंद होना, गले में खराश, राइनाइटिस आदि हो सकती हैं। एसी की हवा बहुत सूखी और ठंडी होती है जो नाक और गले के लिए हानिकारक हो सकती है।

# अंकुरित चना खाने के बाद कभी ना खाएं ये चीज़ें



अंकुरित चना खाना सभी को पसंद होता है। सुबह के रूटीन में इसे शामिल ना किया जाए तो वो हेल्दी रूटीन नहीं होता। यह कई लोगों के डेली रूटीन का हिस्सा होता है। लेकिन कुछ ऐसी चीजें हैं जो हमें अंकुरित चना खाने के बाद बिल्कुल नहीं खानी चाहिए। उनसे जितना परहेज किया जाए उतना ही हम स्वस्थ रहेंगे। अंकुरित चना में फाइबर, पोटैशियम, आयरन जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। और अगर रोजाना इसका सेवन किया जाए तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है,लेकिन इसके खाने से पहले आपको यह जानना होगा कि इसके खाने का सही तरीका क्या है, जाने यहां।

**दूध न पिएं**

अंकुश चना खाने के तुरंत बाद आपको दूध नहीं पीना चाहिए। इससे आपको स्किन से जुड़ी समस्या हो सकती है। और चेहरे पर सफेद दाग भी दिखाई दे सकते हैं।



**अचार ना खाएं**

खाली पेट अंकुरित चना खाने के बाद अचार नहीं खाना चाहिए। इससे हमारे पेट में एसिड बनता है और पेट में जलन या दर्द हो सकता है।



**अंडे से परहेज करें**

अगर आप अंकुरित चना खाने के बाद तुरंत अंडा खाने वालों में से हैं तो रुक जाएं। अंडा और चना दोनों में प्रोटीन की मात्रा भरपूर होती है, इसलिए पेट में रिएक्शन होने का खतरा होता है।



**लहसुन भी ना खाएं**

लहसुन खाने से आपको स्किन से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं। इसका सेवन आपके चेहरे के लिए खराब हो सकता है।



**करेला ना खाएं**

करेली और अंकुरित चना दोनों को एक साथ खाने से शरीर में रिएक्शन होता है, इससे आपको तकलीफ महसूस हो सकती है। इसलिए अंकुरित चना खाने के बाद करेले का सेवन कभी ना करें।



# एग्जाम से पहले कैसी होनी चाहिए बच्चों की डाइट



**बच्चों के हाफ ईयरली एग्जाम शुरू होने वाले हैं। ऐसे में पढ़ाई के साथ ही उनकी डाइट का भी ख्याल रखना जरूरी है। जानिए एग्जाम से पहले बच्चों को क्या खिलाएं ताकी आसानी से याद हो। साल 2023 खत्म होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं, और अब साल का वह समय आ गया है जब बच्चों के हाफ ईयरली एग्जाम शुरू होने वाले हैं। इन एग्जाम को शुरू होने में बहुत कम ही दिन बचे हैं। ऐसे में बच्चों के साथ ही पेरेंट्स भी टेंशन में हैं कि बच्चों के एग्जाम अच्छे जाएं और उनके नंबर भी अच्छे आएं। इसके लिए बच्चों की तैयारी जोरों से हो रही है। पढ़ाने के साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे का दिमाग पूरी तरह से एक्टिव हो। एग्जाम से पहले और एग्जाम के समय उनका माइंड एक्टिव रहे इसके लिए खाने पीने का खास ख्याल रखना चाहिए। यहां जानिए एग्जाम से पहले कैसी होनी चाहिए बच्चों की डाइट-**

**हेल्दी रखें ब्रेकफास्ट**

दिन की शुरुआत अगर अच्छी होगी तो बच्चों का दिमाग पूरी दिन एक्टिव रहेगा। बच्चों को सुबह हेल्दी ब्रेकफास्ट खिलाएं। खाने में प्रोटीन, फाइबर और विटामिंस को शामिल करना जरूरी है। ऐसे में नाश्ते के दौरान पनीर, टोफू, अंडे खिलाएं। इसी के साथ पूड़ी-पराठे के बदले उन्हें इडली, पोहा या फिर सब्जियों का सैंडविच खिलाएं।

**ऐसा होना चाहिए मिड ब्रेकफास्ट**

सुबह के नाश्ते और दिन के खाने के बीच में खूब गैप होता है। ऐसे में मिड ब्रेकफास्ट में हेल्दी चीज खाना जरूरी है। वर्ना लंच के समय तक बहुत भूख लग जाती है और हो सकता है कि बच्चा इस बीच कुछ अनहेल्दी खा ले। ऐसे में मिड ब्रेकफास्ट में आप बच्चे को सूप, जूस, स्मूदी या फिर कोई फ्रूट खिला सकते हैं।

**पूरा होना चाहिए लंच**

लंच में बच्चों के लिए फुल मील प्लान करें। कोशिश करें कि उन्हें दाल, सब्जी, रोटी, चावल और एक कटोरी दही रोजाना खिलाएं। इसी के साथ सब्जी में पालक, ब्रोकली, पनीर, सोयाबीन को शामिल करें।

**स्नैक्स में क्या खिलाएं**

बच्चे को शाम के स्नैक्स में मखाने, भुना चना, फ्रूट, या फिर कुछ बीज (कद्दू, सूरजमुखी) दें। ये चीजें हेल्दी और टेस्टी होती हैं। आप चाहें तो लस्सी या छाछ भी दे सकती हैं।

**डिनर रखें हल्का**

डिनर को जितना हो सके उतना हल्का रखें। इसके लिए आप बच्चे को दाल-चावल, खिचड़ी या फिर कोई शीर खिला सकती हैं। ये सभी चीजें हेल्दी होती है। जब बच्चे की डायट अच्छी होगी तो उसे दिन भर एक्टिव रखा जा सकता है और उसका पढ़ाई में भी ध्यान लगेगा।

# मुंह के छाले का कारण लक्षण व घरेलु उपचार



मुंह में छाले होना एक बहुत आम बात है, लेकिन इसके होने पर इन्सान का बुरा हल हो जाता है| वो ना ढंग से खा पी पता है ना ही बोल पाता है| ये छाले दिखने में सफ़ेद व आजू बाजु से लाल होते है| ये ज्यादातर गाल के पीछे, होंठ, जीभ के नीचे ना मुंह के उपरी हिस्सों में होते है| कई लोगों मुहं के छालों से हर थोड़े दिन में परेशान होते, सही ढंग से इलाज ना होने के कारण बार बार उन्हें ये समस्या हो जाती है|

**मुंह के छाले होने के कारण**

वैसे छाले का कोई सही कारण नहीं पता है, तनाव भी ulcer का एक कारण है। पाचनतंत्र का ख़राब होना,ज्यादा तेल मसाले मिर्ची वाले भोजन का सेवन करना अनुवांशिक,हार्मोन का बदलाव,विटामिन B की कमी,खाते समय दांत से गाल काट लेना,सिगरेट अधिक पीना,खट्टी चीजों का अधिक सेवन करना। इस तरह के छाले गहरे व बड़े होते है, जो अधिक समय लेते है ठीक होने के लिए, एवं ठीक होने के बाद भी ये अपने निशान छोड़ जाते है। ये मुंह के कई हिस्सों में एक साथ हो जाते है जिससे तकलीफ बढ़ जाती है। ये छोटे होते है एवं इसमें दर्द भी कम होता है, जो जल्दी ही ठीक हो जाते है।

**मुंह के छाले का घरेलु उपचार**

मुंह के छाले का भी घरेलु उपचार मौजूद है, जिसे अपना कर आप इस समस्या से आसानी से निदान पा सकते है। छाले कई बार पीछा ही नहीं छोड़ते है और बार बार होते है, ऐसे में हर बार दवाइयों का सहारा लेना ठीक नहीं, हम आपको कुछ घरेलु उपचार बता रहे है जिसे आप आसानी से अपना कर बिना किसी नुकसान के ये समस्या हल कर सकते है। छाले में नारियल का दूध बहुत आराम देता है। यह दर्द को कम करता है। 1 चम्मच दूध में थोड़ी सी शहद मिलाएं व छाले वाले हिस्से में इससे मसाज करें, दिन में 3-4 बार सेवन करें आराम मिलेगा। इसके अलावा आप ताजे नारियल के दूध से मुहं में कुल्ला करें, आराम मिलेगा। यह एक आयुर्वेदिक उपचार है, जो जल्दी आराम देता है और जड़ से छाले दूर करता है। 1 कप पानी में 1 चम्मच धना डालकर उबाल लें। इसे छानकर ठंडा कर लें। अब इस पानी से कुल्ला करें।रोज दिन में 2-3 बार यह प्रक्रिया दुहरायें। अगर आपको मुहं के छाले किसी एसिडिक चीज जैसे नीम्बू, संतरा खाने से हुआ है तो बेकिंग सोडा ऐसें में आराम देता है। ये मुहं में अगर इन्फेक्शन या बैक्टीरिया हो गया है तो भी दूर करता है।



# शरीर में पानी की कमी के हैं ये लक्षण

पानी शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। अगर आप कम मात्रा में पानी पीते हैं तो कई सारी बीमारियों के पैदा होने का डर रहता है। क्योंकि पानी शरीर से टॉक्सिंस को आसानी से बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही शरीर के सारे बॉडी पार्टस भी स्मूदली वर्क कर पाते हैं। पानी की कमी से दिल की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। वहीं यूरिन इंफेक्शन, कब्ज, इनडाइजेशन की समस्या बढ़ जाती है। वहीं चेहरे पर एक्ने भी पानी की कमी से दिखते हैं। कई बार शरीर में पानी की कमी तो होती है लेकिन उसे हम समझ नहीं पाते। ऐसे में शरीर में दिख रहे इन लक्षणों समझें कि आप है डिहाइड्रेशन के शिकार।



**यूरिन का कलर**

अगर आपको खुलकर यूरिन नहीं हो रही और यूरिन का कलर पीलापन लिए है। तो ये आपके शरीर में पानी की कमी का संकेत है। जरूरी है कि पानी पीने की मात्र को बढ़ा दिया जाए।

**मुंह से बदबू**

पानी की कमी की वजह से मुंह में लार कम बनती है और मुंह से बदबू आती है। दांतों और मुंह की सफाई के बाद भी मुंह बदबू करता है तो पानी ज्यादा पीना शुरू करें।

**स्किन और होंठ ड्राई**

अगर स्किन हमेशा ड्राई रहती है और होंठ के आसपास का हिस्सा सूखा सा लगता है तो शरीर में पानी की कमी है। इसे पूरा करने के लिए लिक्विड और पानी की मात्रा को बढ़ा दें।

**कमजोरी और सुस्ती**

डिहाइड्रेशन की वजह से ब्लड प्रेशर लो हो जाता है। जिसकी वजह से थकान और सुस्ती लगती है और सिर चकराता है। इसलिए सुस्ती और सिर चकराने पर पानी पीना बेहद जरूरी होता है।

**नींद ज्यादा लगना और थकान**

अगर आपको बहुत ज्यादा थकान महसूस हो रही है और नींद आ रही है तो ये शरीर में पानी की कमी का संकेत है। डिहाड्रेशन को दूर करने के लिए लिक्विड और पानी ज्यादा मात्रा में पिएं।

**मसल्स क्रैंप**

पानी की कमी और डिहाइड्रेशन की वजह से इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बिगड़ जाता है और मसल्स में क्रैंप होता है। ये सिचुएशन भी डिहाइड्रेशन की निशानी है।

**खाना खज़ाना**

# कढ़ी पकौड़ा

कढ़ी आप सभी ने कभी ना कभी तो खाई ही होगी, इसका टेस्ट लाजवाब होता है। लेकिन अगर हम चाहें कि ऐसी ही कढ़ी हम घर में बनाकर स्वाद लें तो ऐसा बनना मुमकिन ही नहीं होता, कई लोगों की ये शिकायत रहती है कि कभी उनकी कढ़ी अच्छी नहीं बनती तो कभी पकौड़े सही नहीं बनते हैं, ऐसे में हम आपको शादी वाली उरद दाल की कढ़ी की रेसिपी बता रहे हैं जो यकीनन आपको पसंद आएगी। चलिए जानतें हैं कढ़ी बनाने की रेसिपी-





**आवश्यक सामग्री**

उड़द दाल 4 कप, नमक 2 छोटी चम्मच, हरी मिर्ची 4 बारीक कटी हुई, अदरक एक चम्मच ग्रेट किया हुआ, हरा धनिया, हींग दो चुटकी, तलने के लिए सरसों का तेल, दही डेढ़ कप, जीरा एक छोटी चम्मच, हल्दी आधा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर आधा चम्मच

**बनाने की विधि**

अब दाल वाले मिक्सचर जार में डेढ़ कप दही लेकर फेट लीजिए। इसे भी एक कटोरे में निकाल लीजिए। इसमें 4 कप पानी डालकर अच्छे से मिला दीजिए। इस तरह कढ़ी के लिए गोल बनकर तैयार हो जाएगा। अब दोबारा से कड़ाही में 2 बड़े चम्मच तेल डालकर गर्म कीजिए। तेल में जीरा ग्रेटेड अदरक, बारीक कटी हरी मिर्च, साबुत हरी मिर्च, हल्दी पाउडर, हींग डालकर भून लीजिए। मसालीा भून लेने के बाद इसमें कढ़ी का घोल डालकर फ्लेम तेज करके इसे लगातार चलाते हुए उबाल आने तक पकाएं। अब इस बीच इसमें एक कप पानी और कुटी हुई लाल मिर्च डालिए। कढ़ी में उबाल आने पर इसे थोड़ी थोड़ी देर में चलाते हुए पकाएं। कढ़ी को कम से कम 15 से 20 मिनट तक पकाना है, जब यह थोड़ी सी गाढ़ी हो जाए तो इसमें नमक और पकौड़े डाल दीजिए। तड़का लगाने के लिए एक पैन में 2 छोटी चम्मच तेल, डालकर गर्म कीजिए। इसमें जीरा, एक चुटकी हींग, साबुत लाल मिर्च, 8 से10 करी पत्ता डालिए। लो फ्लेम पर हल्का में इसे भूनें, इसमें एक छोटी चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च डालिए। इस तड़के को कढ़ी पर डालकर हल्का चला दीजिए। लीजिए आपकी कढ़ी बन कर तैयार है, इससे खुद भी खाइए मेहमानों को भी खिलाएं।

# फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा नहीं है भारत का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार को दुबई में खेला जाएगा। यह मौजूदा टूर्नामेंट में तीसरी बार होगा जब दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी। इससे पहले भारत ने एशिया कप के ग्रुप चरण और सुपर चार चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी टीम को मात दी थी और अब उसकी नजरें पाकिस्तान के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होंगी। भारत के लिए ऐसा कर पाना आसान नहीं होगा क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ खिताबी मुकाबले में टीम का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है।



### एशिया कप के फाइनल में पहली बार होंगे आमने-सामने

पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराकर एशिया कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उसका सामना खिताबी मुकाबले में भारत से होगा। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। 2016 में पहली बार यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला गया। भारतीय टीम सबसे ज्यादा बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली टीम है। भारत ने अब तक आठ बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम की है। वहीं, पाकिस्तान ने सिर्फ दो बार खिताब अपने नाम किया, जबकि श्रीलंका ने छह बार एशिया कप की ट्रॉफी उठाई है। दिलचस्प बात यह है कि एशिया कप के 41 साल के इतिहास में कभी भी भारत-पाकिस्तान का फाइनल में आमना-सामना नहीं हुआ था।

पिछले दो मैच में भले ही भारतीय टीम पाकिस्तान पर भारी पड़ी हो, लेकिन उसे अतिआत्मविश्वास से बचना होगा जो उसके लिए घातक साबित हो सकता है। पाकिस्तान फाइनल में पहुंचने का दावेदार नहीं लग रहा था, लेकिन उसने वापसी करते हुए खिताबी मैच में प्रवेश किया।

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले के रिकॉर्ड को देखें तो भारत के लिए यह मैच आसान नहीं रहने वाला है। भारतीय टीम अजेय रहते हुए लगातार पांच मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है, लेकिन रविवार को एक भी भूल उसके लिए मुसीबत बन सकती है।

### विश्व चैंपियनशिप- 1985

भारत और पाकिस्तान के बीच 1985 में मेलबर्न में विश्व चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट का फाइनल मैच खेला गया था इसमें भारत ने 17 गेंदें शेष रहते हुए आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 176 रन बनाए, जबकि भारत ने कृष्णामचारी श्रीकांत और रवि शास्त्री के अर्धशतकों की मदद से 47.1 ओवर में जीत दर्ज कर ली।

**ऑस्ट्रल एशिया कप- 1986**

विश्व चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट के फाइनल के अगले ही साल भारत और पाकिस्तान की टीमें ऑस्ट्रल एशिया कप के खिताबी मैच में आमने-सामने आईं। इस रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ने अंतिम ओवर में जाकर एक विकेट से जीत दर्ज कर ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 245 रन बनाए, जबकि पाकिस्तान ने जावेद मियांदाद के चेतन शर्मा पर आखिरी गेंद पर लगाए छक्के की मदद से जीत हासिल की।

**विल्स ट्रॉफी- 1991**

विल्स ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 262 रन बनाए, लेकिन भारतीय टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और उसकी पारी 190 रन पर सिमट गई। उस मैच में पाकिस्तान के लिए आकिब जावेद ने 37 रन देकर सात विकेट लिए, जिस कारण पाकिस्तान की टीम भारत को हराने में सफल रही।

# मयंक अग्रवाल ने यॉकर्शायर के लिए खेली शतकीय पारी



**हेडिंग्ले।** भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (175) ने डरहम के खिलाफ यॉकर्शायर के लिए हेडिंग्ले में एक बेहतरीन शतक लगाया। इस शतक की मदद से उनकी टीम पहली पारी की बढ़त लेने की कगार पर है, ताकि वे रेलिगेशन से बचने की उम्मीद कर सके। यह यॉकर्शायर का इस काउंटी सीजन आखिरी मैच है। धूप भरे लीड्स के मैदान में यह बल्लेबाजों का दिन था, जहां दो खिलाड़ियों ने शतक लगाए।

पहले डरहम के ऑलराउंडर बेन रेन ने अपने पहले दिन के स्कोर नाबाद 87 रनों से आगे खेलना शुरू किया और 101 रन बनाए। यॉकर्शायर के लिए नई गेंद के गेंदबाज जैक व्हाइट ने 69 रन देकर 5 विकेट लिए। अग्रवाल ने अपनी 195 गेंदों की पारी में 20 चौके और 5 छक्के लगाए और सलामी बल्लेबाज एडम लिथ के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 127 रनों की साझेदारी की।

# केएल राहुल की धांसू 176 और सुदर्शन के शतक

**लखनऊ।** भारत ए ने लखनऊ में खेले गए दूसरे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया ए को 5 विकेट से मात दी। इस जीत के हीरो रहे टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल, जिन्होंने अपनी धैर्यपूर्ण और क्लासिक पारी से न केवल अपनी फिटनेस पर उठे सवालों का जवाब दिया, बल्कि टीम को मुश्किल लक्ष्य तक पहुंचाया। उनके साथ युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन ने भी करियर का यादगार शतक जड़ा और इस जीत को और खास बना दिया।



भारत ए को 412 रनों का विशाल लक्ष्य मिला था। तीसरे दिन चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट होने वाले राहुल शुक्रवार को पारी की शुरुआत करने उतरे और अंत तक डटे रहे। उन्होंने 216 गेंदों पर 16 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 176 रन ठोककर सभी को प्रभावित किया। यह पारी उनके जज़्बे और क्लासिक तकनीक की गवाही देती है।

राहुल का साथ देने वाले साई सुदर्शन ने दूसरे छोर पर जबरदस्त संयम दिखाया। उन्होंने 172 गेंदों में 9 चौकों और 1 छक्के की मदद से शानदार शतक (100 रन) पूरा किया। वहीं कप्तान ध्रुव जुरेल ने 66 गेंदों पर 56 रन बनाए और राहुल के साथ 115 रनों की अहम साझेदारी की। जुरेल की पारी ने टीम के रन रेट को तेज किया और दबाव कम किया।

**गेंदबाजों की मेहनत भी रही अहम**

इस जीत की नींव गेंदबाजों ने रखी थी। पहली पारी में मानव सुथार ने 5 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया ए को 420 रन तक सीमित किया। हालांकि भारतीय बल्लेबाज पहली पारी में केवल 194 पर ढेर हो गए और 226 रनों से पिछड़ गए। दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज ने शुरुआती झटके दिए और फिर गुरनूर बरार (3/42) और सुथार (3/50) ने मिलकर ऑस्ट्रेलिया ए को 185 पर रोक दिया।

# भारत को इन पाकिस्तानी खिलाड़ियों से रहना होगा सतर्क

**दुबई।** दुबई में रविवार, 28 सितंबर को होने वाले एशिया कप 2025 के फाइनल मुकाबले में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता का यह टकराव सिर्फ जुनून ही नहीं, बल्कि आंकड़ों का भी खेल होगा। पाकिस्तान की टीम इस टूर्नामेंट में कई खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन की वजह से यहां तक पहुंची है। भारतीय टीम को खिताब जीतना है तो इन खिलाड़ियों पर कड़ी नजर रखनी होगी। अफरीदी इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के टॉप विकेट लेने वाले रहे हैं। उन्होंने 9 विकेट अपने नाम किए हैं और उनकी स्ट्राइक रेट 188.63 रही है। बल्लेबाज़ी में भी अफरीदी ने चौंकाया है। वह 83.00 की औसत के साथ वे पाकिस्तान के सबसे भरोसेमंद ऑलराउंड प्रदर्शनकर्ताओं में रहे। भारत के बल्लेबाज़ों के लिए उनका शुरुआती स्पेल सबसे बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

फरहान ने 6 मैचों में 160 रन बनाए हैं, जिसमें 9 चौके और 8 छक्के शामिल हैं। उनकी स्ट्राइक रेट लगभग 107.38 रही है। पाकिस्तान की ओर से टॉप स्कोरर रहे और टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर हैं। भारत को इसे जल्दी ही पवेलियन भेजना होगा। नवाज ने 6 इनिंग्स में 107 रन बनाए। उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में टीम को संभाला और स्ट्राइक रोटेट कर रन जोड़ते रहे। भारत को नवाज़ को सेट होने से रोकना होगा, वरना वे लंबा खेल सकते हैं। रऊफ ने इस टूर्नामेंट में 3 विकेट चटकाए हैं। हालांकि वे सबसे बड़े विकेट टेकर नहीं रहे, लेकिन उनकी तेज़ रफ्तार भारत के बल्लेबाज़ों को परेशान कर सकती है।

# Asia Cup जीतने वाली टीम को कितना पैसा मिलेगा?

## फाइनल हारने वाली टीम को कितनी रकम मिलेगी? जानें प्राइज मनी

| | | |
|---|---|---|
| विजेता | - | 2.6 करोड़ |
| उपविजेता | - | 1.3 करोड़ |
| प्लेयर ऑफ द सीरीज | - | 12.5 लाख |




**नई दिल्ली।** 9 सितंबर से शुरू हुआ एशिया कप अब अपने अंतिम चरण में आ गया है. 28 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल (Asia Cup Final) खेला जाएगा. एक तरफ भारत-पाक मैच, फैंस के भीतर रोमांच भर रहा होगा, दूसरी ओर इस बार की प्राइज मनी भी होश उड़ा देने वाली है. यहां जानिए एशिया कप 2025 के विजेता को कितनी प्राइज मनी (Asia Cup 2025 Prize Money) मिलने वाली है. रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार एशिया कप के प्राइज पूल में तगड़ा इजाफा हुआ है. भारत बनाम पाकिस्तान फाइनल मैच के विजेता को चैंपियन बनने पर करीब 2.6 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलेगी. दूसरी ओर उपविजेता को करीब 1.30 करोड़ रुपये मिलेंगे. हालांकि एशियाई क्रिकेट काउंसिल ने इसकी पुष्टि नहीं की है. अगर ऐसा होता है तो पिछली बार की तुलना में यह रकम लगभग दोगुनी होगी. 2023 एशिया कप जीतने पर टीम इंडिया को करीब 1.25 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली थी. इसके अलावा प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने वाले खिलाड़ी को 12.5 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा. फिलहाल अभिषेक शर्मा और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द सीरीज की दौड़ में सबसे आगे खड़े दिख रहे हैं. एशिया कप का आगाज 1984 में हुआ था, जिसके बाद 41 सालों में कभी भी भारत बनाम पाकिस्तान एशिया कप फाइनल नहीं खेला गया है. यह पहली बार होगा जब भारत और पाकिस्तान एशिया कप फाइनल में आमने-सामने होंगे. भारतीय टीम के एशिया कप के सफर पर नजर डालें तो उसने सबसे पहले यूएई को 9 विकेट से रौंदा था. उसके बाद पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था. ग्रुप स्टेज के अंतिम मैच में टीम इंडिया ने ओमान को 21 रनों से हराया. दूसरी ओर भारतीय टीम सुपर-4 राउंड में पाकिस्तान को 6 विकेट और बांग्लादेश को 41 रनों से हराया था.

# फाइनल में पहुंचकर पाकिस्तान के कप्तान ने भरी हुंकार

## हम भारत को भी हरा सकते हैं

**दुबई।** दुबई में खेले गए एशिया कप 2025 सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रनों से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। इस जीत के बाद अब 28 सितंबर को क्रिकेट प्रेमियों को बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान फाइनल देखने को मिलेगा। एशिया कप के 41 साल के इतिहास में यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें खिताबी भिड़ंत में आमने-सामने होंगी।पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 135/8 का स्कोर बनाया। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 124/9 तक ही पहुँच सकी। इस रोमांचक जीत के बाद कप्तान सलमान अली आगा ने कहा, 'ऐसे मैच जीतना दिखाता है कि हमारी टीम कितनी मजबूत है। बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है, लेकिन हम उस पर काम करेंगे। हमें भरोसा है कि हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं, भारत को भी।' इस मैच में सबसे बड़ा आकर्षण रहे शाहीन शाह अफरीदी।



उन्होंने पहले बल्ले से सिर्फ 13 गेंदों पर 19 रन की उपयोगी पारी खेली और फिर गेंदबाजी में कहर बरपाते हुए 3 विकेट झटके। अफरीदी ने कहा, 'जब लक्ष्य छोटा हो, तो शुरुआती विकेट बेहद ज़रूरी होते हैं। हमने वही प्लान बनाया और पावरप्ले में दबाव बनाकर मैच को अपने हक में मोड़ा।'

# चाइना ओपन में कोको गॉफ की विजयी शुरुआत

## रूस की राखिमोवा को सीधे सेटों में हराया



**बीजिंग (चीनी)।** अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शुक्रवार को रूस की कामिला राखिमोवा को सीधे सेटों में हराकर चाइना ओपन में अपने खिताब के बचाव के अभियान की शुरुआत की। आज यहां खेले गये मुकाबले में गॉफ ने राखिमोवा को 6-4, 6-0 से हराया। 21 वर्षीय अमेरिकी टेनिस स्टार के लिए पहले सेट में युवा खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, क्योंकि उन्हें चार ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट की शुरुआत में कुछ और ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, उन्होंने पहले दौर का मुकाबला मात्र 44 मिनट में जीत लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा, 'मुझे उम्मीद थी कि मुकाबला कांटे का होगा। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों में उन्होंने शीर्ष खिलाड़ियों के साथ कड़ी टक्कर दी है। मैंने अपनी लय पकड़ ली और लय में आ गई।

# 'गन सेलिब्रेशन' करने वाले साहिबजादा की 'ओछी हरकत'

**नई दिल्ली।** 21 सितंबर की बात है, जब सुपर-4 राउंड के मैच में पाकिस्तान साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ अर्धशतक पूरा करने के बाद गन सेलिब्रेशन (Sahibzada Farhan News) किया था. फरहान के साथ-साथ BCCI ने हारिस रऊफ के भड़काऊ इशारे की भी ICC में शिकायत दर्ज की थी. हाल ही में जब फरहान आईसीसी की सुनवाई में पहुंचे तो उन्होंने अपने बचाव में एमएस धोनी और विराट कोहली का नाम लिया है.

इंडिया टुडे के मुताबिक साहिबजादा फरहान ने अपने बचाव में पहले के उदाहरण सामने पेश किए और कहा कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और विराट कोहली भी पहले सेलिब्रेशन के समय गन-जेस्चर का इस्तेमाल कर चुके हैं. फरहान ने आगे कहा कि वो एक पठान हैं और इस तरह का इशारा करना उनकी संस्कृति का हिस्सा है और आमतौर पर खुशी के मौकों पर उनके यहां ऐसा होता रहता है.

साहिबजादा फरहान ने गन सेलिब्रेशन भारत के खिलाफ सुपर-4 मैच में अर्धशतक पूरा करने के बाद किया था. इसको लेकर उनकी जमकर आलोचना भी हुई थी. दूसरी ओर उसी मैच में डबल्यूके विकेट लेने के समय हारिस रऊफ ने भी 6-0 का इशारा किया था. चूंकि इसी साल




पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे, उस वजह से साहिबजादा और हारिस के इशारों को बहुत ज्यादा संवेदनशील माना गया था. रऊफ ने साथ ही फाइटर जेट को गिराए जाने का भी इशारा किया था.

**हारिस रऊफ ने खुद को निर्दोष बताया**

दूसरी ओर हारिस रऊफ ने सुनवाई में खुद को निर्दोष बताया. उन्होंने कहा कि '6-0' का इशारा किसी भी संदर्भ में भारत से नहीं जुड़ा था. सुनवाई के दौरान ICC अधिकारियों ने भी माना कि '6-0' वाले इशारे का कोई ठोस अर्थ नहीं निकाला जा सकता. वहीं हारिस रऊफ ने भी कहा कि इस इशारे का भारत से कोई लेना देना ही नहीं है.

ये भी संभावनाएं बनी हुई हैं कि हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान को मैच फीस का 50 प्रतिशत या 100 प्रतिशत जुर्माना भुगतना पड़ सकता है.

# वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लगा जोरदार झटका

**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 अक्टूबर से दो मैचों की सीरीज शुरू होगी। दोनों टीमों के बीच सीरीज का पहला टेस्ट अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ सीरीज से पहले जोरदार झटका लगा है। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोटिल होने के कारण आगामी सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये इसकी जानकारी दी। यह जानकारी नहीं मिली है कि शमार को चोट क्या लगी है।

**ऑलराउंडर ने ली जोसेफ की जगह**

बता दें कि शमार जोसेफ की जगह 22 साल के जोहान लाइने को वेस्टइंडीज टीम में शामिल किया गया है। बारबाडोस के ऑलराउंडर ने अब तक अपने करियर में 19 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 32 पारियों में 495 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।



जोहान लाइने की अपनी गेंदबाजी से ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने फर्स्ट क्लास करियर में 22.28 की औसत से कुल 66 विकेट चटकाए। वो चार बार एक पारी में पांच विकेट ले चके हैं।

**कब होगी जोसेफ की वापसी**

संभावना जताई जा रही है कि शमार जोसेफ की वापसी जल्द ही होगी। वो बांग्लादेश के खिलाफ सफेद गेंद सीरीज तक फिट हो जाएंगे। वेस्टइंडीज की टीम 18 अक्टूबर से बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेलेगी।

### वेस्टइंडीज का अपडेट स्क्वाड:

रोस्टन चेस (कप्तान), जोमेल वॉरिकन, केवलन एंडरसन, एलिक एथांजे, जॉन कैंबल, तेजनारायण चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, तेविन इमलाक, अल्जारी जोसेफ, जोहान लाइने, ब्रेंडन किंग, एंडरसन फिलिप, खारी पियरे और जायडेन सील्स।

### भारत-वेस्टइंडीज कार्यक्रम

बता दें कि भारतीय दौरे पर वेस्टइंडीज की टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेगी। पहला टेस्ट 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर दूसरे टेस्ट में भिड़ेंगी।

# शाहीन अफरीदी का ऑलराउंड शो

## कहा- यह अवॉर्ड मेरी खूबसूरत पत्नी और बेटे के नाम है

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के सुपर-4 में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई, और इस जीत के सबसे बड़े हीरो रहे तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी। गेंद और बल्ले से धमाल मचाने वाले शाहीन ने मैच के बाद अपना "प्लेयर ऑफ द मैच" अवॉर्ड पत्नी और बेटे को समर्पित कर एक भावुक पल रचा। पहले बल्लेबाज़ी में संघर्ष कर रहे पाकिस्तान को शाहीन ने राहत दी। उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों में 19 अहम रन ठोकते हुए टीम को 135/8 तक पहुंचाया। इसके बाद गेंदबाज़ी में कमाल करते हुए 4 ओवर में महज़ 17 रन देकर 3 विकेट झटके। शुरुआती दो गेंदों पर दो विकेट और फिर 17वें ओवर में शमीम हुसैन को आउट करके मैच पाकिस्तान की झोली में डाल दिया।







मैच के बाद जब उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया तो शाहीन ने इसे अपनी पत्नी और बेटे को समर्पित करते हुए कहा, "यह अवॉर्ड मेरी खूबसूरत पत्नी और बेटे के नाम है। छोटे स्कोर में शुरुआती विकेट बेहद जरूरी थे और हमने इसकी योजना बनाई थी।" ब्रॉडकास्टर ने जब उनसे शमीम हुसैन के विकेट पर सवाल किया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि वह स्लोअर गेंद पर लंबे समय से काम कर रहे थे और सही समय पर इसका फायदा उठा पाए। पाकिस्तान अब 28 सितंबर को भारत से फाइनल खेलेगा। हालांकि, ग्रुप स्टेज में मिली दो हार की कड़वी यादें अभी भी ताज़ा हैं।

# गैरी स्टीड की न्यूजीलैंड क्रिकेट में वापसी, अब निभाएंगे ये बड़ी भूमिका

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड न्यूजीलैंड क्रिकेट से फिर जुड़ गए हैं और अब वह हाई परफार्मेंस निदेशक होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को बताया कि स्टीड खिलाड़ियों और कोचों के विकास के साथ हाई परफार्मेंस कार्यक्रमों के प्रभारी होंगे। इससे पहले जून में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह 2018 से 2025 तक टीम के कोच थे। इस दौरान न्यूजीलैंड टीम 2019 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल तक पहुंची। न्यूजीलैंड ने 2019-21 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत को हराया। स्टीड ने कहा, 'न्यूजीलैंड क्रिकेट पिछले तीस साल से मेरे दिल के काफी करीब है और खेल से जुड़े रहकर बहुत अच्छा लग रहा है।' उनकी यह भूमिका पूर्णकालिक नहीं है जिससे वह न्यूजीलैंड क्रिकेट के बाहर भी काम कर सकते हैं। उन्हें 2025-26 रणजी सत्र के लिये आंध्र टीम का मुख्य कोच बनाया गया है।

# शोएब अख्तर ने Asia Cup Final से पहले पाकिस्तान टीम को दिया जीत का फॉर्मूला

**दुबई।** एशिया कप 2025 का महामुकाबला तय हो चुका है। भारत और पाकिस्तान तीसरी बार आमने-सामने होंगे, लेकिन इस बार दांव कहीं ज्यादा बड़ा है ट्रॉफी का। भारत दोनों पिछली भिड़ंत में बाज़ी मार चुका है, जबकि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर शानदार अंदाज़ में फाइनल का टिकट कटाया। ऐसे माहौल में पाकिस्तान के दिग्गज तेज़ गेंदबाज शोएब अख्तर ने अपनी टीम को खास सलाह दी है।

रावलपिंडी एक्सप्रेस शोएब अख्तर ने 'गेम ऑन है' शो में कहा कि पाकिस्तान को मानसिकता बदलनी होगी। अख्तर का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा पाकिस्तानी टीम पर असर डालता है और इसे तोड़ना ही सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, 'इस मानसिकता से बाहर निकलो, उनके आभामंडल को किनारे रखो। बस उनके आभामंडल को तोड़ दो। वही रवैया अपनाओ जो बांग्लादेश के खिलाफ दिखाया था। तुम्हें 20 ओवर बस निकालने नहीं हैं, तुम्हें विकेट लेने हैं।' रणनीति के तौर पर अख्तर ने साफ कहा कि पाकिस्तान को भारत के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा पर फोकस करना होगा। अख्तर के मुताबिक अभिषेक को जल्दी आउट कर दिया गया तो भारत दबाव में आ जाएगा और पाकिस्तानी गेंदबाजों के लिए मौके खुलेंगे। उन्होंने कहा, 'मेरी बात याद रखना, अगर अभिषेक शर्मा पहले दो ओवरों में आउट हो गए तो भारत मुश्किल में पड़ जाएगा। उन्हें शुरुआती बढ़त वही देता है। हां, वह गलत टाइमिंग करेंगे, बस आपको पूरा दम लगाना होगा।' गंभीर के अनुभव साझा करते हुए अख्तर ने कहा, 'मैं गौतम गंभीर को जानता हूं। वह अपनी टीम से हमेशा कहते हैं, पाकिस्तान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ दो।





# कर्नाटक की ये एक्ट्रेस है अरबों की दौलत की मालकिन

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के स्टार्स अपनी एक्टिंग के साथ तमाम शो और विज्ञापन करते हैं और काफी पैसा कमाते हैं. इन सितारों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति होती है और वह लग्जरी लाइफ जीते हैं. ये स्टार्स अपनी सुरक्ष का विशेष ध्यान रखते हैं और बॉडीगार्ड को मोटी रकम देकर अपने साथ रखते हैं. आज हम आपको कर्नाटक की एक एक्ट्रेस के बारे में बताएंगे जो अरबों रुपये की संपत्ति की मालकिन है.

**ऐश्वर्या राय का मंगलुरु में हुआ जन्म:** कर्नाटक के मंगलुरु में साल 1973 में पैदा हुईं ऐश्वर्या राय आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं. ऐश्वर्या राय ने अपनी एक्टिंग और खूबसूरती के दम पर पूरी दुनिया को दीवाना बनाया हुआ है.

**ऐश्वर्या राय ने साल 1994 में जीता मिस वर्ल्ड का ताज:** ऐश्वर्या राय ने साल 1994 में मिस वर्ल्ड का ताज अपने सिर पर सजाया था. ऐश्वर्या राय ने ये बड़ा खिताब जीतने के बाद साल 1997 में साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'इरुवर' से डेब्यू किया था.

**ऐश्वर्या राय ने इस फिल्म से की बॉलीवुड में शुरुआत:** ऐश्वर्या राय ने साल 1997 में बॉलीवुड में डेब्यू किया था. ऐश्वर्या राय फिल्म 'और प्यार हो गया' में नजर आई थीं और इसमें उनके साथ बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल ने काम किया था.

**ऐश्वर्या राय बनीं भारत की दूसरी अमीर एक्ट्रेस:**
ऐश्वर्या राय ने फिल्मों में एक्टिंग से और तमाम विज्ञापन में काम करके मोटी कमाई की है. हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, ऐश्वर्या राय भारत की दूसरी सबसे अमीर एक्ट्रेस बन गई हैं.

**ऐश्वर्या राय की नेटवर्थ :**
ऐश्वर्या राय को लेकर रिपोर्ट में बताया गया है कि वह 900 करोड़ रुपये की मालकिन हैं. इसमें बताया है कि ऐश्वर्या राय एक फिल्म के लिए 10 करोड़ रुपये और ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए 6-7 करोड़ रुपये लेती हैं.

# खूबसूरती में मां पूनम ढिल्लों से भी आगे है उनकी बेटी पालोमा

अपनी मां पूनम ढिल्लों की तरह पालोमा भी अपनी खूबसूरती का जादू बिखेर रही हैं. पालोमा बॉलीवुड डेब्यू भी कर चुकी हैं. चलिए आज उनके बारे में सबकुछ जानते हैं.

**मॉडलिंग और एक्टिंग का भी है शौक :** एक्ट्रेस पूनम ढिल्लों की बेटी पालोमा अब 30 साल की हो चुकी हैं. उनका जन्म मुंबई में साल 1995 में हुआ था. एक्टिंग के साथ ही पालोमा को डांस और मॉडलिंग का शौक है.

**2023 में किया बॉलीवुड डेब्यू :** पालोमा अपना बॉलीवुड डेब्यू भी कर चुकी हैं. साल 2023 में आई फिल्म 'दोनों' में पालोमा ने लीड रोल निभाया था. इस फिल में वो सनी देओल के बेटे राजवीर के साथ नाजर आई थीं. उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी.

**सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं पालोमा :** पालोमा बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए खूब मेहनत कर रही है. सोशल मीडिया पर वो काफी पॉपुलर हैं. अपने सोशल अकाउंट पर पालोमा अक्सर अपनी खूबसूरत फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं. इंस्टाग्राम पर पालोमा काफी एक्टिव रहती हैं. यहां उनके 83 .6K फॉलोवर्स हैं. हालांकि वो लाइमलाइट से दूर रहना ही पसंद करती हैं. इंस्टाग्राम पर आपको उनकी कई ग्लैमरस फोटोज मिल जाएंगी. अपनी मां को तरह ही पालोमा भी काफी खूबसूरत और शानदार हैं. अपनी अदाओं से अक्सर फैंस के होश उड़ देती हैं. उनका फैशन स्टाइल भी लोगों को काफी पसंद आता है.





# 'कांतारा चैप्टर 1'


## की शूटिंग में ऋषभ शेट्टी ने निभाई अनोखी तपस्या

साउथ सुपरस्टार और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' अब बस रिलीज होने ही वाली है. इस फिल्म का ट्रेलर आते ही सोशल मीडिया पर धमाल मचा चुका है. जबरदस्त विज़ुअल्स और बैकग्राउंड म्यूजिक ने दर्शकों की एक्साइटमेंट को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है. फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है, और हर किसी की नजरें इसी पर टिकी हुई हैं.

### नंगे पैर और बिना नॉनवेज की शूटिंग

फिल्म के लॉन्च इवेंट पर ऋषभ शेट्टी ने शूटिंग से जुड़ा एक ऐसा खुलासा किया है, जिसे सुनने के बाद आप भी हैरान रह जाएंगे. दरअसल, फिल्म की शूट के दौरान जब डिवाइन पार्ट शूट हो रहा था, उस वक्त ऋषभ ने नॉनवेज से पूरी तरह से दूरी बना ली थी, इतना ही नहीं उन्होंने उस पूरे शूट के दौरान चप्पल भी नहीं पहनी थी, यानी जब तक दैवीय हिस्से की शूटिंग चली ऋषिभ ने इन दो चीजों से डिस्टेंस मेनटेन कर लीथी. ऋषभ का मानना है कि, 'ईश्वर में मेरी गहरी आस्था है, इसलिए शूटिंग के दौरान खुद को पूरी तरह अनुशासन में रखना जरूरी है. ये मेरी श्रद्धा थी, और मुझे उम्मीद है, कि लोग मेरी भावनाओं का सम्मान करेंगे.'





# 48 की उम्र में भी कहर ढाती हैं मल्लिका शेरावत

## फिट और हेल्दी रहने के लिए रोज करती हैं ये काम

48 साल की हो चली बॉलिवुड की हसीन अदाकारा मल्लिका शेरावत आज भी अपनी कातिल अदाओं से लोगों को दीवाना बना लेती हैं. उन्हें देखकर कोई उनकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा पाएगा. मल्लिक काफी फिर और ग्लैमरस लगती हैं. आज हम आपको उनकी फिटनेस का राज बता रहे हैं. एक ऐसे योग के बारे में जिसका अभ्यास एक्ट्रेस रोज करती हैं.

### करती हैं रोजाना इस योग का अभ्यास

बॉलीवुड में अपनी फिल्मों से सबको दीवाना बनाने वाली मल्लिका अपनी डाइट और स्वास्थ का खास ख्याल रखती हैं. वो रोजाना 'आयंगर' योग करती है. रोजाना इसके अभ्यास से एक्ट्रेस खुद को फिट बनाए रखती हैं.

### मेडिटेशन है बहुत जरूरी

एक्ट्रेस अक्सर अपने सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ शेयर करती रहती हैं. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर बताया कि उनके फिट रहने का राज किसी भी फास्ट फूड या ट्रेंडी डाइट में नहीं है. वो नियमित रूप से योग और मेडिटेशन फॉलो करती हैं.

### बहुत ही फायदेमंद है योग

रोजाना 'आयंगर' योग ही उनके शरीर को स्वस्थ, लचीला और टोंड बनाए रखता है. एक्ट्रेस रोजाना इसका अभ्यास करती हैं. मल्लिका के अनुसार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बहुत जरूरी है. एक्ट्रेस का मानना है कि रोजाना योग और मेडिटेशन के अभ्यास से मन शांत और दिमाग तेज होता है. इस दौड़ती, भागती जिंदगी खुद के लिए समय निकालना बहुत जरूरी है.

### सुंदरता को लेकर एक्ट्रेस ने कही ये बात

एक्ट्रेस का मानना है कि फिटनेस का मतलब केवल सुंदर दिखना नहीं, बल्कि हेल्थ और लाइफस्टाइल ने बैलेंस बनाए रखना है. मल्लिका रोजाना नियम से योग का अभ्यास करती हैं.

### इस तरह 48 की उम्र में भी बेहद फिट हैं मल्लिका शेरावत

स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग बहुत ही मददगार है. इसका रोजाना अभ्यास करके आप भी स्वस्थ जीवन बीता सकते हैं. नियमित रूप से योग और प्रॉपर डाइट ही मल्लिका की फिटनेस का असली मन्त्र है.

# शिल्पा को राज कुंद्रा से नहीं मिले 15 करोड़? HC पहुंचीं एक्ट्रेस

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा कई दिनों से 60 करोड़ की धोखाधड़ी को लेकर सुर्खियों में हैं. वहीं खबर यह भी आई थी कि धोखाधड़ी के 60 करोड़ रूपयों में से राज कुंद्रा ने 15 करोड़ रूपये शिल्पा शेट्टी के अकाउंट में डाले थे, जिसे एक्ट्रेस ने बिल्कुल निराधार बताया है. शिल्पा ने इस खबर को खुद के खिलाफ 'अपमानजनक मिशन' बताया है. वहीं इस मामले में एक्ट्रेस ने अब अदालत का रुख किया है. इस पूरे मामले को लेकर अब एक्ट्रेस हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगी.



एक्ट्रेस वकीलों ने उन खबरों को निराधार और बिल्कुल गलत बताया, जिनमें कहा गया है कि उन्हें अपने पति और कारोबारी राज कुंद्रा से एक दशक पहले एक लेन-देन में कथित तौर पर 15 करोड़ रूपये मिले थे. हालांकि इस मामले में अभी जांच जारी है. वहीं एक तरफ राज कुंद्रा पर 60 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में जांच चल रही है. 15 करोड़ के मामले को लेकर शिल्पा की टीम ने इन खबरों को पूरी तरह से फर्जी और शरारतपूर्ण बताया है.

### एक्शन में शिल्पा शेट्टी

इस पूरे मामले को लेकर शिल्पा के वकीलों ने कहा कि, 'वह वे उन मीडिया हाउस के खिलाफ केस दायर करने को मजबूर हैं, जिन्होंने ये फर्जी खबरें प्रसारित की हैं. इसी बयान में आगे लिखा है, "हम शरारत की जड़ तक जाएंगे और मेरी मुवक्किल को बदनाम करने के लिए शरारतपूर्ण तरीके से प्रसारित किए गए सभी समाचार पत्रों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही और दीवानी हर्जाना दायर करने के लिए कानूनी प्रक्रिया अपनाएंगे. मेरी पक्षकार, श्रीमती शिल्पा शेट्टी कुंद्रा को ऐसी कोई राशि कभी नहीं मिली, और इस समय, हम और कुछ नहीं बता सकते क्योंकि मामला अदालत में विचाराधीन है.'

### एक्ट्रेस ने किया हाई कोर्ट का रुख

वहीं आगे जारी किए गए नोट में ऐसे कृत्य को एक्ट्रेस के खिलाफ एक अपमानजनक मिशन बताया. आगे लिखा गया, 'हालांकि, अपमानजनक आरोपों और इसे प्रसारित करने के खिलाफ कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन करते हुए सख्ती से निपटा जाएगा, क्योंकि ये मेरे मुवक्किल के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं. शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के खिलाफ कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा चलाए गए अपमानजनक मिशन के खिलाफ राहत पाने के लिए माननीय बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख कर रहे हैं.

# करीना की इस फिल्म का आ रहा है सीक्वल

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर जल्द ही अपने फिल्म के सीक्वल में नजर आ सकती हैं. खबर है कि साल 2024 में आई करीना कपूर की हिट फिल्म 'क्रू' का सीक्वल आने वाला है. इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में करीना कपूर के अलावा कृति सेनन, तब्बू, कॉमेडियन कपिल शर्मा, और पंजाबी एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ शामिल थे. खबर है कि अब इस फिल्म का सीक्वल तैयार किया जा रहा है. रिया कपूर और एकता कपूर इस फिल्म का सीक्वल प्लान कर रहे हैं. माना जा रहा है कि एक्ट्रेस करीना कपूर भी इस फिल्म का हिस्सा होंगी.

पिंकविला के मुताबिक करीना कपूर की हिट फिल्म 'क्रू' के सीक्वल पर काम हो रहा है. मेकर्स की टीम ने कई आइडियाज पर सोच विचार किया है, जिससे इसके सीक्वल की संभावना है. माना जा रहा है कि 'क्रू 2' से करीना कपूर भी अपनी वापसी करेंगी. हालांकि कास्ट को लेकर अभी कोई आधिकारिक खबर नहीं है. करीना कपूर 'क्रू 2' का हिस्सा हो सकती हैं. जानकारी है कि जल्द ही वो इस फिल्म को साइन कर सकती हैं. फिलहार फिल्म शुरुआती दौर में हैं. लेकिन इस खबर के बाद फैंस काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. माना जा रहा है कि करीना कपूर एक बार फिर अपनी इस फिल्म से वापसी करेंगी. हालांकि अभी इस फिल्म को लेकर कोई खास जानकारी सामने नहीं आई है.



# इस फिल्म में एक साथ डांडिया खेलते नजर आए अमिताभ बच्चन और रेखा

बॉलीवुड की दुनिया में कुछ जोड़ियां ऐसी होती हैं, जिनका क्रेज फैंस में कभी खत्म नहीं होता है. इन्हीं में से एक हैं सुपरस्टार अमिताभ बच्चन और रेखा की जोड़ी. इनकी रोमांटिक केमिस्ट्री को आज भी दर्शक याद करते हैं. दोनों ने एक साथ कई फिल्में की हैं, जिसे लोग आज भी बहुत पसंद करते हैं. इस समय नवरात्री का समय चल रहा है और लोगों में डांडिया का भी क्रेज है. इसी बीच अमिताभ बच्चन और रेखा का एक गाना खूब वायरल हो रहा है. ऐसा ही एक गाना है, जिसपर अमिताभ बच्चन और रेखा ने जमकर डांडिया किया था. दोनों ने किसी रोमांटिक गाने पर नहीं, बल्कि भक्ति से भरे गाने पर डांडिया किया था. उनका ये अंदाज हजारों दिलों को जीत रहा है.



## रोमांटिक नहीं बल्कि भक्ती से लबरेज है सॉन्ग

### 'ओ शेरावाली' गाने में छाया भक्ति का रंग

हम जिस गाने की बात कर रहे हैं, उसका नाम 'ओ शेरावाली' है. यह गाना नवरात्रि के त्योहार पर फिल्माया गया है, जिसमें अमिताभ बच्चन और रेखा दोनों ट्रेडिशनल डांडिया ड्रेस में दिख रहे हैं. गाने में इन दोनों को एक साथ डांडिया खेलते और मां दुर्गा की भक्ति में लीन होते नजर आ रहें हैं. यह गाना रोमांस से बिल्कुल अलग है, बल्कि इसमें पूरी तरह से भक्ति भाव भरा हुआ है. गाने का सेट भी बेहद शानदार है, जिसमें हजारों लोग मां दुर्गा की भक्ति में डूबे हुए हैं. अमिताभ बच्चन और रेखा की केमिस्ट्री यहां प्यार से ज्यादा आस्था और भक्ति की है, जो इस गाने को और भी खास बनाती है.

### भक्ति से लबरेज है सॉन्ग

आपको बता दें कि जब भी अमिताभ बच्चन और रेखा का नाम आता है, तो उनके पुराने रोमांटिक गाने याद आते हैं. लेकिन 'ओ शेरावाली' गाना में दोनों को अंदाज लोगों का दिल जीत रहा है. यह गाना सुहाग फिल्म का है, यह फिल्म साल 1979 में रिलीज हुई थी. इस गाने को आशा भोसले और मो. रफी ने गाया है. यह गाना आशा भोसले के बेहतरीन गानों में एक है. यह गाना अब नवरात्रि के दौरान काफी लोकप्रिय हो गया है. ऐसी ही एंटरटेनमेंट खबरों को जानने के लिए पढ़ते रहिए बॉलीवुडलाइफ हिंदी.

# टॉम क्रूज के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं अमीषा



### बोलीं- मेरे कमरे में होता था उनका पोस्टर

अमीषा पटेल ने साल 2000 में ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'कहो न प्यार है' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। अपनी पहली पहली ही फिल्म से अमीषा इंडस्ट्री की नई सनसनी बन गई थीं। उनकी खूबसूरती की काफी चर्चा थी। अब अमीषा 50 साल की हो चुकी हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। अब अमीषा ने अपने क्रश के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज पर जबरदस्त क्रश है। एक्ट्रेस ने यहां तक कहा कि वो उनके साथ कुछ भी करने को तैयार हैं।

### टॉम क्रूज के साथ वन नाइट स्टैंड तक कर सकती हूं

यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अमीषा पटेल ने अपने सेलिब्रिटी क्रश को लेकर बात की। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे टॉम क्रूज पर क्रश है। अगर आप उनके साथ कोई पॉडकास्ट कर सकते हैं, तो प्लीज मुझे भी उस पॉडकास्ट में बुलाएं। मुझे बचपन से ही टॉम क्रूज पसंद हैं। मेरे पेंसिल बॉक्स में, मेरी फाइलों में उनकी तस्वीर लगी रहती थी और मेरे कमरे में सिर्फ टॉम क्रूज के ही पोस्टर होते थे। वो हमेशा से मेरा क्रश रहे हैं। मैं हमेशा मजाक में कहती हूं कि वो इकलौते ऐसे इंसान हैं जिनके लिए मैं अपने उसूलों को ताक पर रख सकती हूं।